वर्ष-31, अंक- 354, पृष्ठ-12 | कार्तिक कृष्ण पक्ष 07, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
सोमवार
13 अक्टूबर 2025

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### बीजापुर में तीन इनामी समेत आठ माओवादी हुए गिरफ्तार

**बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों को रविवार को बड़ी सफलता मिली। थाना बासागुड़ा क्षेत्र में डीआरजी, थाना बासागुड़ा और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 168वीं वाहिनी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 3 लाख रुपए के इनामी तीन माओवादियों समेत कुल 8 सक्रिय माओवादियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए माओवादियों के कब्जे से टिफिन बम, डेटोनेटर सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और प्रतिबंधित माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री भी बरामद की गई है। गिरफ्तार किए गए माओवादियों में से 3 पर पुलिस ने इनाम घोषित कर रखा था। इनमें नेंड्रा आरपीसी (रिजनल पीपुल कमेटी) सीएनएम (क्रांतिकारी जन कमेटी) अध्यक्ष कोसा सोड़ी, कमलापुर आरपीसी सीएनएम सदस्य जय सिंह माड़वी और कमलापुर आरपीसी सीएनएम सदस्य मड़कम अंदा शामिल हैं। गिरफ्तार अन्य माओवादियों की पहचान कमलापुर आरपीसी मिलिशिया सदस्य सोड़ी हिड़मा, कमलापुर आरपीसी भूमकाल मिलिशिया सदस्य मुचाकी बुधरा उर्फ भद्रा, कमलापुर आरपीसी मिलिशिया सदस्य माड़वी राजू, कमलापुर आरपीसी मिलिशिया सदस्य माड़वी हिड़मा और कमलापुर आरपीसी आर्थिक शाखा सदस्य देवा माड़वी के रूप में हुई है।

## भारतीय महिला टीम की स्मृति मंधाना ने वनडे क्रिकेट में रचा इतिहास

# कैलेंडर ईयर में 1000 रन बनाने वाली पहली महिला बनीं

- मंधाना ने महिला विश्व कप-2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हुए किया कारनामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने इतिहास रच दिया है। वनडे फॉर्मेट में मंधाना एक कैलेंडर ईयर में 1,000 रन बनाने वाली पहली महिला बन गई हैं। स्मृति मंधाना ने यह कारनामा महिला विश्व कप-2025 के 13वें मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हुए किया। उन्होंने वर्ष 2025 में अब तक कुल 18 मैच खेले हैं। इस सूची में ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क दूसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने वर्ष 1997 में 16 मुकाबलों की 14 पारियों में 80.83 की औसत के साथ 970 रन जुटाए थे। इंग्लैंड की लौरा वोल्वार्ड्ट वर्ष 2022 में 18 वनडे मुकाबलों के दौरान 882 रन अपने नाम कर चुकी हैं। यह खिलाड़ी लिस्ट में तीसरे पायदान पर मौजूद हैं। वर्ष 1997 में 16 वनडे मुकाबले खेलकर 62.85 की औसत के साथ 880 रन जुटाने वालीं डेबोरा हॉकले लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। वहीं, वर्ष 2016 में 15 मुकाबलों की 14 पारियों में 85.30 की औसत के साथ 852 रन बनाने वाली एमी सैटरथवेट पांचवें पायदान पर मौजूद हैं। स्मृति मंधाना ने इस वर्ष आयरलैंड, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल चार शतक लगाए हैं। वह इस विश्व कप में 8, 23 और 23 रन की पारी खेल चुकी हैं।




**वनडे में एक कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक रन बनाने वाली टॉप 5 महिला क्रिकेट खिलाड़ी**

| खिलाड़ी | देश | रन | वर्ष |
|---|---|---|---|
| स्मृति मंधाना | भारत | 1000 | 2025 |
| बेलिंडा क्लार्क | ऑस्ट्रेलिया | 970 | 1997 |
| लौरा वोल्वाड्र्ट | इंग्लैंड | 882 | 2022 |
| डेबोरा हॉकले | न्यूज़ीलैंड | 880 | 1997 |
| एमी सैटरथवेट | न्यूज़ीलैंड | 852 | 2016 |

## भुवनेश्वर में चल रही 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# लातेहार के अनित उरांव ने 80 मीटर हर्डल्स में हासिल किया दूसरा स्थान

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** भुवनेश्वर के प्रसिद्ध कलिंगा स्टेडियम में 10 से 14 अक्टूबर 2025 तक आयोजित 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड के लातेहार जिले का नाम रोशन करते हुए युवा एथलीट अनित उरांव ने 80 मीटर हर्डल्स स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 10.37 सेकेंड का उत्कृष्ट समय निकालते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अनित उरांव ने झारखंड राज्य की ओर से प्रतियोगिता में भाग लिया था। उनके इस प्रदर्शन ने न केवल लातेहार जिले का बल्कि पूरे झारखंड का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभावान एथलीटों ने भाग लिया, जिनमें अनित का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा। उनकी इस उपलब्धि पर लातेहार जिला एथलेटिक्स संघ की ओर से जोरदार हर्ष व्यक्त किया गया। संघ के अध्यक्ष रॉबर्ट मिंज, उपाध्यक्ष सुशांत उज्जवल कुजूर, तनवीर अहमद सचिव अनुभा खाखा, कोषाध्यक्ष अमित रंजन मिंज, कोच आलोक कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने अनित को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। संघ के सचिव अनुभा खाखा ने कहा कि अनित उरांव ने कठिन परिश्रम और समर्पण के बल पर

शेष पेज 11 पर...




## स्वदेशी मैराथन में विकसित भारत के संकल्प के साथ दौड़ी रांची

# देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है स्वदेशी अभियान : राज्यपाल

- मैराथन को राज्यपाल गंगवार ने दिखाई हरी झंडी, दौड़े 25 हजार लोग
- युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों का उमड़ा जनसमुद्र
- दौड़ में शामिल लोगों ने लिया स्वदेशी अपनाने और बढ़ावा देने का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के साथ रांची में स्वदेशी मैराथन रविवार को संपन्न हुआ। रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ के मार्गदर्शन में संपन्न हुए इस मैराथन में 25,000 लोगों ने दौड़ लगाई। 5.5 किलोमीटर का यह मैराथन रांची का ऐतिहासिक मैराथन बन गया। स्वदेशी मैराथन 2025 में सुबह से ही युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों का जनसमुद्र उमड़ पड़ा था। कई प्रतिभागी तिरंगा लेकर दौड़े, तो कुछ ने स्वदेशी संदेश वाले बैनर और पोस्टर थाम रखे थे।

झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने स्वदेशी मैराथन 2025 को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, भारत-पाकिस्तान युद्ध के नायक कर्नल (सेवानिवृत्त) वीएन थापर, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव मधुकांत पाठक सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि स्वदेशी के संकल्प के साथ आयोजित हुआ यह मैराथन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि प्रदान करने वाला है। इस मैराथन में युवाओं का उत्साह बता रहा है कि रांचीवासी भी प्रधानमंत्री के स्वदेशी संकल्प और विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हर कदम पर तैयार हैं। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा, 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' का यह अभियान राष्ट्र चेतना, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी भावना का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' संदेश को जीवन में उतारें। उन्होंने कहा, स्वदेशी अपनाना केवल वस्तु का चयन नहीं, बल्कि देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इससे भारत आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनेगा। मैराथन से पूर्व सभी प्रतिभागियों ने स्वदेशी का संकल्प पत्र भरा। इसके साथ ही स्वदेशी को अपनाने और उसे बढ़ावा देने की शपथ ली। रक्षा राज्य मंत्री ने सभी प्रतिभागियों को मोरहाबादी मैदान में ही स्वदेशी का संकल्प दिलाया और विकसित भारत के लिए प्रतिबद्ध रहने का आग्रह किया। सामाजिक संगठनों ने मोरहाबादी मैदान से रवाना हुई मैराथन का दर्जनों स्थानों पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया।

सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित हुए इस मैराथन में 33 स्कूल, 10 कॉलेज, 4 विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, 7 निजी संस्थानों के प्रतियोगी छात्र, 22 सामाजिक संगठन, 11 धार्मिक संगठन, 9 स्वयंसेवी संस्था, भाजपा कार्यकर्ता, भूतपूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट्स, भारतीय खेल प्राधिकरण, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन, विभिन्न खेलो के राज्यस्तरीय और राष्ट्रीय खिलाड़ी, एनएसएस कार्यकर्ता, एथलेटिक्स एसोसिएशन सहित कई संगठनों के लोग शामिल हुए। मोरहाबादी मैदान से शुरू होकर और फिर मोरहाबादी पहुंचकर संपन्न हुए स्वदेशी मैराथन के विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। स्वदेशी मैराथन 2025 में सरायकेला खरसावां और सिल्ली से आए कलाकारों ने छऊ नृत्य और पाइका नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति दी। यहां स्वास्थ्य जांच शिविर में हजारों लोगों ने स्वास्थ्य जांच भी करवाई।

इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सदस्य महेश पोद्दार, आरती कुजूर, डीएवी के प्राचार्य बिपिन राय, रौशनी खलको, सरदार परमजीत सिंह टिंकू, अस्मित सिंह शेट्टी, वरुण साहू, धीरज महतो, रोमित नारायण सिंह, माहेश्वरी महासभा के अध्यक्ष मुकेश काबरा, मेरा युवा भारत के गौरव अग्रवाल, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन से शिवेंद्र दुबे, प्रभाकर कुमार, रमेंद्र कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।






### पीएम के विकसित भारत, स्वदेशी संकल्प के प्रति प्रतिबद्ध है रांची : संजय सेठ

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह मैराथन सिर्फ दौड़ नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस स्वदेशी के विचार का संकल्प लिया है, उसका प्रवाह है। यह प्रवाह निरंतर जारी रहेगा। स्वदेशी के प्रति रांचीवासियों ने आज जो दृढ़ता दिखाई है, वह विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने वाला है। आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहे भारत को एक नई गति प्रदान करने वाला है। रांची की जनता ने आज यह संदेश दे दिया कि स्वदेशी के प्रति रांची सदैव प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री के हर आह्वान पर हर कदम पर रांची की जनता खड़ी है।

### आत्मनिर्भर भारत बनाने की ओर बढ़ रही रांची की जनता : रिटायर्ड कर्नल थापर

कारगिल युद्ध के नायक कर्नल (सेवानिवृत्त) वीएन थापर ने कहा कि रांची आकर उन्हें अद्भुत अनुभव मिला है। सेना देश की सुरक्षा करती है और नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वह देश को आत्मनिर्भर बनाएं। उन्होंने कहा, भारत के विकास और आत्मनिर्भरता की राह में हर नागरिक एक सैनिक है, जो स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर आर्थिक सुरक्षा में योगदान दे सकता है। मुझे खुशी है कि रांची की जनता आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है।

# नक्सलियों ने जराईकेला के कोलबेंगा गांव में मोबाइल टावर में लगाई आग



- संचार सेवा प्रभावित, आसपास के इलाकों में दहशत

**नवीन मेल डेस्क**

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला थाना क्षेत्र के कोलबेंगा गांव में माओवादियों ने रविवार के तड़के एक मोबाइल टावर में आग लगा दी। मोबाइल टावर पूरी तरह नष्ट हो गया है। यह टावर एयरटेल कंपनी का था। आग लगने के कारण इसके बर्बाद हो जाने से उस क्षेत्र में एयरटेल कंपनी की मोबाइल सेवा ठप हो गई है।सूचना मिलते ही पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। इधर, इस घटना के बाद गांव और आसपास के इलाकों में दहशत है। जानकारी के अनुसार, जराईकेला प्रखंड के कोलबेंगा गांव में हथियारबंद नक्सली रविवार के तड़के पहुंचे और टावर के पास मौजूद कर्मचारियों को बंदूक दिखाकर भगा दिया। इसके बाद उन्होंने टावर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की तलाश में जंगलों और आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अतिरिक्त बल तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। प्रशासन ने ग्रामीणों से अफवाहों से बचने और सहयोग बनाए रखने की अपील की है। ज्ञात हो कि भाकपा माओवादी के कई नक्सली हाल के महीनों में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए हैं, जिसके विरोध में संगठन ने 8 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक प्रतिरोध सप्ताह मनाने की घोषणा की थी। इसके पहले शुक्रवार की देर रात नक्सलियों ने इसी जिले के सारंडा जंगल में सुरक्षाबलों को निशाना बनाते हुए चार आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) धमाके किए थे, जिनमें सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर शहीद हो गए, जबकि दो अधिकारी गंभीर रूप से घायल हुए थे।

### नक्सलियों के आईईडी विस्फोट से घायल हथिनी ने तोड़ा दम

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** सारंडा जंगल में नक्सलियों के आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हुई हथिनी ने आखिरकार रविवार को दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पहुंची वन विभाग की टीम ने जंगल में ही उसका पोस्टमार्टम कराया। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों और पुलिस को नुकसान पहुंचाने के इरादे से सारंडा के घने जंगलों में जमीन के नीचे कदम-कदम पर आईईडी लगा रखे हैं। इसकी चपेट में आने से इस वर्ष तीन हाथियों की मौत हो चुकी है। रविवार को जिस हथिनी की मौत हुई, उसके बारे में वन विभाग को एक हफ्ते पहले जानकारी मिली थी। उसका दायां पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। मौके पर पहुंची वन्यजीव चिकित्सकों की टीम ने उसे एंटीबायोटिक और दर्द निवारक दवाएं दी थीं, लेकिन संक्रमण लगातार बढ़ता गया। और, अंततः उसकी मौत हो गई।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### आज / कल




## एनडीए में सीट बंटवारा हुआ फाइनल

# जदयू और भाजपा 101-101 सीटों पर लड़ेगी बिहार चुनाव

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में सीट बंटवारे को लेकर रविवार को तस्वीर साफ हो गई। इस चुनाव में जदयू और भाजपा में से कोई बड़ा भाई नहीं होगा। दोनों पार्टियां 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। दिल्ली और पटना में सीट बंटवारे को लेकर कई बैठकों का दौर चला और इसके बाद सीट शेयरिंग पर मुहर लग गई।

एनडीए सीट शेयरिंग के अनुसार, भाजपा और जदयू 101-101 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ेगी। वहीं, सहयोगी दल लोजपा (रामविलास) को 29 सीटें और आरएलएम एवं हम (हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा) को 6-6 सीटें मिली हैं।भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसकी घोषणा करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, एनडीए के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया है। जदयू 101, भाजपा 101, लोजपा (रामविलास) 29, राष्ट्रीय लोक मोर्चा छह और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा छह। उन्होंने आगे लिखा, एनडीए के सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता साथी इसका हर्ष के साथ स्वागत करते हैं और नीतीश कुमार को प्रचंड बहुमत के साथ फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्पित एवं एकजुट हैं। बिहार है तैयार, फिर से एनडीए सरकार।

शेष पेज 11 पर...

**एनडीए में सीट शेयरिंग**

| पार्टी | सीट |
|---|---|
| जदयू | 101 |
| भाजपा | 101 |
| लोजपा (रा.) | 29 |
| आरएलएम | 06 |
| एचएएम | 06 |
| कुल विस सीट | 243 |

## इंडिया

# इटली में बुर्के पर बैन पर राहुल ननिहाल का पक्ष लेंगे या कांग्रेस का ?

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

वह राजनीति ही क्या जिसमें विवाद न हो और भारत की सत्ताधारी भाजपा पर विपक्षी कांग्रेस धार्मिक भेदभाव का आरोप लगाती रही है पर आजकल कांग्रेस के चेहरा और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के ननिहाल इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने ऐसा कदम उठाया है जिससे यूरोप ही नहीं पूरी दुनिया की सियासत गर्मा गई है और भारत में भी इसके छींटे पड़ेंगे ही । मेलोनी सरकार बुर्का और नकाब पर प्रतिबंध लगाने जा रही है जैसा दुनिया में 24 देशों में है जिनमें कई देश तो ऐसे हैं जो मुस्लिम राष्ट्र हैं, अधिकांश ने धर्म निरपेक्षता के नाम पर अपने यहां बैन लगाया है। इटली में पिछले दिनों फिलिस्तीन के समर्थन में नारे लगे और सड़कों को जाम कर लाखों लोग सड़कों पर उतरे उसके बाद देश के भविष्य की सुरक्षा की बात उठी और अब सवाल है कि क्या यूरोप में अब नए सांस्कृतिक टकराव की शुरुआत हो चुकी है जैसा पहले फ्रांस में देखने को मिला ? क्या मेलोनी के इस साहसी कदम का असर पीएम मोदी से दोस्ती के कारण भारत की राजनीति में भी पडेगा या विदेशों तक में मुखर राहुल ननिहाल के मामले में चुप्पी साध लेंगे ? इटली के संसद में पेश बिल में कहा गया है कि देशभर में बुर्के पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। स्कूल, दुकानें हों या कार्यालय या सार्वजनिक स्थान में अब चेहरा ढकना अपराध माना जाएगा। मस्जिदों की फंडिंग पर निगरानी होगी। इसके अलावा जबरन धार्मिक विवाह पर रोक होगी। नकाब पहनने पर भारी जुर्माने का प्रावधान इस बिल में शामिल है। इटली की सत्तारूढ़ पार्टी ब्रदर्स ऑफ इटली की तरफ से कहा गया है कि देशभर में सार्वजनिक स्थानों पर नकाब और बुर्का से चेहरा और शरीर ढकने पर प्रतिबंध लगेगा। हालांकि ये प्रतिबंध अभी भी देश के कुछ हिस्सों में है। लेकिन इस विधेयक के बाद इसे पूरे देश में लागू किया जाएगा। ओपन बॉर्डर पॉलिसी इटली के अलावा और भी कई यूरोपीय देशों ने अपनाई थी। जिसकी वजह से पिछले 20-25 सालों में वहां बड़ी संख्या में अवैध प्रवासी गए हैं। इनमें से ज्यादातर मुस्लिम समुदाय से आते हैं। पालिटिको की एक रिपोर्ट के अनुसार दुकानों, स्कूलों और दफ्तरों समेत सभी सार्वजनिक जगहों पर चेहरा ढकने पर रोक होगी। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों पर 300 से 3 हजार यूरो यानी लगभग 3 लाख रुपए तक जुर्माना लगाया जाएगा। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने देश में बढ़ते इस्लामीकरण का आरोप लगाया।इस्लामी प्रतीकों के सार्वजनिक प्रदर्शन को सांस्कृतिक अलगाववाद के रूप में बताया है। आईएसएमयू की रिपोर्ट के अनुसार जितने भी प्रवासी इटली आए हैं उनमें 30 फीसदी मुसलमान हैं, जो मोरक्को, अल्बानिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान से आए हुए हैं। बिल सिर्फ चेहरा ढकने वाले कपड़ों तक सीमित नहीं है। इसमें उन धार्मिक संगठनों पर भी निगरानी की बात कही गई है जो इटली की सरकार के साथ औपचारिक समझौते में नहीं है। फिलहाल इस्लाम को इटली में वैधानिक मान्यता प्राप्त नहीं है। जबकि 13 अन्य धर्मों के पास यह अधिकार है। इसलिए यह बिल मुस्लिम संगठनों को अपने फंडिंग सोर्सेज सार्वजनिक करने और संदिग्ध फाइनेंसरों से दूरी रखने को अनिवार्य करता है। इसके साथ यह कानून वर्जिनिटी टेस्ट कराने वालों पर भी सजा का प्रावधान लाता है और जबरन धार्मिक विवाहों में धार्मिक दबाव को अपराध की श्रेणी में लाता है। इटली को संसद में पूर्ण बहुमत इसलिए इसके पारित होने की संभावना अधिक है। भारत में हिजाब और बुर्के का मामला अदालत के दरवाजे तक भी पहुंच चुका है। बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और बीजेपी ने बुर्का बैन की मांग फर्जी वोटिंग रोकने के लिए की है।



### नोवामुंडी के कई गांवों में फैली डायरिया, 5 की मौत

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी प्रखंड के कई गांवों में डायरिया ने कहर बरपा wदिया है। कादोजामदा और मोहदी पंचायत में एक हफ्ते के अंदर इस बीमारी से पांच लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 20 से ज्यादा लोग बीमार हैं। डायरिया फैलने की सूचना पाकर जिले के सिविल सर्जन ने प्रभावित गांवों में मेडिकल टीमें भेजी हैं। 10 से अधिक लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के झामुमो विधायक सोनाराम सिंकू ने भी प्रभावित इलाके का दौरा किया है। सोनाराम सिंकू के अनुसार, बीमार लोगों के इलाज और बीमारी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। इधर, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पानी के सैंपल लेकर जांच शुरू कर दी है और स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। साथ ही, ग्रामीणों को उबला पानी पीने, हाथ धोने और साफ-सफाई बनाए रखने की सलाह दी जा रही है।

## उदय व आदिकर्मयोगी अभियान के तहत किया गया निरीक्षण



**मोहम्मदगंज।** कादल कुर्मी पंचायत के परहिया टोला में निवास कर रहे इस आदिम जनजाति परिवार के सदस्यों को उदय व आदिकर्मयोगी अभियान के तहत सभी मूलभूत आवश्यकताओं से परिपूर्ण कर उन्हें विकास की मुख्य धारा में जोड़ने के उद्देश्य से किए जा रहे सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण शनिवार को प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल और नोडल पदाधिकारी (ग्राम स्तर) सह पंचायत सचिव राज कुमार दास के नेतृत्व में किया गया। बताया गया कि आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया और पंचायत सहायक की टीम द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण के बाद ग्राम विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जानी है। जिसे विशेष ग्राम सभा में पारित कर क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा। इससे पहलू संबंधित योजनाओं से आच्छादित करने के लिए इस टोला में लगा शिविर लगाकर प्राप्त निर्देश के आलोक में विभिन्न विंदुओं पर आंकलन किया गया था। इस टोला पर स्थित राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित शिविर में उनके आधार कार्ड, जॉब कार्ड, राशनकार्ड, उज्वला योजना, बैंक खाता, जन्म-मृत्यु व दिव्यांग प्रमाणपत्र, आदिम जनजाति और दिव्यांग पेंशन, मतदाता पहचान पत्र, जाति, आवासीय प्रमाणपत्र, वन पट्टा, आवास, आयुष्मान कार्ड और टीकाकरण सहित अन्य कई योजनाओं की उपलब्धता की पड़ताल कर इससे वंचितों को इनका लाभ पहुंचाया गया है। जिसमें कुल योग्य जॉब कार्ड के 26 लाभार्थियों में इससे वंचित 9 में से 6, जन्म प्रमाणपत्र के 30 में वंचित 16 में 2, आयुष्मान कार्ड के 104 में वंचित 35 में 6 और आदिम जनजाति पेंशन के 26 लाभार्थियों में से 4 को इन योजनाओं के लाभ से इस शिविर में आच्छादित किया गया। जबकि 26 कार्डधारकों में मुख्यमंत्री सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी व धोती वितरित किए गए। वहीं, आधार कार्ड के 9, जॉब कार्ड 3, बैंक खाता के 15, जन्म प्रमाणपत्र के 14, मृत्यु व दिव्यांग प्रमाणपत्र के 2-2, वोटर कार्ड के 6, वन पट्टा के 17, आयुष्मान कार्ड के 29, दिव्यांग पेंशन के 2 और आदिम जनजाति पेंशन के शेष 1 लाभार्थी को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया गया है। शिविर में बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मोहम्मद नौशाद आलम, बतौर नोडल पदाधिकारी प्रभारी कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल और कंप्यूटर सहायक मनोहर कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना के तहत सर्वेक्षण में परहिया और कोरमी दो टोलों में 26 परिवारों की कुल पीवीजीटी जनसंख्या 110 में पुरुष 59 व महिला 51 पाया गया है। बिजली के खंभों पर स्ट्रीट लाइट की जरूरत बताया गया। उक्त स्कूल तो है, लेकिन वन धन और आंगनबाड़ी केंद्र नहीं हैं। वहीं, कोरमी परहिया दूसरे टोले में नल-जल और सड़क योजना से वंचित पाया गया है। परहिया जनजाति परिवार ने प्रशासनिक स्तर से उनके विकास को लेकर शिविर के आयोजन और सर्वेक्षण के प्रति खुशी जताई है।

## दीपदान से मिलती है शुद्ध हवा शरीर में उर्जा व प्रतिरोधक क्षमता



**हैदरनगर।** सनातन धर्म की पौराणिक कथाओं के अनुसार देवताओं ने असुरों पर विजय, बुराईयों पर अच्छाइयों की जीता है। जिसके उपलक्ष्य में दीपोत्सव मनाने की परंपरा चली आ रही है। इस व्रत पर वयोवृद्ध विद्वान पंडित कुंडल तिवारी ने कहा कि भगवान श्री राम के चौदह वर्ष वनवास से अयोध्या लौटने के बाद पूरे राज्य में महलों से लेकर सभी घरों में वंदनवार और दीपोत्सव मनाई गई थी। भगवान श्री राम ने लंकापति रावण का वध कर ऋषि महर्षि सहित सभी जीवों की रक्षा कर अयोध्या नगर लौटे।जिसके उपलक्ष्य में दीपोत्सव भी मनाई गई। दीपावली कार्तिक कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर मनाई जाती है। जो स्थिर लग्न मुहूर्त में माता लक्ष्मी और भगवान श्री गणेश की पूजा-पाठ अनुष्ठान, धन-धान्य, सुख-समृद्धि,के लिए की जाती है। इस अवसर पर नाना प्रकार के स्वादिष्ट पकवान, व्यंजन बनाये जाते है। उन्होंने कहा कि आज भी आपसी सद्भाव से परिवार और समाज में इस दीपोत्सव को लेकर उत्साह कायम है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से वर्षा ऋतु की समाप्ति और शरद ऋतु के आगमन पर घरों की साफ- सफाई किए जाने से मच्छरों, कीटाणुओं का नाश ही नहीं, बल्कि स्वच्छ वातावरण कायम होता है। इस पर्व पर दीपों को जलाने से हवा मे तैरते कीटाणु जमीन पर गिर कर नष्ट हो जाते है। उन्होंने कहा कि दीपावली स्वच्छ स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़ा है। दीपदान से हवा शुद्ध होती है। जिससे शरीर में उर्जा और प्रतिरोधक क्षमता मिलती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कार्तिक अमावस्या 20 अक्टूबर दिन सोमवार को दोपहर 3.44 बजे से शुरू होकर 21 अक्टूबर दिन मंगलवार को संध्याकाल 5.44 बजे तक हैं। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी गणेश पूजन प्रदोष काल में ही होती है। जिससे दीपोत्सव 20 अक्टूबर दिन सोमवार को ही मनाई जायेगी। इनका पूजन का मुहूर्त 20 अक्टूबर को संध्याकाल 7.12 से 8. 40 बजे तक है। अन्य मुहूर्त रात्री 9.10 से 10.15 बजे तक है। जबकि निशा काल रात्री 12 बजे से 21 अक्टूबर की सुबह 5 बजे तक है।

### दीपावली-छठ पर्व को लेकर नगर प्रशासन ने विधि व्यवस्था व साफ-सफाई को लेकर की बैठक

# अनधिकृत स्थानों पर कचरा डालने पर होगा कार्रवाई : एलआरडीसी

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** दीपावली व छठ महापर्व को लेकर नगर प्रशासन ने शहर की विधि व्यवस्था संधारण एवं साफ -सफाई को लेकर अनुमंडल प्रशासन सख़्त हो गया है। आईएएस ओमप्रकाश गुप्ता के निर्देश पर हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें अनुमंडल प्रशासन समेत पुलिस प्रशासन व निवर्तमान नगर जनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध नागरिकों के साथ विचार विमर्श कर मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एलआरडीसी गौरांग महतो ने की, बैठक में कुल चार बिंदुओं पर विधिवत चर्चा की गई। जिसमें सभी वार्डों को साफ-सफाई संबंधित, कचरा डस्टबिन अधिष्ठापन हेतू स्थान चयन, सभी दुकानदारों को अपने- अपने दुकानों में डस्टबिन रखने हेतु प्रेरित करना, शहर के विभिन्न वार्ड क्षेत्रों अंतर्गत स्थायी व थोक कचरा डंप साइड का जगह चयन करने सहित अन्य कई प्रमुख बिंदुओं पर गंभीरता से चर्चा किया गया। इस मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी अनंतओझा, अंचल अधिकारी पंकज कुमार, नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, राकेश कुमार सिंह, निवर्तमान वार्ड पार्षद नजीर अहमद, शुहैल आलम, राजेन्द्र पाल, अजय प्रसाद गुप्ता, उमा देवी, राजकुमार कश्यप, अनवर, लेखापाल रविकांत कुमार, जेई सुधांशु कुमार तिवारी, बृजलाल यादव, अजित गुप्ता, आशीष सिंह, विक्रम कुमार, शिवशंकर उराव, रंजीत सिंह अनुमंडल बड़ा बाबू अशोक सिंह, सुपरवाइजर रवि यादव, संजीत कुमार, अवधेश राम एवं सिकंदर सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### दुकान के इर्द गिर्द किसी को कचरा फेंकने न दें

एलआरडीसी ने कहा कि हमारे पास संसाधन की कमी हो सकती है, लेकिन स्वच्छता की सोच की कमी नहीं होनी चाहिए। हुसैनाबाद शहर प्राचीन शहरों में आता है, इस अनुमंडल में तीन प्रखंड है। जिसका यह मुख्यालय है और शहर ग्रामीण क्षेत्रों या बाहर के आगन्तुकों के लिए आईना है। यदि हमलोग अपने शहर को स्वच्छ नहीं बना सकते है, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है। इसके लिए सभी को सकारात्मक दिशा में पहल करना होगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी सुझाव मांगा और उसे तत्काल पहल करने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने कहा कि मैं इसके लिए एक जनजागरूकता व खुद से मोनेटरिंग करूंगा, लेकिन शहर को हर हाल में स्वच्छ रखूंगा। उन्होंने आम दुकानदारों से अपील किया कि अनधिकृत स्थानों पर कचरा नहीं फेंके और ना ही अपने दुकान के इर्द गिर्द किसी को कचरा फेंकने दें। नहीं तो नगरपालिका अधिनियम 2011 के सुसंगत धाराओं में आप पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी। आप इस कार्य में सहयोग करें, उन्होंने नगर के कर्मचारियों को सभी वार्ड क्षेत्र को बांट दिया है। साथ ही सभी लिए गए निर्णय को कलमबद्ध कर आम नागरिको को सूचना व जागरूकता लाने का निर्देश दिया है। एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने कहा कि जब हमलोग शहर में घुसे तो लगे कि यह शहर है, ऐसा शहर आप सब बनाये उन्होंने शहर के विभिन्न चौक चौराहा पर कचरा व गंदगी पर नाराजगी जताया और कहा कि यह जिमेदारी केवल अधिकारियों की नही है।

## 3 हजार लीटर अवैध महुआ शराब किया गया नष्ट



**हुसैनाबाद।** देवरी ओपी पुलिस की अवैध जावा महुआ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई हैं। देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में महुआ शराब बनाने व बेचने का अवैध धंधा चल रहा है। वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए गांव पूणाडीह, गाया विगहा और सोनपुरवा में सोन नदी के डीला पर पुलिस ने छापेमारी कर चार जगहों पर करीब 3 हजार किलो जावा महुआ और शराब बनाने के उपकरण को नष्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेग। इस छापेमारी अभियान में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार के अलावा कई पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## रेल सुरक्षा बल की चौकी का हुआ शुभारंभ

**हुसैनाबाद।** रेल मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के आदेश पर झारखंड के अंतिम रेलवे स्टेशन कजरात नावाडीह में रेल सुरक्षा बल की चौकी का शुभारंभ रविवार को किया गया। इस रेलवे स्टेशन के बाद बिहार राज्य शुरू हो जाता है। चौकी के शुभारंभ के मौके पर आरपीएफ पोस्ट नबीनगर के प्रभारी निरीक्षक आरके कच्छवाहा ने कहा कि काजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन झारखंड बिहार की सीमा पर स्थित है। यहां आरपीएफ की चौकी का शुभारंभ करने से रेलवे क्षेत्र में होने वाली अपराधिक गतिविधियों पर निगरानी के साथ साथ एसीपी की रोक थाम, यात्रियों की सुरक्षा व ट्रेनों के परिचालन में आने वाली बाधाओं को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि चौकी इंचार्ज के रूप में उप निरीक्षक उमाकांत राम को बनाया गया है। चौकी पर आरपीएफ जवानों की भी तैनाती की गई है। इस रेल सुरक्षा बल चौकी रेल सुरक्षा पोस्ट नबीनगर के अधीन होगा। इस मौके पर सहायक उप निरीक्षक उमाकांत राम, हिबियान कुल्लू, ठाकुर प्रधान, आरक्षी फुलेश्वर यादव, राकेश कुमार, अनुज कुमार के अलावा सुरक्षा बल के जवान मौजूद थे।

## सरकार की योजना से जुड़ेगा हर किसान, मिलेगी सब्सिडी : श्रीनिवासन

नवीन मेल संवाददाता



**सतबरवा।** प्रखंड के कसियाडीह गांव में रविवार को कृषक उत्पादन संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। मुख्य उद्देश्य था, किसानों की आय दोगुनी करने और कृषि को आत्मनिर्भर बनाने की रणनीति पर चर्चा करना। बैठक की अध्यक्षता एफपीओ चेयरमैन श्रीनिवास चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के सहकारिता मंत्री अमित शाह के निर्देश पर देशभर में यह योजना लागू है, जिसके तहत किसानों को यूरिया, डीएपी, लिक्विड नैनो यूरिया जैसे उर्वरक और धान, गेहूं, अरहर, तिल, मक्का, मूंगफली आदि फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले बीज सस्ती दरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही, एफपीओ के माध्यम से किसानों की उपज की सीधी खरीदारी कर उन्हें उचित मूल्य देने की व्यवस्था की गई है। सीईओ बलवंत कुमार ने बताया कि एफपीओ से जुड़े किसानों को 70 प्रतिशत तक सरकारी सब्सिडी का लाभ मिलेगा। किसान खेती के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन, लाह और मधुमक्खी पालन से भी अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। वहीं एकाउंटेंट संदीप कुमार ने जानकारी दी कि संस्था से लाभ उठाने के लिए किसानों को सदस्य बनना जरूरी है। इसके लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जमीन का कागज, दो फोटो और 110 से 2000 रुपये तक सदस्यता शुल्क जमा करना होगा। बैठक में ग्राम कसियाडीह के श्याम बिहारी प्रसाद, ननदेव मिस्त्री, चंद्रशेखर मिस्त्री, प्रिया देवी, पुष्पा देवी, पानपति देवी, शिवराज पासवान, महेश मांझी, बिसुन मिस्त्री, सतीश साव, अशोक साहू, रामपुकार मिस्त्री सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

### महुडंड में पुलिस ने कई गांवों में चलाया जागरूकता अभियान

## अफीम-पोस्ता की खेती करना गैर कानूनी : सीओ

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद।** सुदुरवर्ती आदिवासी बहुल्य श्रेत्र महुडंड पंचायत में पोस्ता, अफीम, गांजा की खेती के रोकथाम को लेकर जागरुकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार हुसैनाबाद, महुडंड मुखिया मीणा देवी समाजसेवी शिवशंकर यादव के द्वारा चलाया गया। महुडंड पंचायत के कुल 11 राजस्व ग्राम के ग्रामीणों ने भाग लिया। जिसमें अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष तीन गांवों फटीया, नइया और लपसेरा में जाकर अफीम पोस्ता की खेती को नष्ट किया था। जो व्यक्ति इस वर्ष खेती अगर करते हैं। तो उसे कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। इसलिए यहां पर मौजूद सभी बुद्धिजीवी लोग घर-घर जाकर जानकारी और जागरूकता देना है कि अफीम-पोस्ता की खेती करना गैर कानूनी है और इसे हर- हाल में रोका जाए। हमारे देश में अफीम पोस्ता की खेती करना भारतीय दंड संहिता के तहत कानून अपराध है। इसे महुडंड के लोग को इस खेती को नहीं करना है। वहीं थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने कहा कि आज के परिवेश में युवाओं में नाशा खोरी काफी बढ़ रहा है। जिसे आनेवाले पीढ़ी को नुक्सान होगा। महूडंड पंचायत सचिवालय में सभी नागरिकों से आग्रह करते हैं कि अफीम पोस्ता की खेती नहीं करना है। अगर खेती करते पकड़े जाते हैं तो कठोर कार्रवाई की जायेगी। क्योंकि इसे भी अपराध की श्रेणी में रखा गया है और काफी कठोर सजा का प्रवधान है। उन्होंने उच्च विद्यालय महुडंड के छात्र-छात्राएं से भी नम्र निवेदन किया कि किसी हाल में अपने अभिवावकों को इसके बारे में जानकारी दें। जागरूकता से ही इसे बंद कराया जा सकता है। युवा समाजसेवी शिवशंकर यादव ने बताया कि महुडंड पंचायत में अफीम पोस्ता की खेती कुछ बाहरी लोगों के द्वारा प्रलोभन देकर किया गया था, लेकिन अब पंचायत में नहीं करना है। यह खेती करना कानून अपराध है। मौके पर मौजूद रहे एसआई मुकेश कुमार सिंह, ओपी प्रभारी महुडंड कमलेश्वर प्रकाश सिन्हा, शिक्षक रवि आंनद, पंकज कुमार, रामप्रवेश राम, मोहन, गौतम भुईयां, रामलाल बैगा, रमेश यादव, भोला विश्वकर्मा, गुड्डू पाल सहित कई ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## कोयल नदी में अत्यधिक पानी होने से छठ महापर्व को लेकर संकट

- वैकल्पिक तौर पर मुख्य नहर किनारे अर्घ्यदान एक बार फिर हुआ संभावित

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय साप्ताहिक बाजार के समीप कोयल नदी में अत्यधिक जलप्रवाह की वजह से इस बार महापर्व छठ मनाने को लेकर संकट उत्पन्न हो गया है, बताया जाता है। ऐसे में वैकल्पिक तौर से स्थानीय स्तर पर देवीधाम मंदिर के समीप मुख्य नहर किनारे अर्घ्यदान संभावित बताया गया है। वैसे, भी कोयल नदी तट पर तटबंध निर्माण के बाद मुख्य नहर किनारे ही छठ महापर्व मनाया जाता रहा था। लेकिन हाल के वर्षों में एक संस्था विशेष की बेहतर व्यवस्था से उक्त स्थल पर कोयल नदी बीच काशीस्रोत संगम स्थल पर छठ महापर्व मनाने की परंपरा शुरू हो गई है। जहां भजनियां गांव का भी छठ घाट हुआ करता है। जिसे इस बार कोयल नदी के जलप्रवाह को देखते हुए जारी रखने में मुश्किल उत्पन्न हो गया, लगने लगा है। विडंबना तो यह है कि अबतक कोयल नदी किनारे कहीं भी छठ घाट नहीं बनाया जा सका है। इस वजह से भीमबराज बनने के साथ तटबंध निर्माण के बाद से कोयल नदी किनारे अर्घ्यदान में असुविधाजनक स्थिति का सामना होने बाद से इसे लेकर लोगों ने मुख्य नहर किनारे का रूख अख्तियार कर लिया। कई गांव के छठ व्रती आसपास के नदियों और डैम किनारे अर्घ्यदान करने लगे। लोगों ने इस बार कोयल नदी में अथवा तट पर छठ मनाना असुविधाजनक होने की स्थिति में मुख्य नहर का जलप्रवाह सामान्य स्तर रखने की जरूरत पर बल दिया है। जिससे छठ व्रत पर व्रतियों को स्नान करने में खतरा का सामना ना करना पड़े। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश का कहना है सामान्य स्तर पर मुख्य नहर का जलप्रवाह उस दिन 1100 क्यूसेक रखेंगे। वैसे, स्थानीय लोगों से इस पर विचार-विमर्श भी कर लेंगे। छठ महापर्व के दिन मुख्य नहर में जलप्रवाहित करने को लेकर पूरी सतर्कता बरती जाएगी।

### राजा मेदनी राय फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ, अतिथियों ने कहा-

## अनुशासन, एकाग्रता व टीम भावना का प्रतीक है खेलकूद

नवीन मेल संवाददाता



**सतबरवा।** प्रखंड के फुलवरिया मैदान में रविवार को खेल प्रेमियों की भारी भीड़ के बीच राजा मेदनी राय फुटबॉल टूनार्मेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह का आगाज जोश और उत्साह के माहौल में हुआ। समाजसेवी आशीष कुमार सिन्हा, पंचायत समिति सदस्य पति अरविंद सिंह एवं अध्यक्ष विनय सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और गेंद पर पहली किक मारकर टूनार्मेंट की शुरूआत की। सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि खेल सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि यह अनुशासन, एकाग्रता और टीम भावना का प्रतीक है। पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जीवन का अहम हिस्सा होना चाहिए। टूनार्मेंट के उद्घाटन मुकाबले में कोलपुरवा और बरहकुरूवा की टीमें आमने-सामने हुईं। दोनों टीमों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए खेल मैदान को तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा दिया। दर्शकों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए पूरे जोश से समर्थन किया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन सचिव धर्मेन्द्र सिंह ने किया। वहीं कोषाध्यक्ष रविन्द्र सिंह, आनंद कुमार सिंह, चंदन सिंह, मनोज कुमार सिंह, संजय सिंह, विश्वनाथ सिंह, पिटु सिंह, दीपक सिंह, रौशन सिंह, अखिलेश सिंह, सुनील सिंह, योगेन्द्र सिंह, सुभाष सिंह, धनंजय सिंह, संतोष सिंह, महेन्द्र सिंह, युवराज सिंह समेत बड़ी संख्या में खेलप्रेमी व ग्रामीण मौजूद रहे। टूनार्मेंट के आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में कई रोमांचक मैच खेले जाएंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

## 3200 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद करने की मांग

हुसैनाबाद। व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि इस वर्ष किसानों की पुरजोर मेहनत और इस वर्ष अच्छी बारिश होने के चलते धान की अच्छी फसल की उम्मीद जगी है। वहीं सरकार द्वारा प्रयाप्त मात्रा में यूरिया खाद नहीं मिलने के कारण किसान ब्लैक और मंहगे दामों पर खाद खरीदकर धान में दिये है, जिससे किसानों को धान की खेती करना मंहगा पड़ा है। वर्तमान सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में सरकार बनने पर धान 3200 रुपए प्रति क्विंटल खरीदने की बात कही गई है। इसलिए सरकार के घोषणा पत्र पर अमल करते हुए किसान हित को देखते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री को ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि इस वर्ष अपने घोषणा पत्र के अनुसार किसानों से 3200 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीद की जाय, तभी किसानों को लगात के अनुसार मूल्य मिलेगा और किसान अपने परिवार का भरन पोषण कर सकेंगे।

**प्रतियोगिता**

### जन जागरुकता सह मैत्री फुटबॉल मैच के खिलाड़ियों को मिला सम्मान

# पोस्ता की खेती से होने वाली हानी से प्रतिनिधियों को कराया गया अवगत

नवीन मेल संवाददाता




**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय हैदरनगर स्थित राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में प्रशासन बनाम पब्लिक के बीच खेले गए फुटबॉल मैच के खिलाड़ियों को एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने सम्मानित किया है। उन्होंने क्षेत्र ग्रामीण खिलाड़ियों के उत्साहवर्धक प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि जन जागरुकता सह मैत्री फुटबॉल टूनार्मेंट आयोजन का सकारात्मक परिणाम आया है। इस आयोजन के लिए हैदरनगर के थाना प्रभारी अफजल अंसारी को भी धन्यवाद दिया। साथ ही खेल के पूर्व ही पोस्ता की खेती की नियंत्रण व इससे हो रही हानि के प्रति विधिवत पंचायत प्रतिनिधियों, खिलाड़ियों सहित लोगों को जागरुक किया गया। उन्होंने इसकी कहीं भी खेती किए जाने की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की है। वहीं जनता टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रेमतोष सिंह ने मैत्री फुटबॉल मैच के दौरान अफीम की खेती के नियंत्रण को लेकर लिए गए शपथ को क्षेत्र में साकार करने का आग्रह किया है। साथ ही पोस्ते की खेती से दुष्प्रभाव और क्षति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पोस्ते की खेती से जमीन बंजर होने के साथ ही जलस्तर गिर जाता है। हालांकि एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि भविष्य में किसी भी गांव में पोस्ते की खेती पकड़े जाने पर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। दमदार स्तर पर कर रहे इस मैच की कमेंट्री सह खेलप्रेमी राजेश नंदन सिंह व रेफरी वीरेंद्र सिंह ने भी लोगों से अफीम की खेती रोकने में प्रशासन को सहयोग करने का आग्रह किया है। इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी सह खेलप्रेमी मनोज कुमार शर्मा, बिमलेश सिंह, नावाजिश खान, सज्जू खान, अनिल सिंह, मनोज शर्मा, अशरफ हसन, राहत खान, अप्पू सिंह, डॉ. रविशंकर वर्मा, धीरेन्द्र कुमार, मुखिया कमल कुमार पासवान व अशोक यादव के अलावा बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## आरटीआई के 20 वर्ष पूरे होने पर विचार गोष्ठी

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने जिला कार्यालय में रविवार को सूचना का अधिकार कानून -2005 को 20 वर्ष पूरा होने पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि आरटीआई का आज 20 वर्ष पूरा हो गया है। इस कानून से कई पीड़ितों को न्याय मिला। भ्रष्टाचार के कई मामले उजागर हुए तथा शासन प्रशासन के कार्यों में पारदर्शिता आई। इस कानून की वजह से अधिकारी जवाबदेह बन रहे हैं। शिवनारायण साव ने कहा कि सूचना का अधिकार कानून का प्रयोग करना बेहद आसान है। सादे कागज पर आवेदन के साथ 10 रुपए का आईपीओ आवेदन शुल्क दे कर किसी भी सरकारी महकमों से सूचनाएं मांगी जा सकती हैं और 30 दिनों के अंदर सूचनाएं मुहैया कराना विभाग के अधिकारी के लिए कानूनी रूप बाधित हैं।

## हुसैनाबाद में 'प्रधानमंत्री धान्य धन्य कृषि योजना' का हुआ शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल हुसैनाबाद में पैक्स अध्यक्ष कृष्णा बैठा के नेतृत्व में 'प्रधानमंत्री धान्य धन्य कृषि योजना' के शुभारंभ का लाइव प्रसारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के पैक्स अध्यक्ष, किसान मित्रों एवं सैकड़ों किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रसारण के दौरान किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के विचारों को गंभीरता से सुना और योजना से लाभांवित होकर कृषि विकास में योगदान देने का संकल्प लिया। इस मौके पर उपस्थित प्रमुख लोगों में पैक्स अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव, सुजीत मेहता, विमलेश पासवान, सुरेंद्र सिंह, सत्यनारायण सिंह, किसान मित्र विजय ठाकुर, सतेंद्र सिंह, अनिल यादव, जनेश्वर राम, व प्रगतिशील किसान बैजनाथ सिंह, सतेंद्र नारायण सिंह, अजय यादव, व कामाख्या नारायण सिंह, सनोज सिंह, शिवनारायण उरांव, भर्दुल जी, कमला देवी, अनीता देवी, पूजा देवी, लालती देवी, विमला कुंवर, राकेश मेहता, बनवारी मेहता, अमरेंद्र व सिंह, शमीम अंसारी, कुंदन सिंह, अजित सिंह, गुड्डू रजक, प्रदीप सिंह, हीरालाल मेहता सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। किसानों ने कहा कि यह योजना कृषि क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार करेगी और उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगी।

### ठंडी हवाओं ने बजाई सर्दियों की पहली बांसुरी

# अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में मौसम हुआ सुहावना

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अक्टूबर के दूसरे सप्ताह की शुरुआत होते ही रविवार सुबह मौसम ने करवट ली और ठंडक का अहसास हुआ। हल्की धुन और ठंडी हवाओं के बीच लोग सर्दी का पहला लुत्फ उठाते नजर आए। सुबह की पहली किरणों में अब तपिश की जगह नरमी महसूस हो रही है, जिससे शहर के पार्क और गलियां खुशनुमा हो गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार रात के तापमान में गिरावट आई है और आने वाले असप्ताह में सुबह-शाम की ठंडक और बढ़ेगी। धुंध के कारण विजिबिलिटी कम हो रही है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है।



बाजारों में सर्दियों के कपड़ों की दुकानें गर्म कपड़ों के लिए तैयारी में लग गई हैं। दुकानदारों का कहना है कि ठंड के बढ़ने के साथ ही इनकी बिक्री में तेजी आएगी। चाय और नाश्ते की दुकानों पर सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली, लोग ठंडी हवा में गरमागरम चाय-पकौड़ी का आनंद ले रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि अब पंखों की जगह पतले कम्बल की आवश्यकता महसूस हो रही है। बच्चों ने सुबह की ठंडी हवा का आनंद लिया तो बुजुर्ग इसे सर्दियों के आने का संकेत मानते हैं। किसानों के लिए यह मौसम भाग्यशाली है क्योंकि खेतों में कार्य करना आसान हुआ है। यह बदलाव दिवाली और छठ के आस-पास ठंड बढ़ने की उम्मीद जगाता है, जिससे मौसम में सुखद परिवर्तन होगा।

### एमके डीएवी में हुआ 'रन फॉर डीएवी' का आयोजन

# छात्रों ने दिखाया उत्साह, अनुशासन व फिटनेस के प्रति जागरूकता

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में 12 अक्टूबर 2025 को 'रन फॉर डीएवी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति, नई दिल्ली के निर्देशानुसार पूरे भारत में आयोजित इस कार्यक्रम में 21 किलोमीटर हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर तथा 2 किलोमीटर रन फॉर फन की श्रेणियाँ रखी गईं।

विद्यालय में आयोजित इस दौड़ में कुल 35 छात्रों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रचार्या इंद्राणी चटर्जी ने कहा कि दौड़ हमें स्वस्थ और तरोताजा रखने का एक अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारे छात्र न केवल पठन-पाठन में बल्कि सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी आगे रहते हैं। 'रन फॉर डीएवी-2025' में छात्रों ने गति, उत्साह, शक्ति, एकता और अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में खेल भावना, ज़िम्मेदारी और राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रोत्साहित करेंगी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक आलोक कुमार, सीएस पांडे, नीरज श्रीवास्तव, तुषार घोष, विक्रम चंदेल, प्रदीप बोराल, विक्रम राय समेत अन्य शारीरिक शिक्षक उपस्थित रहे।

# आंदोलनकारियों को मान-सम्मान देने की दिशा में सार्थक पहल नहीं : राजू महतो

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी महासभा सह झारखंड पार्टी का रविवार को हुए पलामू प्रमंडलीय सम्मेलन में अलग राज्य के लिए आंदोलन करने वालों को प्रतिमाह आठ हजार रुपये पेंशन स्वीकृत करने की मांग की गई। मेदिनीनगर के रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आंदोलनकारी महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो के अलावा महासभा के महासचिव डॉ अजयनाथ शाहदेव, प्रधान सचिव क्यूम खां, केंद्रीय सचिव अरूण कुमार दुबे मुख्य रूप से उपस्थित होकर कार्यकतार्ओं का उत्साहवर्द्धन किया। सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजू महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलन परिणाम है कि 15 नवंबर 2025 को बिहार से कटकर अलग झारखंड राज्य की स्थापना हुई। राज्य अलग हुए 25 साल हो गए, परंतु राज्य के किसी सरकार ने आंदोलनकारियों को मान-सम्मान देने की दिशा में सार्थक पहल नहीं की। वर्तमान की हेमंत सरकार से काफी अपेक्षा है। मुख्यमंत्री के पिता स्व. शिबू सोरेन ने आंदोलनकारियों के लिए जो सपना देखा था, उसे हेमंत सरकार पूरा करे। राज्य में झारखंड आंदोलनकारियों के शिबू मॉडल लागू किया जाएगा। जो निवमावली बनी है, उसमें संशोधन करते हुए आंदोलनकारियों को आठ हजार पेंशन के साथ पक्का मकान, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि की सुविधा प्रदान की जाए। 15 नवंबर तक मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तो रांची में आंदोलन किया जाएगा। अजयनाथ शाहदेव ने कहा कि आंदोलनकारियों के हितों के बारे में सरकार को गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है। अलग राज्य गठन हुए लंबा वक्त बीत चुका है। प्रधान सचिव क्यूम खां, केंद्रीय सचिव अरूण कुमार दुबे आदि ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। मौके पर अध्यक्ष श्यामलाल सिंह, अजय बक्सराय, सुखाड़ी मियां, रामनरेश ठाकुर समेत कई लोग उपस्थित थे।

### निर्मला मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल में डॉक्टरों ने बचाई युवक की जान

# दुर्घटना के बाद 4 घंटे की जटिल सर्जरी में चिकित्सकों ने किशोर के सिर से खून का थक्का सफलतापूर्वक निकाला

- बेहतर स्वास्थ्य सेवा व सुरक्षा के लिए जागरूकता की जरूरत
- जरूरी है दोपहिया वाहन पर हेलमेट पहनना

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** तीन अक्टूबर को निर्मला मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल में एक गंभीर और नाजुक स्थिति में फंसे युवक का जीवन डॉक्टरों के समर्पित प्रयासों से बचा लिया गया। मरीज के सिर में खून का थक्का जम गया था, जिसके कारण उसकी स्थिति बेहद नाजुक हो गई थी। डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि मरीज जल्दी ही कोमा में जा सकता था, इसलिए उन्होंने परिजनों को स्थिति की गंभीरता से अवगत कराया और लिए बाहर ले जाने की सलाह दी। परिजनों की बहुतेरे आग्रह पर अस्पताल की डॉक्टर टीम ने लगभग चार घंटे तक की जटिल सर्जरी कर सफलतापूर्वक खून का थक्का निकालने में सफलता पाई। यह ऑपरेशन अस्पताल के मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर में संपन्न हुआ। न्यूरो सर्जन डॉक्टर विकास कुमार ने पत्रकारों को बताया कि इस तरह की स्थिति में मरीज को बचाना आसान नहीं होता, लेकिन टीम ने जोखिम उठाकर प्रयास किया। उनकी मेहनत सफल रही और अब मरीज स्वस्थ हो रहा है। परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और डॉक्टरों ने भी ईश्वर की कृपा का आभार माना।डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ ने यह बताया कि वे पलामू और आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। नाम मात्र की नर्सिंग फीस लेकर वे यहां गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे हैं, ताकि स्थानीय लोग बड़ी शहरी सुविधाओं के समान इलाज पा सकें।

न्यूरोसर्जन डॉक्टर विकास कुमार और डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि मेदिनीनगर को स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में बड़े शहरों के समकक्ष लाना उनकी प्राथमिकता है, और इसी वजह से वे कठिन चुनौतियों को स्वीकार कर बेहतर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।डॉक्टरों ने इस मौके पर आम जनता से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि सिर की चोट में खून का थक्का जम जाना जीवन के लिए गंभीर खतरा होता है, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लगना कम जानलेवा होता है। इसलिए हेलमेट को 'सुरक्षा कवच' बताया गया। डॉक्टरों ने सभी से आग्रह किया कि वे अपने परिवार और बच्चों की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनें और दूसरों को भी इसके महत्व को समझाएं।उनका यह संदेश सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास है, जिससे दुर्घटनाओं में जान-माल की हानि से बचा जा सके। डॉक्टरों का मानना है कि दुर्घटनाएं किसी भी समय और कहीं भी हो सकती हैं, इसलिए सतर्कता और सुरक्षा बेहद आवश्यक है। इस तरह के प्रयास स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सुधार के साथ-साथ सार्वजनिक सुरक्षा में भी सहायक साबित होंगे।

## ट्रक ने भैंस के साथ चरवाहे को लिया चपेट में दोनों की स्थिति गंभीर, चालक फरार

**गिद्धौर (चतरा)।** चतरा सदर थाना क्षेत्र के रमटुंडा पुल पर के पास सीमेंट लदा ट्रक एक भैंसा को टक्कर मारने के साथ चरवाहे को चपेट में ले लिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल भैंसा हरिनाथ यादव का है। जबकि घायल चरवाहा जानकी महतो बताया गया। वहीं टक्कर मारने के बाद ट्रक पुल के रेलिंग में अटक गया। जिससे ट्रक पुल के नीचे पलटने से बाल-बाल बच गया। वहीं मौके से ट्रक चालक फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस घटना में घायल रमटुंडा गांव निवासी जानकी महतो को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज गया। जहां से डाक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इस दुघर्टना में पुल का लगभग 50 फीट रेलिंग टूट गया है।

## तैलिक साहू समाज की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारिसाखी पंचायत में अखिल भारतीय तैलीक साहू समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शशि कुमार गुप्ता ने की। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने समाज के उत्थान को लेकर बारी-बारी से अपनी बातें रखी और शिक्षा, संगठित होने तथा समाज में दहेज मुक्त विवाह पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही सर्वसम्मति से पंचायत कमिटी गठन करने का निर्णय लिया। बैठक में उपाध्यक्ष चेतलाल साव, सचिव बीरेंद्र साव, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मंजू देवी, गोपाल साव, जागेश्वर साव समेत अन्य मौजूद थे।

## ऑटो चालक संघ का गठन, संजय बने अध्यक्ष



**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत कौलेश्वरी मोड़ के समीप में रविवार को ऑटो चालकों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें ऑटो चालक संघ का गठन करते हुए संजय सिंह को संघ का अध्यक्ष मनोनित किया गया। वहीं अशोक यादव को कोषाध्यक्ष, जवाहर साहू को सचिव, नागेन्द्र सिंह सन्यासी को मीडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि ऑटो-ई-रिक्शा चालकों और मालिकों की समस्याओं को लेकर संगठन लगातार सक्रिय रहेगी। ज्ञात हो थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने मंगलवार को कौलेश्वरी मोड़ के पास ऑटो स्टैंड में ऑटो चालकों को जाम लगने पर कार्रवाई का निर्देश दिया था और क्रमबद्ध ऑटो लगाने का भी निर्देश दिया था, ताकी सड़क पर जाम ना लगे। थाना प्रभारी के निर्देश को ऑटो चालकों ने गंभीरता से लेते हुए ऑटो संघ का गठन किया। गठन के बाद सभी पदाधिकारी थाना प्रभारी से मिली। इधर नवनियुक्त पदाधिकारियों को थाना प्रभारी समेत ऑटो चालकों ने बधाई दी है।

## नीलांबर- पीतांबर विश्वविद्यालय में अनियमितताओं की शिकायत

**मेदिनीनगर।** आपसू छात्र नेता राहुल दुबे ने रविवार को झारखंड के राज्यपाल से मुलाकात कर नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की अनियमितताओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने दीक्षांत समारोह से जुड़ी छह बिंदुओं पर गंभीर सवाल उठाए। ज्ञापन में कहा गया कि दीक्षांत समारोह की तिथि बदलने के बाद भी प्रमाणपत्र पुरानी तिथि वाले वितरित किए गए, जो नियमों का उल्लंघन है। साथ ही कुलाधिपति शब्द में त्रुटि और समारोह में अव्यवस्था को विश्वविद्यालय की लापरवाही बताया गया। दुबे ने इसे साजिश करार देते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

## छठ पूजा के आयोजन को लेकर ग्रामीणों की बैठक

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत पहरा गांव के ग्रामीणों ने आस्था का महापर्व छठ पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार को बैठक किया। जिसकी अध्यक्षता पहरा निवासी यदुनंदन पांडेय ने व संचालन मुखिया प्रतिनिधि मुकेश साव ने किया। जिसमें छठ पूजा के सफल संचालन को लेकर सर्वसम्मति से सार्वजनिक पूजा संगठन का गठन करते हुएं अध्यक्ष मुख्य प्रतिनिधि मुकेश साव, सचिन प्रदीप साव, निर्देशक यदुनंदन पांडेय, उपाध्यक्ष राजू साव, कोषाध्यक्ष संदीप साव, सदस्य विजय कुमार, ईश्वर प्रजापति, रवि पांडेय, गणेश राणा, नितीश राणा आदि का चयन किया गया।

## पंचायत सचिवालयों में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से जिले के सिमरिया, चतरा सदर, लावालौंग एवं मयूरहंड प्रखंड में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों और पंचायत सचिवालयों में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के जिला समन्वयक विकाश कुमार गुप्ता के द्वारा उपस्थित लोगों को बताया गया कि आज के समय में बालिकाओं के उत्थान के लिए सरकार द्वारा अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वर्तमान समय में लड़कियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदों पर आसीन हैं, आज देश की राष्ट्रपति भी महिला हैं। कार्यक्रम में इनके द्वारा बाल विवाह से होने वाले नुकसान के विषय के साथ बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की भी जानकारी देते हुए बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल प्रबंधक आरबी प्रसाद, मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय सिमरिया के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार, शांति देवी, सीमा कुमारी और मुकेश कुमार मेहता आदि शामिल थें।

# करुण पुकार का लोकार्पण, साहित्य जगत में संवेदनाओं की गूंज

- समाज के विकास में साहित्य का अहम योगदान : इंदर सिंह नामधारी

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** साहित्य जगत को समर्पित एक गरिमामयी कार्यक्रम में कवयित्री रीना प्रेम दुबे की कृति करुण पुकार का लोकार्पण रविवार को मेदिनीनगर स्थित एक निजी होटल में किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी तथा विशेष अतिथि पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी संदीप कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी और राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से पुस्तक का लोकार्पण किया। समारोह की अध्यक्षता श्रीधर प्रसाद द्विवेदी और संचालन राजीव मंडल ने किया।लोकार्पण के बाद नामधारी ने कहा कि करुण पुकार जैसी पुस्तकें सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज के गहन यथार्थ को सामने लाती हैं। उन्होंने लेखक के लेखन को पीड़ा और संघर्ष का जीवंत चित्रण बताया, जो पाठकों को आत्ममंथन के लिए प्रेरित करेगा।डीईओ संदीप कुमार ने पुस्तक से उद्धरण सुनाते हुए कहा कि यह कृति आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगी। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से इसे पढ़ने की अपील की। प्रदीप कुमार ने कहा कि करुण पुकार समाज के वंचित वर्ग की आवाज है, जो न्याय, समानता और मानवता का संदेश देती है।कार्यक्रम में राम लखन दुबे, विनोद तिवारी, लालदेव प्रसाद, धनंजय पाठक, प्रेम प्रकाश दुबे, प्रियरंजन पाठक समर्पण, प्रेमकांत तिवारी, उदयभानु तिवारी, पीयूष राज, रिशु प्रिया, एम.जे. अजहर, अमीन रहबर, गणेश पांडेय, मनीष मिश्र नंदन, पंकज श्रीवास्तव, शीला श्रीवास्तव, ममता झा, रमेश पांडेय, अनुपमा तिवारी, वंदना श्रीवास्तव सहित अनेक साहित्यकार व साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

### चैनपुर में 51 कुंडीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य समापन आज

# धार्मिक उत्साह के साथ आस्था में लीन दिखे श्रद्धालु

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के लोकेया गांव में विगत चार दिनों से चल रहा 51 कुंडीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सोमवार को विधिवत समापन की ओर अग्रसर है। संत पर्वत श्री श्री 1008 गंगा पुत्र श्री दंडी स्वामी महाराज बक्सर वाले की छत्रछाया में आयोजित इस दिव्य अनुष्ठान ने पूरे क्षेत्र को भक्ति, शांति और अध्यात्म के रंग में रंग दिया है। संत दंडी स्वामी महाराज ने अपने प्रवचनों में यज्ञ के महत्व को बताते हुए कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि समाज को शुद्ध, संगठित और सबल बनाने का साधन है। इससे सामाजिक समरसता, आपसी एकता और भाईचारे को मजबूती मिलती है।





पूरे आयोजन स्थल को फूलों, झिलमिल विद्युत-बल्बों, तोरण द्वार और भव्य मंडपों से सजाया गया है। हजारों श्रद्धालु दूर-दराज के क्षेत्रों से प्रतिदिन यज्ञ स्थल पहुंचकर प्राचीन वैदिक परंपराओं में सहभागी बन रहे हैं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सुबह-शाम भागवत कथा और भजन-कीर्तन की ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो उठा है। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन विशाल भंडारे का प्रबंध किया है, जिसमें सभी भक्त श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, इतने बड़े धार्मिक आयोजन से क्षेत्र की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है और समाज में अध्यात्म के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

**आस्था के बीच अंधविश्वास की चर्चा भी जोर पर :** महायज्ञ स्थल पर राजस्थान से आए 'कंबल वाले बाबा' भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे। उनके पास सैकड़ों मरीज गठिया, लकवा, घुटनों के दर्द जैसी समस्याओं से राहत की आस में पहुंचे। बाबा कथित तौर पर मरीजों को कंबल ओढ़ाकर बीमारियाँ दूर करने का दावा करते हैं, जिसके लिए 100 रुपये का टिकट अनिवार्य था। बाहर बाबा के सहयोगी कथित 'यंत्र' बेच रहे थे, जिनकी कीमत 600 रुपये से अधिक थी, और दावा था कि यह बाबा द्वारा सिद्ध यंत्र है।

हालांकि, कई लोगों ने इस प्रक्रिया पर संदेह जताया। एक किशोर ने बताया कि बाबा केवल दर्द वाली जगह को दबाते हैं, जिससे तकलीफ और बढ़ जाती है, जबकि एक महिला ने अनजाने में यंत्र ले लेने की बात कही। मेला परिसर में बाबा की भीड़ को देखते हुए पुलिस की तैनाती की गई थी।

बहरहाल, इस पूरे प्रसंग ने आस्था और अंधविश्वास के बीच एक संवेदनशील सामाजिक चर्चा को जन्म दिया है, जिसमें जनमानस सच और अंधविश्वास के भेद को समझने का प्रयास कर रहा है।

# सप्ताह भर से बंद है गोदाम, नमक लदे ट्रक दो दिनों से है खड़ा




**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) गोदाम परिसर में नमक लदा ट्रक दो दिनों से खड़ा है। लेकिन रिसीव नहीं होने और नमक अनलोडिंग नहीं होने से चालक परेशान है। ट्रक चालक ने बताया कि वह डिहरी (बिहार) से 1,388 बोरी नमक लेकर शुक्रवार की सुबह आया था। लेकिन गोदाम प्रबंधक के अनुपस्थिति में कोई रिसीव नहीं कर रहा है। उक्त नमक जनवितरण प्रणाली के माध्यम से अंत्योदय अन्न योजना, पीएचएच राशनकार्ड धारकों के बीच वितरित करने के लिए आया है। अंचलाधिकारी सह आपूर्ति पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा कि गोदाम खुलवाने के लिए जिला प्रशासन से मजिस्ट्रेट कि नियुक्ति कि मांग कि गयी है। ताकि मजिस्ट्रेट के उपस्थिति में वीडियोग्राफी कराते हुए गोदाम की जांच कर इसे खोलवाया जा सके इधर थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने गोदाम परिसर से ट्रक को हटाकर सुरक्षित स्थान पर लगाने का निर्देश दिया है। विगत सप्ताह भर से गोदाम बंद रहने है अंत्योदय और पीएचएच कार्डधारकों को मिलने वाला राशन पर असर पड़ रहा है। गौरतलब है कि एसएफसी गोदाम से करीब 3 करोड़ रुपए की लागत का 9003 क्विंटल अनाज गायब करने मामला केतार थाना में दर्ज हुआ है।

# अबुआ आवास घोटाले में बीडीसी पर आरोप, प्राथमिकी दर्ज

## गढ़वा उपायुक्त के निर्देश पर बीडीओ नंदजी राम ने की कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** भवनाथपुर पंचायत में अबुआ आवास योजना के लाभुकों से आवास दिलाने के नाम पर पैसा लेने के आरोपों के मामले में भवनाथपुर बीडीसी चंदन ठाकुर के खिलाफ स्थानीय थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई गढ़वा उपायुक्त के निर्देश पर बीडीओ नंदजी राम द्वारा की गई। मामले की पृष्ठभूमि के अनुसार, बीडीसी चंदन ठाकुर ने पहले शिकायत की थी कि पंचायत में मुखिया बेबी द्वारा लाभुकों से अवैध वसूली की जा रही है। इसके बाद उपायुक्त के निर्देश पर बीडीओ एवं एसडीओ की टीम ने मामले




की जांच की और अपनी जांच प्रतिवेदन डीसी पत्रांक 571 दिनांक 10 अक्टूबर के तहत उपायुक्त को भेजा। जांच में पाया गया कि चंदन ठाकुर ने स्वयं भी लाभुकों से अवैध वसूली की। लाभुकों ने आरोप लगाया कि संगीता देवी पति बबन पासवान और राजू डोम से बीडीसी चंदन ठाकुर ने अबुआ आवास के नाम पर प्रति लाभुक 10-10 हजार रुपए की मांग की, जिसमें दोनों लाभुकों ने नगद 3,000 रुपए दिए। शेष राशि न देने पर चंदन ठाकुर ने आवास योजना की जांच कराने की धमकी दी। इसी तरह, सुदेश्वा देवी पति हरि बैठा से भी पांच हजार रुपए की मांग की गई, लेकिन लाभुक ने पैसा नहीं दिया। बीते दिनों हुई जांच और जांच प्रतिवेदन के आधार पर, गढ़वा उपायुक्त ने कार्रवाई करते हुए बीडीसी चंदन ठाकुर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के मामले ग्राम पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार और लाभुकों की परेशानियों को उजागर करते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो और योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लाभुकों तक पहुंचे।

# चोरी की बाइक के साथ एमपी का युवक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित सेंट्रल बैंक के नीचे अन्नपूर्णा होंडा शाइन बाइक शो रूम से हुई बाइक चोरी का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। चोरी के मामले में शोरूम के ऑनर अनिल कुमार साह ने मझिआंव थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जानकारी के अनुसार, आरोपी पुष्पेंद्र कुमार पनिका (उम्र 24 वर्ष) पिता रामसुंदर पनिका, निवासी ग्राम बभनी, थाना बरका, जिला सिंगरौली (मध्यप्रदेश) का रहने वाला है। चोरी की गई बाइक के साथ उसे पलामू जिला के रेहला थाना पुलिस ने गश्ती (पेट्रोलिंग) के दौरान पकड़ा। रेहला पुलिस को आरोपी पर उस समय संदेह हुआ जब वह बिना हेलमेट के संदिग्ध गतिविधियों के साथ बाइक चला रहा था। रोककर पूछताछ करने पर उसने चोरी की बात कबूल कर ली। इसके बाद रेहला पुलिस ने तुरंत



मझिआंव थाना को सूचना दी और आरोपी समेत बाइक को सुपुर्द कर दिया। वहीं, प्राथमिकी दर्ज कराने वाले अनिल कुमार साह ने बताया कि उनके घर में दो पुरानी बाइकें रखी हुई थीं। 11 सितंबर 2025 की भोर में जब उन्होंने देखा तो एक बाइक गायब थी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि एक युवक घर में घुसकर बाइक चोरी कर फरार हो गया था। पुलिस की सतर्कता से आरोपी की गिरफ्तारी और बाइक की बरामदगी के बाद पीड़ित व्यक्ति ने ने राहत की सांस ली है। वहीं, मझिआंव थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया।

# पांच साल से पानी का इंतजार कर रहे हैं खेरवारी टोला के ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** प्रखंड के चुतरू पंचायत के खेरवारी टोला के ग्रामीण को 5 साल से साफ पीन का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन ग्रामीणों को न तो पानी टंकी से नहीं मिला और न ही पीने को पानी। चुतरु पंचायत के खेरवारी टोला में चार लाख पचासी हजार का सोलर संचालित जल मिनार लगाया गया था। लेकिन एक दिन भी ग्रामीणों के घर तक नहीं पहुंच



पाया। जबकि ठेकेदार के द्वारा कहा गया था कि घर-घर लोगों को इस पानी की टंकी से सभी के घर पानी दी जाएगी। इस संबंध में उप मुखिया जियाउद्दीन अंसारी ने भी बतलाए कि ग्रामीण को पीने के लेकर सोलर संचालित जलनल लगाई गई थी। परंतु ग्रामीणों को एक दिन भी पीने को पानी नहीं मिला। वहीं इस संबंध में पीएचडी विभाग के जेई से भी बात की गई। उनके द्वारा भी कहा गया कि यह मेरे विभाग का नहीं है। किस विभाग से लगी है यह पता कर आपको बताऊंगा।

## कामगार यूनियन के प्रदेश कार्य समिति की बैठक

**मेराल।** कामगार यूनियन के प्रदेश कार्य समिति की बैठक रविवार को मेराल पूर्वी पंचायत भवन में किया गया। बैठक जिला बीएमएस अध्यक्ष सियाराम शरण वर्मा की उपस्थिति मेंइ किया गया। भवन निर्माण संघ के प्रदेश अध्यक्ष बृज किशोर पासवान, जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा और सदस्य शामिल हुए। बैठक में संगठन के मजबूती और विस्तार पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने श्रम मंत्रालय द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और असंगठित मजदूर के हित में चलाई जाने वाले लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### आरएसएस के 100 वर्ष पूरा होने पर निकाला गया भव्य पथ संचलन

# समाज को एकजुट, सशक्त व संस्कारित बनाना ही संघ का ध्येय : अभिमन्यु

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को चिनियां प्रखंड मुख्यालय में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह संचलन मुख्यालय स्थित नेमना शिव मंदिर से प्रारंभ होकर चिनियां बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर होते हुए रंका मोड़ से वापस चिनियां हाई स्कूल मैदान तक पहुंचा। पूरे मार्ग में अनुशासन, वेशभूषा और संगठन की झलक देखने को मिली। इस ऐतिहासिक अवसर पर जिला सेवा प्रमुख तेजस अभिमन्यु, खंड कार्यवाह फुलटुश गुप्ता, सह खंड कार्यवाह अरुण सिंह और मंडल कार्यवाह इंद्रदीप प्रसाद के साथ सैकड़ों स्वयंसेवक सफेद शर्ट और खाकी पैंट में पंक्तिबद्ध होकर चल रहे थे। स्वयंसेवकों के हाथों में लाठी और सर पर टोपी थी। पूरा वातावरण देशभक्ति और अनुशासन की भावना से ओत-प्रोत दिखाई दे रहा था।



### जगह-जगह स्वयंसेवकों का स्वागत

पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा भारत माता की जय,वंदे मातरम और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा चिनियां गूंज उठा। मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पथ संचलन के माध्यम से समाज को यह संदेश देने का प्रयास किया कि हिंदू समाज को जाति-पाति, भेदभाव और संकीर्णता से ऊपर उठकर एकजुट होकर धर्म, राष्ट्र और संस्कृति के प्रति समर्पित रहना चाहिए। संघ का उद्देश्य समाज में संगठन, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करना है। इस अवसर पर जिला सेवा प्रमुख तेजस अभिमन्यु ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष केवल संगठन के 100 वर्ष नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण के सतत प्रयासों की एक गौरवशाली यात्रा है। समाज को एकजुट, सशक्त और संस्कारित बनाना ही हमारा ध्येय है। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। पूरे आयोजन में शांति, अनुशासन और सौहार्द का अद्भुत माहौल रहा। कार्यक्रम के समापन पर स्वयंसेवकों ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति समर्पण और एकता का संकल्प लिया।

# बीडीओ से बांध व पुलिया निर्माण की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के संयोजक रामनाथ उरॉव ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर अलकर ग्राम में सतबहिनी नाला पर स्थित बांध की मरम्मति कराने और झुमरी ग्राम के ढूडी नाला पर पुलिया निर्माण कराने की मांग किया है। बीडीओ को दिये आवेदन में कहा गया है कि अलकर ग्राम में सतबहिनी नाला पर 30फीट लम्बा, 15 फीट चौड़ा और 25 फीट गहरा बांध था जो वर्ष 2017 में अत्यधिक वर्षा के कारण लगभग 10 फीट बांध टूट गया है उक्त बांध से आदिवासियों की 50 एकड़ भूमि की सिंचाई होता था, उसमें मछली पालन भी होता था। उक्त बांध की मरम्मति आज तक नहीं कराया गया। वहीं झुमरी में ढूडी नाला पर पुलिया नहीं होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त दोनों कार्य आदिवासी टोले में है। उक्त कार्यों को कराने की दिशा में शीघ्र पहल करने की मांग करते हुए उन्होंने कहा है कि यदि इस दिशा में कदम नहीं उठाया गया तो विवश होकर आंदोलन के लिये बाध्य होना पड़ेगा।

### एससी, एसटी व ओबीसी प्रतिनिधियों ने की बैठक

# संविधान बचाओ संघर्ष समिति के गठन की घोषणा

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** सेवानिवृत्त शिक्षक राजनाथ राम के आवास पर एससी, एसटी, ओबीसी एवं माइनॉरिटी वर्गों के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सीताराम जायसवाल ने की और संचालन राजनाथ राम ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य इन वर्गों पर हो रहे सामाजिक और संस्थागत अत्याचारों पर चर्चा करना और भविष्य की रणनीति तैयार करना था। बैठक में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंके जाने की घटना की कड़ी निंदा की गई एवं इसे लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था पर सीधा हमला बताया गया। समिति ने निर्णय लिया कि आगामी 15 अक्टूबर 2025 को एक विरोध मार्च का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संविधान की रक्षा और हाशिए पर खड़े समुदायों के अधिकारों की रक्षा की मांग किया जाएगा। मौके पर सीताराम जायसवाल, कृष्ण राजी जी, साजिद खान, नेम खलीफा, विश्वनाथ चंद्रवंशी, चंद्र देव यादव, प्रदीप राम, शिवधारी राम (पूर्व अध्यक्ष, झारखंड सरकार अनुसूचित जाति आयोग), शिवकुमार सिंह, विद्या पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पिता ने गांव के ही युवकों पर लगाया अपने बेटे की हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** बहियार कला पंचायत में 6 दिन पूर्व एक युवक की जोकइला नदी में डूबने से मृत्यु की घटना में एक नया मोड़ आ गया है। परिजनों ने गांव के ही नाबालिग युवकों पर हत्या कर इसे नदी में फेंक कर, डूब कर मरने का रंग देने का प्रयास किया है। इसकी सूचना मृतक के पिता अखलेश उरांव ने छह दिन बीत जाने के बाद पुलिस को दी। ग्रामीणों एवं परिजनों के अनुसार मृतक 14 वर्षीय रंजन कुमार उर्फ कालिया जोकइला नदी में गांव के



लड़कों के साथ में नहाने गया था, इसी क्रम में उसकी डूब कर मृत्यु हो गयी। साथ गये नाबालिग युवकों ने ही उसे नदी से बाहर निकाला और हो हल्ला किया। हो हल्ला सुन कर, अगल -बगल बकरी चरा रहे ग्रामीणों ने इसकी सूचना बस्ती के लोगों को दिया। इसके बाद ग्रामीणों के ही कहने पर मृतक के पिता ने लाश को दफना दिया। इस घटना की सूचना उस समय पुलिस को नहीं दी गयी थी। घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद परिजनों को संदेह हुआ की मेरे पुत्र की डूब कर नहीं कोई साजिस के तहत मारा गया है। तो इसकी शिकायत रमना थाना को किया गया। इसके बाद रमना थाना प्रभारी आकाश कुमार,एसआई जयप्रकाश गुप्ता एवं पुलिस बल के साथ बहियार कला ग्राम पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना किया और प्रत्यक्ष दर्शियों से घटना के संबंध में पूछ-ताछ किया। इस घटना की पुलिस हर बिंदु पर गहनता से जांच कर रही है।

# महुडंड पंचायत के परहिया टोला में पांच आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती इलाके महुडंड पंचायत के पांच गावों में क्रमशः चोरपहरा, प्रतापपुर, लपसेरा, लोहबंधा, कुरदाग आदि गांव में हुसैनाबाद विधायक सह राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने स्थल पर पहुंच कर पांच आंगनबाड़ी केंद्र परहिया टोला में शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कोई भी गांव विकास कार्यों से बंचित नहीं रहेगा। प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र पहाड़ी इलाके है और विकास कार्यों से काफी पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। अब यह पंचायत धिरे धिरे विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने विभिन्न सड़कों का स्थल निरीक्षण किया और जल्द ही कार्य करने की बात कही। विधायक ने ओपी प्रभारी के आग्रह पर महुडंड ओपी का निरीक्षण किया और भवन निर्माण कार्य कराने का बात कही। वहीं महुडंड पंचायत के आदिवासी महिला वार्ड सदस्य सुनिता देवी के घर पर जाकर समस्याओं से रुबरु हुए। ग्रामीणों ने भी कई प्रकार की ज्वलंत समस्याओं से संबंधित कार्यों के लिए आवेदन विधायक महोदय को दिया। ज्ञात हो कि यह आंगनबाड़ी केंद्र संवेदक राजीव रंजन उपाध्याय एवं प्रमोद मिश्रा के द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। जो तिन माह में यह भवन बन कर तैयार हो जाएगा।

### श्री बंशीधर नगर में मना डॉ. लोहिया की पुण्यतिथि

# डॉ. लोहिया गैर कांग्रेसवाद के जनक थे : रामचंद्र केशरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** डॉ राममनोहर लोहिया चेतना मंच के तत्वावधान में डॉ. लोहिया के पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. राममनोहर लोहिया चेतना मंच के संरक्षक सह पूर्वमंत्री रामचंद्र केशरी, मंच के अध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष कमलेश बिहारी, कोषाध्यक्ष सीताराम जायसवाल, सचिव सत्येंद्र कुमार ठाकुर,अश्विनी कुमार सहित अन्य ने डॉ लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर मंच के संरक्षक सह पूर्वमंत्री रामचंद्र केशरी ने कहा कि डॉ. लोहिया राजनीतिक चिंतक,संघर्षशील योद्धा और महान अर्थशास्त्री थे। वे भारतीय परिस्थितियों के लिये आज



भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितना आजादी के बाद से अपने अंतिम दिन तक थे। केशरी ने कहा कि उन्होंने चौखम्भा राज्य की परिकल्पना की थी। आज उनके विचारों को ही मूर्त रूप देने की कोशिश की जा रही है। डॉ. लोहिया गैर कांग्रेस वाद के जनक थे। उनके ही प्रयास से 1967 में देश के नौ राज्यों में गैर कांग्रेस सविंद की सरकार बनी। उस समय बिहार में गैर कांग्रेसी सविंद की सरकार महामाया बाबू के नेतृत्व में बनी थी। डॉ. लोहिया चेतना मंच के अध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा ने कहा कि सामाजिक समता और सामाजिक न्याय की लड़ाई और पिछड़े वर्गों की साठ सैकड़ा आरक्षण देने की मांग डॉ लोहिया ने शुरू किया था। मौके पर मंच के सचिव सत्येंद्र कुमार ठाकुर,रामकेश चंद्रवंशी, अश्विनी कुमार, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय,विनोद प्रसाद,कमलेश बिहारी, मो0 नईम खलीफा,मथुरा राम, सोबराती खान,अरुण कुमार, इस्माइल अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पंचायत स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

# शिक्षकों का समाज के उत्थान में रही है अहम भूमिका : हरेंद्र चौधरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड के हासनदाग पंचायत भवन में रविवार को विचार गोष्ठी एवं पंचायत स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुखिया फुलमंती देवी द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में समाज में चल रहे कुरीतियां बाल विवाह अशिक्षा अंधविश्वास एवं अन्य सामाजिक अभिशाप पर विचार गोष्ठी में चर्चा किया गया और लोगों को इस संबंध में जागरूक भी किया गया। इसके बाद मुखिया फूलमंती देवी और प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी द्वारा कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, सरकारी शिक्षक और गैर सरकारी सभी शिक्षकों को शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी ने कहा कि शिक्षकों का समाज के उत्थान में अहम भूमिका होता है। इसी उद्देश्य को लेकर पंचायत स्तरीय शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान समारोह आगे भी जारी रहेगा जो पंचायत में किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करेंगे उनको सम्मानित किया जाएगा।

# उरिया नदी से बालू का अवैध खनन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** हासनदाग उरिया नदी में पुल के पास बालू माफियाओं ने रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए अवैध बालू का उत्खनन कर रहे हैं और मोटी रकम में बालू को दूर भेज रहे हैं। संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं स्थानीय प्रशासन इनको रोकने में असफल दिख रहे हैं। जिसका उदाहरण है मेराल से लखेया होते हुए हसनदाग के मुख्य सड़क में पुल के पास यूरिया नदी में भंडारण के रूप में जमा की गई बालू। जानकारी के अनुसार उरीया नदी पुल के पास दिन में बालू माफिया द्वारा मजदूर लगाकर पानी से बालू छानकर बालू का भंडारण करते हैं और उस बालू को रात्रि में उठाव कर ऊंचे दाम पर दूर दराज के क्षेत्र में बेचते हैं। उरिया नदी पुल के



पास अवैध बालू उठाव के कारण गाडवाल तथा पुल के दक्षिण भाग में मिट्टी का कटाव होने लगा है, इससे पुल क्षतिग्रस्त होने होने की संभावना है। एनजीटी के रोक के बावजूद भी प्रशासन बालू उठाव रोकने में असफल जैसा प्रतीत हो रहा है। जिससे बालू माफियाओं का गोरख धंधा फल फूल रहा है।

**परेशानी** — आधुनिकता के प्रभाव से मिट्टी के बर्तन बनाने की परंपरा संकट में, थमने लगी चाक की पहिये

# चाइनीज दीये व मोमबत्ती ने घटाई मांग, परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल


**बिट्टू सिंह**

**केतार।** प्रखंड में कुम्हारों का पेशा सदियों से ग्रामीण जीवन और सांस्कृतिक पहचान का अहम हिस्सा रहा है। मिट्टी के बर्तन हंडिया, मटके, दीये और सजावटी वस्तुएं, जहां घरेलू उपयोग में आती थीं, वहीं परंपरा और संस्कृति के प्रतीक के रूप में भी इनका विशेष महत्व था। लेकिन आधुनिकता के प्रभाव और बदलती जीवनशैली ने इस पारंपरिक व्यवसाय को गहरे संकट में डाल दिया है। अब स्टील, एलुमिनियम और प्लास्टिक के बर्तनों ने मिट्टी के बर्तनों की जगह ले ली है, वहीं फ्रीज ने घड़े की उपयोगिता



समाप्त कर दी है। इससे मिट्टी के बर्तनों की मांग लगातार घटती जा रही है। कुम्हारों का कहना है अन्य जगहों पर सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक चाक और सरकारी सहायता दिया जा रहा है, जिसकी उन्हें किसी तरह का मदद नहीं मिला है। लकड़ी की महंगाई और कमी के कारण बर्तनों को पकाने की प्रक्रिया कठिन होती जा रही है। लागत बढ़ने से बिक्री दिन प्रतिदिन घट रही है और व्यवसाय टिकाऊ नहीं रह गया है। केतार प्रखंड के मुकुंदपुर गांव के रामानंद प्रजापति, आमवाडिह गांव के हुसैनी प्रजापति, नंदलाल प्रजापति, कैलाश प्रजापति, परसोडीह गांव के राजेश्वर प्रजापति, दावा प्रजापति, चंदेश्वर प्रजापति आज भी मिट्टी के बर्तन बनाते हैं, पर उनके घरों की नई पीढ़ी अब इस पेशे से दूरी बना चुकी है। युवा पिढी अब जेनरल स्टोर, दुकान, और ड्राइविंग, वेल्डिंग दुकान सहित अन्य आधुनिक कामों में लग गये है तो कुछ दुसरे राज्यों में पलायन करने लगे हैं।

### मेहनत के अनुरूप कमाई नहीं



रामानंद प्रजापति मुकुन्दपुर गांव के रामानंद प्रजापति आज भी पारंपरिक चाक से बर्तन बनाते हैं। उन्हें विद्युत चालित चाक नहीं मिला है फिर भी वे पुरानी पद्धति से काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि मिट्टी के बर्तन बनाने से उनकी परिवार का गुजर बसर नहीं हो पा रहा है। नयी पीढ़ी इस काम को छोड़ चुकी है और बाजार में भी मिट्टी के बर्तन की मांग न के बराबर है।

### अब नया काम नहीं कर सकते : राजेश्वर



परसोडीह गांव निवासी राजेश्वर प्रजापति ने कहा कि मिट्टी और लकड़ी खरीदने के बाद मिट्टी के बर्तन बनाने की लंबी प्रक्रिया शुरु होती है। इसके बावजूद हर साल मांग घटती जा रही है। उन्होंने बताया कि इस पेशे से परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। उनके बेटे दुसरे व्यवसाय से जुड़ गए हैं। जबकि उम्रदराज होने के कारण वो दुसरा कोई काम नहीं कर सकते हैं।

### दस प्रतिशत अनुदान पर मिल रहा है चाक : पंकज गुप्ता



लघु एवं कुटीर उद्योग विभाग के प्रखंड समन्वयक पंकज गुप्ता ने कहा कि 90 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को इलेक्ट्रिक चाक मिल रहा है। किसानों को सिर्फ दस प्रतिशत 2350 रुपए में चाक मिल रहा है। इस योजना का लाभ लेने के लिए शिल्पकार आवेदन कर सकते हैं ताकि उन्हें भी इस योजना का लाभ मिल सकें।

आत्मनिर्भर भारत के तहत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन को लेकर बैठक

# सम्मेलन में शामिल होंगे पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** भाजपा जिला कार्यालय लातेहार में जिला अध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता में आत्मनिर्भर भारत के तहत आगामी विधानसभा स्तरीय सम्मेलन की तैयारी बैठक की गई। लातेहार विधानसभा के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन 14 अक्टूबर 2025 को समय दोपहर 2 बजे लातेहार स्टेशन रोड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन लातेहार में की जाएगी।

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, चतरा लोकसभा के लोकप्रिय सांसद कालीचरण सिंह, लातेहार विधानसभा के विधायक प्रकाश राम उपस्थित रहेंगे

वहीं मनिका विधानसभा के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन 16 अक्टूबर 2025 समय 11 बजे स्थान मनिका, सिंजो स्थित महेश सिंह के फैक्ट्री में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में मंच पर मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे जिला मंत्री रेणु देवी मंचस्थ रहे। बैठक की संचालन कार्यक्रम के जिला संयोजक सह जिला महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि बंसी यादव ने की। वहीं समाप्ति की घोषणा जिला कार्यक्रम सह संयोजक सह युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि छोटू राजा के द्वारा किया गया। मौके पर आत्मनिर्भर भारत के जिला टोली, भाजपा जिला पदाधिकारी, मंच मोर्चा के जिलाध्यक्ष साथ साथ मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

बारी पंचायत भवन में रैयतों की बैठक आयोजित

# रैयत के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा : सरोज देवी

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** प्रखंड के बारी पंचायत भवन में रविवार को ग्राम प्रधान रोबेन उरांव की अध्यक्षता में रैयतों की सप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित रैयतों ने अपनी अपनी समस्याओं को जिला परिषद सदस्य सरोज देवी के समक्ष रखा। रैयतों की समस्याओं को सुनने के उपरांत सरोज देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जीविकोपार्जन का एक मात्र साधन खेती ही है। ग्रामीण पीढ़ी दर पीढ़ी वर्षों से अपने जमीन पर खेती बारी करते आ रहे है। लेकिन हाल सर्वे में हुई त्रुटियों के कारण जमीन का दखल किसी और के नाम हो गया है या फिर बिहार सरकार, गैर मजूरुआ कर दिया गया है। इन समस्याओं को लेकर ग्रामीण रैयत काफी परेशान हैं। सरोज देवी ने कहा की जब से बनहरदी कोल ब्लॉक जेवीएनएल को आवंटित हुआ है तभी से ग्रामीणों के द्वारा जमीन त्रुटि से संबंधित मामला उठाया जा रहा, लेकिन अभी तक इस मामले पर प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीणों में काफी असंतोष है। जिप ने सभी रैयतों को आश्वासन देते हुए कहा कि किसी भी रैयत के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा अगर समय रहते जमीन संबंधि समस्याओं का सामाधान नही किया गया तो आंदोलन करने से हम लोग पीछे नहीं हटेंगे। जिला परिषद ने लातेहार उपायुक्त महोदय से इस मामले पर संज्ञान लेने का आग्रह किया है। मौके पर लाल जन्मज्य नाथ शाहदेव, बेलाल अहमद, रमेश उरांव, हाजी हाशिम, हाजी समीद अहमद,लालसहाय उरांव,जीते उरांव,अजय मुंडा रमेश मुंडा,हीरामनी देवी,शोभा देवी, सुनीता देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय

**लातेहार।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा लातेहार धरमपुर जिला इकाई द्वारा आगामी चित्रगुप्त पूजा महोत्सव को धूमधाम से मनाने को लेकर को शिव मंदिर प्रांगण धर्मपुर लातेहार में बैठक आयोजन किया गया। जिसमें पूजा को धूमधाम से मनाने हेतु पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी निर्णय लिया गया। इस बैठक में जिला अध्यक्ष विवेक सिन्हा, सचिव आलोक रंजन एवं पदाधिकारी में धनेश सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, योगेंद्र प्रसाद, अखिलेश कुमार, विकास कुमार सिन्हा, विनीत सिन्हा, राजू प्रसाद, दिलीप कुमार सिन्हा,पंकज कुमार सिन्हा, योगेंद्र प्रसाद उपस्थित हुए।

## कुर्मी जाति को एसटी सूची में शामिल करने का विरोध

**बारियातू।** बारियातू प्रखंड के सालवे पंचायत अंतर्गत अलखडिहा टोला मे कुर्मी जाति को आदिवासी सूची मे शामिल करने के विरोध में राजदेव उरांव की अध्यक्षता में आदिवासी समाज की बैठक की गई। जिसमें आदिवासी समाज ने कुर्मियों को आदिवासी का दर्जा दिए जाने की मांग का विरोध किया है। वहीं आदिवासी संस्कृति को बचाए रखने की बात कही गयी। वक्ताओं ने कुर्मी (कुड़मी) समाज द्वारा झारखंड में आदिवासी का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रम की आदिवासी समाज ने विरोध करने का निर्णय लिया। साथ ही 14 अक्टूबर को जिला मुख्यालय लातेहार में आहुत रैली व विरोध प्रदर्शन में भारी संख्या में शामिल होने का निर्णय लिया गया। मौके पर कामेश्वर उरांव, नागेश्वर उरांव, सुरेश उरांव, शिवप्रसाद उरांव, मुन्ना लोहरा, अर्चना देवी, सुमती देवी सहित भारी संख्या मे उरांव व लोहरा आदिवासी समुदाय के लोग मौजूद थे।

## शैक्षिक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बने डॉ. ओमप्रकाश

**लातेहार।** झारखंड शैक्षिक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पद की डॉ. ओमप्रकाश पासवान को दिलायी गयी। यह शपथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा दिलाई गई। शपथ ग्रहण के के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश तथा शैक्षिक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. प्रसाद पासवान ने डॉ. ओम प्रकाश पासवान को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा शिक्षा समाज की रीढ़ है। झारखंड के शैक्षिक विकास में डॉ. ओमप्रकाश पासवान जैसे अनुभवी शिक्षाविदों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उनके नेतृत्व में शैक्षिक कांग्रेस नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। शैक्षिक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. प्रसाद पासवान ने भी डॉ. ओमप्रकाश पासवान की निष्ठा, कार्य कुशलता और समर्पण के लिए उनकी सराहना की। मौके पर डॉ. पासवान ने कहा कि झारखंड के शिक्षा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेगें। शिक्षकों, शिक्षार्थियों और संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित कर राज्य के शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करना होगा।

## गोवर्धन पूजा समिति के अध्यक्ष बने बबलू यादव

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड के पितीज पंचायत अंतर्गत पितीजी गांव में आगामी गोवर्धन पूजा को भव्य एवं पारंपरिक रूप से मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी को लेकर पितीजी देवी मंडप परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ ग्रामीणों की उपस्थिति में की गई, जिसमें पूजा की तैयारी, साज-सज्जा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से गोवर्धन पूजा समिति का गठन किया गया। समिति में बबलू यादव को अध्यक्ष, अक्षय कुमार यादव को सचिव, रंजय यादव को उपाध्यक्ष तथा अभिषेक यादव को कोषाध्यक्ष चुना गया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष बबलू यादव ने कहा कि गोवर्धन पूजा का आयोजन पूरे गांव के सहयोग से श्रद्धा और उल्लासपूर्वक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य गांव में सामाजिक एकता, भाईचारा और धार्मिक सौहार्द को मजबूत करना है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पूजा के अवसर पर भक्ति संगीत, आरती, प्रसाद वितरण के साथ-साथ रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर शिक्षक ठाकुर दयाल यादव, प्रसाद यादव, शंकर यादव, प्रकाश यादव, विकास यादव, महेंद्र यादव, राजू यादव, जितेंद्र यादव, कपिल यादव, संतन यादव, संजय यादव, विजय यादव, विनय यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने कहा कि गोवर्धन पूजा न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह गांव की एकता और सामूहिकता का प्रतीक भी है।

## पिनकोड डाक लॉजिस्टिक सेवा का शुभारंभ

**चंदवा।** शहर के कुसुमटोली रोड पर रविवार को पिनकोड डाक नामक नई लॉजिस्टिक सेवा का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज के द्वारा किया गया। पिनकोड डाक के प्रोपराइटर विशाल गौतम ने बताया कि इस लॉजिस्टिक सेवा का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच ई-कॉमर्स डिलीवरी को तेज, सुरक्षित और सुलभ बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि चंदवा और आसपास के इलाकों में लोगों को अब बड़े शहरों जैसी सुविधा उनके दरवाजे तक मिले। पिनकोडक डाक का हर पैकेट भरोसे और समय की पहचान बनेगा। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि लोहरदगा में सिटी हब और चंदवा में मिनी हब के रूप में दो प्रमुख केंद्र स्थापित किए गए हैं। इससे लातेहार, बालूमाथ, गारू, महुआडांड, मनिका जैसे इलाकों में अब ई-कॉमर्स डिलीवरी नेटवर्क और मजबूत होगा। इस हब के माध्यम से विभिन्न ऑनलाइन ऑर्डर, कुरियर सेवा और स्थानीय डिलीवरी को बेहतर ढंग से संचालित किया जाएगा। विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे स्टार्टअप और लॉजिस्टिक प्लेटफॉर्म न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार देंगे, बल्कि डिजिटल इंडिया मिशन को भी ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने इस पहल के लिए विशाल गौतम और उनकी टीम को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मौजूद मीडिया स्थानीय नागरिकों व व्यवसाईयों ने भी इस पहल की सराहना की। उनका कहना था कि पिनकोडकडाक जैसी सेवाएं अब छोटे कस्बों को भी डिजिटल सुविधा की मुख्यधारा से जोड़ेंगी। मौके पर दर्जनों लोग मौजूद थे।

बेतला में प्रदेश स्तरीय यादव महासभा का प्रशिक्षण शिविर

# समाज के उत्थान व अधिकारों की मांग पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रांतीय यादव महासभा के प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का शनिवार को बेतला में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने किया। प्रशिक्षण शिविर में पलामू प्रमंडल और प्रदेश के विभिन्न जिलों से यादव महासभा के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। अतिथियों का अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया और प्रशिक्षण की औपचारिक शुरूआत हुई।

इस दो दिवसीय कार्यक्रम में बूंद बिहारी प्रसाद यादव संयोजक,मोहर सिंह यादव जिलाध्यक्ष लातेहार, अजय कुमार यादव जिलाध्यक्ष पलामू, कृष्णा प्रसाद यादव जिलाध्यक्ष गढ़वा, सिद्धार्थ घोष प्रमुख और अनिता यादव मुख्यालय प्रभारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र सुबह और संध्या 3:30 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित किया गया। प्रमुख पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण संबंधित विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पुनम, संयोजक प्रदेश महिला प्रकोष्ठ ने किया। वक्ता के रूप में डॉ. रूबी कुमारी, सदस्य राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ अखिल भारतीय यादव महासभा, प्रोफेसर मीरा राय, प्रदेश अध्यक्ष महिला निवेशक और रिंकी देवी, दवाडीह सतबरवा शामिल रहीं। प्रशिक्षण शिविर में विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि अब यादव समाज के उत्थान के लिए पूरी तरह एकजुट होकर समाज के विकास का कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि समाज के विकास के लिए संगठनात्मक दृष्टि से मजबूत होना और सरकार से यादव समाज के लिए हक और अधिकार की मांग करना आवश्यक है।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** वनवासी कल्याण केंद्र चतरा द्वारा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित 11 स्टार मैदान में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के संस्थापक बाला साहब देशपांडेय एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर संस्था के जिलाध्यक्षकृष्ण चंद्र सिंह, सचिव सुरेश कुमार पाठक, प्रांत खेल प्रमुख डोमन चंद महतो, जिला प्रचारक दयाशंकर सिंह, डोमन राम, तेतर गंझु, संतोष उरांव, वीरेंद्र उरांव सहित अन्य लोगों के द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रतियोगिता में पहला मैच मचान और लोबगा के बीच खेला गया। जिसमें मचान ने पेनल्टी के माध्यम से लोबगा को एक गोल से हराया। दूसरा मैच सिंदरीबार और चेलंगबार के बीच खेला गया। जिसमे चेलगबार एक गोल से जीता और तिसरा मैच लोबगा और सिंदरीबार के बिच खेला गया। मैच में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम को पुरस्कृत किया जाएगा एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भेजा जाएगा।

# देवनद दामोदर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बने मनु गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** महापर्व छठ पूजा की तैयारियों को लेकर देवनद दामोदर छठ पूजा समिति चंदवा की बैठक मुख्य बाजार स्थित अन्वी एजुकेशन के कार्यालय में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में इस वर्ष छठ महापर्व को भव्य बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ ही साथ इस वर्ष के लिए कमेटी का पुनर्गठन भी किया गया। सर्वसम्मति से पुनः मनु कुमार गुप्ता को अध्यक्ष, मुकेश कुमार सिंह को सचिव, पवन वैद्य और हिमांशु सिंह को कोषाध्यक्ष बनाने पर सहमति बनी। कमेटी ने पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, उप प्रमुख अश्विनी मिश्र,रंजीत कुमार गुप्ता, इंद्रजीत भारती,अरविंद सिंह,अमित गुप्ता, रामयश पाठक, शशिकांत मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव, सत्येंद्र प्रसाद यादव, दीपू कुमार सिन्हा, राजेंद्र यादव, प्रेम शंकर भगत को कमेटी के संरक्षक मंडली में शामिल किया है। समिति के अध्यक्ष मनु गुप्ता व संरक्षक अश्विनी मिश्र ने कहा कि चंदवा में छठ महापर्व का आयोजन ऐतिहासिक होता आ रहा है। इस वर्ष भी देवनद दामोदर छठ पूजा समिति इसे और बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि वैसे सारे काम जो छठ व्रतियों के सेवार्थ किए जाने चाहिए समिति करने का प्रयास करेगी। मौके पर मंटू केशरी, संजय यादव समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# पूर्व थाना प्रभारी ने 50-यार्ड पिस्टल श्रेणी में प्राप्त किया पहला स्थान

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह में आयोजित पलामू रेंज पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता 2025-26 में छिपादोहर के पूर्व थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने लातेहार जिले का प्रतिनिधित्व किया और 50-यार्ड पिस्टल श्रेणी में शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 9 और 10 अक्टूबर 2025 को फायरिंग रेंज लेस्लीगंज में आयोजित की गई थी, जिसमें पलामू रेंज के विभिन्न जिलों के पुलिस पदाधिकारी और उपनिरीक्षक शामिल हुए। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों में अनुशासन, सटीक निशानेबाजी और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी पुलिसकर्मियों ने अपनी तकनीक और कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे यह कार्यक्रम अत्यंत प्रतिस्पर्धी और रोमांचक बना। समापन समारोह के दौरान पुलिस महानिरीक्षक (पलामू क्षेत्र) शैलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं हमारे पुलिसकर्मियों में अनुशासन, सटीकता और आत्मविश्वास को सशक्त करती हैं। मैं सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूं। समापन समारोह में विजेताओं को सम्मान पत्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। विशेष रूप से धीरज कुमार सिंह के प्रदर्शन को सराहा गया, जिन्होंने न केवल प्रथम स्थान हासिल किया बल्कि अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणा भी बनी। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को उनके सहभागिता और प्रयास के लिए धन्यवाद भी दिया गया।

प्रतियोगिता ने दिखाया कि नियमित प्रशिक्षण और अनुशासन से पुलिसकर्मी न केवल अपने पेशे में दक्ष बनते हैं, बल्कि सटीक निशानेबाजी और टीम भावना में भी सुधार करते हैं। इस प्रकार के आयोजन पुलिसकर्मियों को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी आत्मविश्वास और दक्षता बनाए रखने में मदद करते हैं।

# पंचायत स्तर तक चलाया जाएगा वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

**लातेहार।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद यादव ने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को जिले के हर प्रखंड और पंचायत स्तर तक ले जाया जाएगा। इस अभियान के तहत व्यापक हस्ताक्षर कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य जनता को लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट करना है। यादव ने कहा कि यह अभियान जन-जन को जोड़ते हुए सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद किया जायेगा। अभियान के सफल संचालन के लिए प्रत्येक प्रखंड में प्रभारी नियुक्त किए गए है। इनमें लातेहार से इफ्तेखार अहमद, सरयू से हरिशंकर यादव, गारु से किशोर तिर्की, महुआडांड़ से सईद अंसारी, बरवाडीह से विश्वनाथ पासवान, मनिका से अवधेश मेहरा, हेरहंज से सुरेंद्र भारती, बालूमाथ से रवींद्र राम, बरियातू से साजन कुमार और चंदवा से नसीम अंसारी को जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह अभियान जनता के विश्वास और मताधिकार की रक्षा के लिए एक लोकतांत्रिक लड़ाई है। पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से हस्ताक्षर करवाएंगे और वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे को जन आंदोलन का स्वरूप देंगे।

# पोस्ता व गांजा की खेती रोकथाम को लेकर जागरुकता कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुंदा (चतरा)।** चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के कोलकोले पंचायत सचिवालय में रविवार को पोस्ता (अफीम) एवं गांजा खेती रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ विपिन कुमार भारती ने किया। कार्यक्रम में चतरा डीएसपी अमिता लकड़ा, सिमरिया एसडीपीओ सनी राज, लावालौंग थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा, कुंदा सीओ दीपक मिश्रा, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह व वन विभाग के कई अधिकारी मुख्य रूप से शामिल थे। कार्यक्रम में लोगों से मादक पदार्थ पोस्ता (अफीम) एवं गांजा की खेती ना करने के लिए जागरूक किया है, शिविर में बताया गया कि पोस्ता की खेती करने से जमीन बंजर हो जाता है। उसके बाद उस जमीन में कोई भी फसल अच्छे से उपज नहीं हो पाता है। इसके साथ ही नशे की खेती से आए दिन युवा पीढ़ी नशे की लत मे चले जाते हैं जिससे उनकी जिंदगी बर्बाद हो जाता है। इसके साथ ही बताया गया कि यह खेती करना गैरकानूनी है। इस खेती में सम्मिलिता पाए जाने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई व सजा का प्रावधान है। जिससे कई लोगों को जेल के सलाखों के पीछे जाना पड़ता है, जिसके कारण उनके पूरे घर परिवार को परेशानी झेलनी पड़ती है। मौके पर कोलकोले मुखिया, कुंदा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, कुंदा मुखिया मनोज साहू, सिक्कीदाग मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश यादव वार्ड सदस्य रविशंकर वर्मा समेत कई जनप्रतिनिधि महिलाएं व ग्रामीण शामिल थे।

सरस्वती विद्यामंदिर में अभिभावक शिक्षा कार्यक्रम आयोजित, क्षिक्षकों ने कहा-

# बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की दी गई सलाह

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर लातेहार में अरुण, उदय और प्रभात कक्षा के भैया-बहनों के लिए अभिभावक शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य था अभिभावकों को खेल व गतिविधि आधारित पद्धतियों के माध्यम से शिक्षित व प्रशिक्षित करना, ताकि वे घर पर भी भैया-बहनों के शैक्षणिक व बौद्धिक विकास में प्रभावी सहयोग कर सकें। अध्यक्ष ने कहा जब हम खेल-खेल में सीखने की विधि से अभिभावकों को प्रशिक्षित करते हैं, तो उन्हें यह समझना सरल होता है कि बच्चे किन तरीकों से सीखते हैं। यह प्रक्रिया घर और विद्यालय के बीच मजबूत सेतु का कार्य करती है। साथ ही उन्होंने मोबाइल के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए भैया-बहनों को मोबाइल से दूर रखने की सलाह दी और घर पर कुछ क्रियात्मक कार्य करवाने की भी सलाह दी। कार्यक्रम में भैया-बहनों ने अपने अभिभावकों के साथ भागीदारी की, वहीं अभिभावकों ने भी बड़ी सक्रियता के साथ बच्चों को सहयोग प्रदान किया। इस सामूहिक सहभागिता में निम्नलिखित रचनात्मक क्रियाकलाप संपन्न हुए। छोटी-छोटी चौकियों पर बैठकर पिस्टे के छिलके से कोलाज वर्क,भिंडी की सहायता से ठप्पा कार्य, चम्मच और अंटा दौड़,प्लेट सिर पर लेकर चलने का प्रयास, जिससे संतुलन व अनुशासन का अभ्यास हो सके।

प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने इस अवसर पर कहा कि क्रियाकलाप आधारित शिक्षा बच्चों के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास को एक साथ प्रभावित करती है। जब अभिभावक स्वयं इस प्रक्रिया में शामिल होते हैं, तो वे बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को गहराई से समझ पाते हैं। साथ ही नवीन सत्र में नामांकन प्रारंभ हो गया है जिसकी कक्षाएं 1 नवंबर से चलेगी। इसकी जानकारी देते हुए कहा कि अब शिक्षा की पद्धति बदल गयी है, अब क से कमल नहीं, कमल का क पढ़ाया जाता है।

इस कार्यक्रम में अरुण, उदय एवं प्रभात कक्षा के कुल 32 से अधिक अभिभावकों ने भाग लिया। सहभागिता के प्रतीकस्वरूप विद्यालय की ओर से सभी महिला एवं पुरुष अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शिशु वाटिका की दीदी गीता कुमारी, नीलम अम्बस्टा, शिल्पा कुमारी और नीलम कुमारी की उपस्थिति व सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।

# जल्द होगा बौली बगीचा मंदिर परिसर का कायाकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के तिवारी दुरा महादेव आश्रम रोड स्थित बौली बगीचा का जीर्णोद्धार कार्य अब शुरू होगा। इसको लेकर मोहल्ले के लोगो ने रविवार को बैठक कर रणनीति तैयार किया है। बताया गया कि श्री श्री 1008 श्री जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर तिवारी दुरा की मंदिर संपत्ति बौली बगीचा है। जिसके ट्रस्ट के सदस्य मनोज दास की उपस्थिति में मंदिर की संपत्ति का सदुपयोग हेतु समस्त मोहल्लेवासी ने नए सिरे से कार्य करने का निर्णय लिया है। जिसमें सभी मुहल्लेवासियों ने अपनी सहमति जताई। सर्वप्रथम तालाब का सुंदरीकरण कर चारदिवारी से सीमांकन करने, अतिक्रमित संपत्ति को मुक्त करने, दशकर्म घाट का निर्माण करने, महिलाओं के लिए शौचालय एवं स्नानागार का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए समस्त क्षेत्र को साफ सफाई कर शुद्ध वातावरण में यह संपत्ति को सुसज्जित कर मंदिर का विकास कार्य किया जाएगा। बताया गया की मंदिर परिसर में असामाजिक तत्वों का आवागमन बढ़ गया है। जिसके कारण मंदिर जा वातावरण दूषित हो रहा है। यह मंदिर ट्रस्ट का निष्क्रिय रहने के कारण हुआ है। बताया कि लगभग 10-15 वर्ष पूर्व यहाँ खेती होती थी। इसके अन्न से महाप्रभु का भोग लगाया जाता था। अब फिर से मंदिर परिसर को हरा भरा बनाना है और यहाँ पर अच्छे से बागवानी किया जाएगा। मौके पर महेंद्र महतो, पंकज महतो, ललित महतो, राजेश महतो, सूरज महतो, रामविलास सिंह, रविंद्र महतो, संजय महतो, सुनील अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, अजय महतो, तेजू साहू, शंकर कुशवाहा, सूरज कुमार प्रीतिक कुमार, मनोज दास, मोहन दास, दीपक महतो शिशुपाल महतो गोबिंद महतो, अविनाश महतो, लल्लु ठाकुर, सैकड़ों सनातनी उपस्थित थे।

## सर्पदंश से बुजुर्ग महिला की मौत



**कुडू - लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के चिताकोनी गांव में शनिवार रात सर्पदंश से स्व. जीतू उरांव की 60 वर्षीया पत्नी भिनसारी उरांव की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, शनिवार की रात लगभग आठ बजे भिनसारी उरांव अपने घर में सो रही थीं। इसी दौरान एक विषैला सांप कमरे में घुस गया और उन्हें काट लिया। कुछ ही देर में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन तत्काल उन्हें कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### तीन दिवसीय स्व.कुणाल सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का संपन्न

# पढ़ाई के साथ खेल पर भी ध्यान दें युवा : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत हेसवे ग्राम स्थित मध्य विद्यालय के खेल प्रांगण में नव युवक संघ हेसवे द्वारा आयोजित रविवार को तीन दिवसीय स्व.कुणाल सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट सम्पन्न हुआ। फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया था.फाइनल खेल के मुख्य अतिथि लोहरदगा के उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप देव शेखावत और विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु सिंह तथा निशांत सिंह व मिथुन तमेंड़ा के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल खेल प्रारम्भ कराया गया.खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डीडीसी दिलीप प्रताप देव शेखावत ने कहा कि युवा पढ़ाई के साथ खेल पर भी ध्यान दें जिन्हें जिस खेल में रुचि है.हॉकी,क्रिकेट,फुटबॉल,बैड मिन्टन सभी को अलग अलग खेल में रुचि रहता है.जिन्हें जिस खेल में रुचि है.वो एक लक्ष्य लेकर खेल को अनुशासन के साथ खेलें तथा खेल भावना से आपस मे एक दूसरे के साथ मित्रता बनाये रखें साथ ही कहा कि खेल के नियमानुसार अनुशासन के साथ खेलने पर अवश्य ही सफलता मिलेगी।

वही खेल आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष रामजीत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस टूर्नामेंट को सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में लगातार दस वर्षों से सफलता पूर्वक आयोजित किया जा रहा है.वही टूर्नामेंट का फाइनल मैच ब्लैक डायमंड तिगरा और रैंबो क्लब कुंदगड़ी के बीच खेला गया.जिसमें पेनाल्टी सूट आउट में तिगरा की टीम 4-1 गोल से जीत कर प्रतियोगिता का विजेता बना। वही विजेता,उपविजेता और तृतीय तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त टीम को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कार स्वरूप नगद राशि दे कर सम्मानित किया गया.मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्षक विश्वनाथ मिस्त्री, सचिव जोयेस कुजूर,एस सुजुद्दीन रजा, तिवारी उरांव,अर्जुन मिस्त्री, रूपेश यादव, राजेश मुंडा, आदित्य मिस्त्री समेत अन्य खेल प्रेमी ग्रामीण महिला पुरुष व बच्चे बच्चियां उपस्थित थे।

## अंजुमन अस्पताल में एक्स-रे मशीन का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा लगातार उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा द्वारा संचालित अंजुमन अस्पताल लोहरदगा में रांची के प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में मरीजों का बेहतर उपचार किया जा रहा है। अस्पताल में आधुनिक तकनीक से सुसज्जित लैब स्थापित की गई है, जहां सभी प्रकार की जांचें उन्नत उपकरणों से की जाती हैं। साथ ही अस्पताल परिसर में दवाखाना भी संचालित है, जिसमें मरीजों को बाज़ार से कम दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसी क्रम में संस्था ने स्वास्थ्य सुविधाओं को और सशक्त करने हेतु एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आज अस्पताल परिसर में आधुनिक एक्स-रे मशीन का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्घाटन अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के नायब सदर सैयद तारीफ हुसैन बबलू, जॉइंट सेक्रेटरी अनवर अंसारी, अल्ताफ कुरैशी, सक्रिय सदस्य इरशाद अहमद एवं जफर इमाम के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस नई सुविधा के माध्यम से अब अस्पताल परिसर में मरीजों को आधुनिक एक्स-रे जांच की सेवा बाजार से कम दर पर उपलब्ध होगी, जिससे स्थानीय नागरिकों को सस्ती और बेहतर चिकित्सा सेवा सुनिश्चित की जा सकेगी।

## धोबाली जतरा महोत्सव का आयोजन



**भंडरा।** एतिहासिक धोबाली जतरा महोत्सव का आयोजन संपन्न हुआ. धोबाली जतरा वर्षों से लगते आ रहा है और आदिवासी संस्कृति एवं परंपरा का जीवंत प्रतीक माना जाता है. इस वर्ष के महोत्सव में पारंपरिक भैंसा लड़ाने की परंपरा का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा. क्षेत्र के लोग दूर-दराज़ से इस ऐतिहासिक आयोजन को देखने पहुंचे और अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने का अनुभव किया. आस-पास के गांव के दर्जनों खोड़हा मंडलियों ने पारंपरिक नृत्य एवं गीतों का शानदार प्रदर्शन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. मांदर की थाप और लोकगीतों की गूंज ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया. महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बिन्देश्वर उरांव महामंत्री भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा झारखण्ड प्रदेश तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राजमनी उरांव जिला परिसद सदस्य, भुनेश्वर उरांव शामिल हुए। मौके पर ग्राम प्रधान सुरेंद्र उरांव , गुलशन उरांव , जलेश्वर उरांव ,प्रमोद

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**कुडू - लोहरदग़ा।** कुडू रांची मुख्य पथ एनएच-75 थाना क्षेत्र के नवाटोली के सामीप शनिवार की रात लगभग नौ बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 55 वर्षीय श्यामदेव महतो की मौत हो गई। मृतक कुडू मखाटोली निवासी स्वर्गीय रामदेव रामधन महतो के पुत्र थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्यामदेव महतो साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान ढुलूवा खूंटा पुल से आगे नवाटोली के समीप, जहां से फोरलेन सड़क शुरू होती है, एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें कुडू अस्पताल पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें रिम्स, रांची रेफर कर दिया। मगर रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद से क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## प्रतिभावान खिलाड़ियों को बढ़ावा देना प्रतियोगिता का खास उद्देश्य : हाजी अब्दुल

- कुर्से मिडिल स्कूल मैदान में चार दिवसीय शहीद शेख भिखारी फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड अंतर्गत कुर्से मिडिल स्कूल मैदान पर चार दिवसीय शहीद शेख भिखारी फुटबॉल प्रतियोगिता का लोहरदगा अंजुमन ए इस्लामिया के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार, आयोजन समिति के संरक्षक हातिम अंसारी, अध्यक्ष छोटू, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रफीक अंसारी, तबारक अंसारी, अर्सलान अंसारी, समेत अन्य अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किया गया। मौके पर उद्घाटन कर्ता हाजी अब्दुल जब्बार ने कहा कि लोहरदगा जिला में एक से बढ़कर एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, बेहतर सुविधाएं नहीं मिलने के वजह से आगे नहीं बढ़ पाते हैं, वैसे खिलाड़ियों को बढ़ावा देने हेतु कुर्से मिडिल स्कूल मैदान में शहीद शेख भिखारी फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। कहा कि छोटी-छोटी प्रतिभाएं से लोहरदगा जिला के छूपे हुए प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपना बेहतर कैरियर बनाने में काफी मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि फाइनल सह समापन समारोह में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के अलावा विशिष्ट अतिथि के तौर पर संदीप मिश्रा, कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, तबरेज अंसारी, शेख सारिफ, युनूस अंसारी, साजिद अंसारी, वासीम भंडारी, रवि कुमार, इम्तियाज अंसारी, एकरामुल अंसारी,नसीम अंसारी, मुखिया सुनीता उरांव, मोहम्मद असजद शामिल होंगे। मालूम हो कि टूर्नामेंट में लोहरदगा, रांची, गुमला, लातेहार समेत झारखंड प्रदेश के कई जिलों की कुल 32 टीमें भाग ली है और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर रहे हैं। वहीं संरक्षक हातिम अंसारी ने कहा कि लोहरदगा जिला में अच्छे-अच्छे खिलाड़ियों का हुजूम है, लेकिन उन्हें अपने हुनर को बढ़ावा देने में कई तरह की रूकावटें आती है जिसे दूर करने का और वैसे खिलाड़ियों को चिन्हित कर बेहतर प्लेटफार्म दिलाना खास मकसद रहता है।

मौके पर आयोजन समिति के सचिव अर्श, राजकुमार, तबरेज, खुर्शीद, मेराज समेत बड़ी संख्या में आयोजन समिति के पदाधिकारीगण और सदस्यगण एवं खेल प्रेमी मौजूद थे।

## मेडिकल कैंप में 153 लोगों ने कराया अपना इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा के पतरा टोली स्थित मधुर मेडिकल मेडिकेयर हॉस्पिटल ट्रामा सेंटर एवं मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में रविवार को मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में हड्डी जोड़ एवं नस विशेषज्ञ डॉक्टर विवेक मधुर, जेनरल सर्जन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एन मधुर, नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आभा मधुर, इसके अलावा हृदय रोग एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ जनरल फिजिशियन डॉक्टर शिव शंकर मुंडा, चर्म कुष्ठ, एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आर पी साहू, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विनीत कुमार मिश्रा, न्यूरो सर्जन सिर दर्द, माइग्रेन, ब्रेन ट्यूमर, मिर्गी के दौरे, सिर की नई एवं पुरानी चोट एवं नस रोग संबंधित डॉक्टर दीपक कुमार के द्वारा संबंधित रोगों का इलाज किया गया। साथ ही जनरल फिजिशियन सर्दी खांसी बुखार पेट दर्द एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चंदन कुमार इस कैंप में विशेष रूप से उपलब्ध थे। मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल के निदेशक अजय कुमार मधुर ने बताया कि प्रत्येक रविवार को डॉक्टर आभा मधुर, नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ एवं महीने के दूसरे रविवार को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विनीत कुमार मिश्रा अपने विशेष सेवा इस अस्पताल में देते हैं।

मेघा फ्री मेडिकल कैंप में हड्डियों में कैल्शियम की जांच बीएमडी मशीन के द्वारा की गई। इसके अलावा हीमोग्लोबिन एवं यूरिक एसिड की जांच निःशुल्क की गई। जरूरतमंद लोगों को भी निःशुल्क दवा अस्पताल की तरफ से उपलब्ध कराया गया। साथ ही कैंप के दौरान डिजिटल एक्स-रे में भी भारी छूट दी गई। कैंप में 153 मरीजों ने लाभ उठाया। जिनका निःशुल्क इलाज किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में सावित्री मधुर,विशाल मधुर, सुरेंद्र, अंगद, अमन, उज्जवल, गुलाब, सिद्धार्थ, सूरज, खालिद, नेहा, सुशीला, रोशनी, पूनम, सोनम, देवंती, प्रियंका, उषा, एतेन, खुशी, मेहरानी ने अपना अहम योगदान दिया। शिविर में मुख्य रूप से हड्डी जोड़ से संबंधित, जनरल सर्जरी, स्त्री रोग, नवजात शिशु रोग,चर्म एवं एलर्जी रोग,न्यूरो सर्जरी एवं हृदय रोग से संबंधित बीमारियों से संबंधित कुल 153 मरीजों ने अपना इलाज करवाया।

## चिकित्सा शिविर में 70 लोग हुए लाभान्वित

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 174 वाँ सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,रिम्स के नेत्र चिकित्सक सहायक बी.कुमार,उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं सहसचिव संजय चौधरी आदि मौजूद थे। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 70 लोग अपने स्वास्थ्य संबंधित जांच करवा कर लाभान्वित हुए। नेत्र, हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर,बी.पी,वजन,हार्ट बीट,ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा हम सभी को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य का चेकअप आवश्यक करते रहना चाहिए,स्वस्थ शरीर ही जीवन का सही सुख है,शरीर के किसी भी अंग पर कष्ट रहने पर मन हर समय विचलित रहता है शरीर ठीक रहेगा तब ही आप खुशहाल रह सकते है। नेत्र चिकित्सक सहायक बंटी कुमार ने कहा की शरीर का सबसे प्रमुख चीज (अंग) आंख है,और आंख की रोशनी को अधिक समय तक बचाये रखने के लिए बहुत से बीमारियों से बचना पड़ता है। कभी भी बिना डॉक्टर के सलाह से आंखों पर किसी भी तरह का दवा ना डालें। सुबह-सुबह उठते के साथ दोनों हाथों से आंखों को पानी से अच्छे से धोएं। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं सहसचिव संजय चौधरी ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ चेकअप करवा कर अपने उक्त बीमारियों का यहाँ डॉक्टर से इलाज करवाते हुए उनकी सलाह से स्वस्थ हो रहे हैं।यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,सह सचिव संजय चौधरी,नेत्र चिकित्सक बी.कुमार,अंजलि सर्राफ,गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, रुपेश चौधरी,अतुल सर्राफ, राहुल तमेडा,सत्यम सर्राफ,मंजू देवी, संध्या देवी,सागर मंडल,नितिन कुमार,सुनील सिंह,सच्चिदानंद अग्रवाल,सुनील प्रसाद,रामकिशोर यादव,जितवाहन बड़ाईक,भीम यादव,सच्चिदानंद ठाकुर,रविंद्र प्रजापति,दीपक राय,सुबोध महतो,राज किशोर महतो,प्रोफेसर परमानंद अग्रवाल, मेरी देवी, शिमला देवी,एस. के शर्मा,ओमकार,शांति देवी, पूनम देवी, अनीता देवी, उदय कास्यंकार,ममता बंका,श्वेता देवी,अनीता पोद्दार,रामकुमार महतो,ताराचंद भंडारी,सुभद्रा देवी आदि उपस्थित थे।

## कार्तिक उरांव साइकिल रेस का आयोजन कल

**लोहरदगा।** विकास भारती बिशनपुर संस्था द्वारा विगत 41 वर्षों की भांति इस वर्ष भी कार्तिक उरांव साइकिल रेस का आयोजन 14 अक्टूबर 2025 को किया जा रहा है। कार्तिक उरांव साइकिल रेस बक्शीडीपा मैदान लोहरदगा से जतरा टाना भगत स्मारक चिंगरी बिशनपुर लगभग 51 किलोमीटर का होता है। इस साइकिल रेस में लोहरदगा एवं गुमला जिले के सैकड़ो ग्रामीण युवक एवं युवतियां उत्साह से भाग लेती है कार्तिक उरांव साइकिल रेस से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। साइकिल रेस उद्घाटन कार्यक्रम प्रातः 8:30 बजे प्रारंभ होगा। जिसमें साइकिल रेस को विकास भारती बिशुनपुर के सचिव पद्मश्री अशोक भगत पुलिस अधीक्षक लोहरदगा एवं अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर चिंगरी के लिए रवाना किया जाएगा। इस वर्ष चिंगरी में होने वाले समापन समारोह में युवा संगम 2025 का भी आयोजन किया गया है। जिसमें लोहरदगा जिले के लगभग 600 युवाओं का सम्मेलन होगा। जिसमें मुख्य रूप से ग्रामीण विकास मॉडल के ऊपर मंथन किया जाएगा और गांव के विकास में युवाओं की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में युवा विकास मॉडल के विभिन्न आयामों से परिचित हो पाएंगे।

## संगठन सृजन अभियान को लेकर सुखदेव भगत राजस्थान रवाना



**लोहरदगा।** सांसद सुखदेव भगत राजस्थान के लिए रवाना हुए। विदित हो कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संगठन सृजन अभियान के तहत लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को राजस्थान का ऑब्जर्वर बनाए हैं इससे पूर्व भी इन्हें गुजरात एवं मध्य प्रदेश का ऑब्जर्वर बनाया गया था।सांसद एक सप्ताह पूर्व राजस्थान के ब्यावर जिला का दौरा कर संगठन की स्थिति का जायजा ले चुके हैं। सांसद राजस्थान के अन्य जिलों का दौरा कर संगठन की जमीनी हकीकत क्या है, संगठन के लोगों एवं संगठन की क्या गतिविधि हैं उसको जानेंगे।

### विद्या मंदिर स्कूल में दो दिवसीय क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव का आयोजन आज से

# संस्कृति महोत्सव में वेद, उपनिषद व धार्मिक ग्रंथ का लगेगा स्टॉल

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** विद्या भारती उत्तर-पूर्व क्षेत्र (बिहार) द्वारा बॉक्साइट नगरी लोहरदगा में दो दिवसीय क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव का आयोजन 13 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। यह कार्यक्रम शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा में आयोजित होगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को विद्यालय परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की गई। संस्कृति महोत्सव के क्षेत्रीय प्रमुख विवेक नयन पांडे ने महोत्सव के उद्देश्यों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, भैया बहनों की भागीदारी, व्यवस्था और मीडिया समन्वय पर विशेष चर्चा की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित विभिन्न विभागों की तैयारी के प्रमुख ने अपनी -अपनी तैयारियों की जानकारी साझा की तथा समयबद्ध योजना बनी। मीडिया बन्धुओं को शॉल, कलम और डायरी देकर सम्मानित किया गया। रांची विभाग के विभाग प्रमुख एवं क्षेत्रीय महोत्सव के प्रमुख विवेक नयन पांडेय ने बताया कि इस महोत्सव में वेद, उपनिषद व धार्मिक ग्रंथों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही सरहुल, कर्मा और दुर्गा पूजा पर आधारित आकर्षक सनातन संस्कृति की झांकी भी प्रदर्शित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ संस्कृति के प्रति जागरूकता और सम्मान का भाव बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव में कुल 169 भैया-बहन प्रतिभागी और 40 आचार्यगण शामिल होंगे। यहाँ से चयनित प्रतिभागियों को सीतामढ़ी में होने वाली अखिल भारतीय प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा।संस्कृति महोत्सव के क्षेत्रीय प्रमुख विवेक नयन पांडे ने कहा कि "हमारा उद्देश्य भारतीय संस्कृति की विविधता को एक मंच पर प्रस्तुत करना है। विद्या भारती में शिक्षा का संस्कृति से नाता ,जय जननी ,जय भारत माता कहते हैं। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति को जोड़ने के लिए संस्कृति महोत्सव मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्घाटन 13 अक्टूबर को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्याली राम, क्षेत्रीय मंत्री रामवतार नरसरिया, प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल, विद्यालय सचिव अजय प्रसाद, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, प्रदेश सचिव नकुल शर्मा तथा जनजातीय क्षेत्र के प्रतिनिधि पहान उपस्थित रहेंगे। पहले दिन लोक प्रदर्शनी, प्रश्नमंच प्रतियोगिता और लोक नृत्य प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे, जबकि दूसरे दिन मूर्तिकला, कथा-कथन, आशुभाषण और आचार्य पत्रवाचन प्रतियोगिता के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। प्रेस वार्ता के दौरान शशिधर लाल अग्रवाल, अजय प्रसाद, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, सुरेशचंद्र पांडेय, अमन कुमार, सनोज कुमार, श्वेता संदेश, नीतू कुमारी , मंजू देवी , जामवंती मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## आरटीआई के स्थापना दिवस पर काट गया केक

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का 20 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच लोहारदगा जिला कमिटी ने रविवार को केतकी पैलेश होटल में केक काटकर और लड्डू बांटकर धुमधाम से सूचनाधिकार दिवस मनाया। मौके पर भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच , लोहरदगा के जिलाध्यक्ष शकील अख्तर ने कहा कि भ्रष्टाचार पर लड़ने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से सबसे बड़ा कानून सबसे बड़ा हथियार है ।जब तक भ्रष्टाचार काम नहीं होगी। लोहरदगा जिला में तब तक भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंत्री लड़ाई लड़ते रहेगी। जिला संरक्षक प्रदीप राणा ने कहा कि " आज ही के दिन 12 अक्टूबर 2005 को हमारे भारत देश में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (आरटीआई ) लागु हुआ था जिसका आज 20 वर्ष पूर्ण हो गया। जो सूचना कानून लोकतंत्र की बहुत बड़ी ताकत है। जिला उपाध्यक्ष एजाज अख्तर ने कहा कि सूचना कानून नागरिकों को सशक्त बनाता है, उन्हें सरकारी तंत्र के कामकाज की जानकारी प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त है। मंच के जिला सचिव संजय विश्वकर्मा ने कहा कि नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने और एक पारदर्शी, जवाबदेह और भ्रष्टाचारमुक्त शासन प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

# गोस्सनर कॉलेज ने जीती रांची विश्वविद्यालय फुटबॉल ट्रॉफी

- फाइनल में कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला को पेनल्टी कॉर्नर में एक गोल से हराया
- डी.एस.डब्ल्यू. डॉ. सुदेश कुमार साहू ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालय पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का फाइनल मुकाबला आज कार्तिक उरांव कॉलेज, गुमला के खेल मैदान में रोमांचक वातावरण में संपन्न हुआ। फाइनल में गोस्सनर कॉलेज, रांची और कार्तिक उरांव कॉलेज, गुमला के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जो निर्धारित समय तक बराबरी पर रहा। अंततः मैच का निर्णय पेनल्टी कॉर्नर के माध्यम से हुआ, जिसमें गोस्सनर कॉलेज, रांची ने एक गोल की बढ़त बनाते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं, कार्तिक उरांव कॉलेज, गुमला को उपविजेता घोषित किया गया। मैदान पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों की उत्कृष्ट खेल भावना और संघर्षशील प्रदर्शन की दर्शकों ने सराहना की। मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के डी.एस. डब्ल्यू. डॉ. सुदेश कुमार साहू ने विजेता एवं उपविजेता दोनों टीमों को ट्रॉफी प्रदान की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा "यह मुकाबला खेल भावना, अनुशासन और संघर्ष का प्रतीक रहा। हार और जीत खेल का हिस्सा है, परंतु असली विजेता वही है जो समर्पण और टीम भावना से खेलता है।" कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्तिक उरांव कॉलेज, गुमला के प्रभारी प्राचार्य डॉ. बद्रीनाथ मिश्रा ने की। उन्होंने कहा "इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और खेल भावना को नई ऊँचाई दी है। हार के बावजूद हमारे खिलाड़ी विजेता की तरह खेले और पूरे कॉलेज को गौरवान्वित किया।" इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ. सतीश कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि "खेल अनुशासन और एकाग्रता का सबसे बड़ा माध्यम है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है।" फाइनल मुकाबले में कॉलेज के सभी प्राध्यापकगण, शिक्षा संकाय (B.Ed. कॉलेज) के शिक्षकगण एवं B.Ed. प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने वालंटियर के रूप में आयोजन, सजावट एवं अनुशासन व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाई। इस मौके पर उपस्थित कॉलेज परिवार के सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे, इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के सिलेक्टर प्रतिनिधि अनिल वीरेंद्र कुल्लू, डॉ राम मुरमू, धीरज कुमार महतो, कुमुद रंजन, विजय वर्मा, रिजवान अली, मनोज कुमार है।

## भरनो में किसान सभा का आयोजन

# डीएपी बना किसानों का हमसफर: डॉ. शशि भूषण

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** भरनो स्थित आईएफएफडीसी बिक्री केंद्र में शनिवार को किसान सभा का आयोजन किया गया, जहां इफको के राज्य विपणन प्रबंधक डॉ. शशि भूषण समदर्शी ने किसानों को नैनो डीएपी के उपयोग और उसके लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इफको तरल नैनो डीएपी फसलों की बेहतर बढ़वार और अधिक पैदावार में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रहा है। डॉ. समदर्शी ने बताया कि वर्तमान समय में किसान आलू और सब्जी मटर की बुआई कर रहे हैं। ऐसे में आलू के कंद और मटर के बीज को नैनो डीएपी से शोधित कर बुआई करने से अंकुरण बेहतर होता है, जड़ें मजबूत बनती हैं और पौधों की शुरुआती वृद्धि तेज होती है। इससे मिट्टी में मौजूद पोषक तत्वों का अधिकतम अवशोषण संभव हो पाता है, जिससे फसल की बढ़वार और विकास प्रारंभ से ही अच्छा होता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि प्रत्येक किलो बीज या कंद को 5 मिली नैनो डीएपी से शोधित कर आधा घंटा छाया में सुखाने के बाद बुआई करें। इससे नैनो डीएपी के सूक्ष्म कण बीज के बाहरी आवरण से जुड़ जाते हैं और अंकुरण के दौरान जड़ों तक पोषक तत्वों की आपूर्ति करते हैं। यह प्रक्रिया जड़ों को तेजी से विकसित करती है और मिट्टी में दिए गए दानेदार डीएपी तथा पोटाश के अवशोषण में भी सहायता करती है। डॉ. समदर्शी ने कहा कि इस विधि से तैयार पौधे प्रारंभिक अवस्था से ही मजबूत और स्वस्थ होते हैं, जिससे फसल की हर अवस्था संतुलित ढंग से विकसित होती है और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। कार्यक्रम में चंदन कुमार ने किसानों से आग्रह किया कि वे अपने खेतों में नैनो उर्वरकों का प्रयोग बेझिझक करें और आधुनिक तकनीक को अपनाकर उत्पादन एवं लाभ दोनों में बढ़ोतरी करें। इस अवसर पर उर्वरक विक्रेता विष्णु केशरी के अलावा लमकाना, दुम्बो, भरनो, कैरो, गढ़ाटोली, कुसुम्बाहा, सिंगारसराई और बांसटोली के मटर एवं आलू उत्पादक किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सिलम पंचायत में शिक्षा सुधार को लेकर बैठक

# बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति व उत्कृष्ट परिणाम पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



रायडीह (गुमला)। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार गुमला जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार और माध्यमिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट परिणाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिलम पंचायत के बरटोली गांव में एक विशेष शैक्षणिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सिलम के मुखिया बीरेंद्र उरांव ने की, जबकि प्रभारी प्रधानाध्यापक सुमित कुमार नंद और सहायक शिक्षक सुनील कुमार सहित कई शिक्षक, अभिभावक और ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना, शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाना, और नशे व अन्य हानिकारक आदतों से दूर रखकर अच्छे संस्कारों का विकास करना था। सिलम विद्यालय के पूर्व छात्रों ने आगे आकर "गुरु-दक्षिणा" के रूप में योगदान देने की घोषणा की। उन्होंने बच्चों को श्रुतिलेख, हैंडराइटिंग, सामान्य गणित और सामान्य ज्ञान के अभ्यास में निःशुल्क सहयोग देने का संकल्प लिया। मुखिया बीरेंद्र उरांव ने विद्यालय और अभिभावकों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए एक निगरानी कमिटी गठित की। यह कमिटी बच्चों की नियमित उपस्थिति और अध्ययन प्रगति की दैनिक मॉनिटरिंग करेगी। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होकर बच्चों और अभिभावकों को संबोधित किया। उन्होंने शत-प्रतिशत उपस्थिति और उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सभी को प्रेरित किया तथा शिक्षकों के समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा केवल विद्यालय की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि अभिभावकों की भी समान भागीदारी जरूरी है।

## जनशिकायत निवारण दिवस पर गुमला जिले में 141 आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार शनिवार, 11 अक्टूबर 2025 को जिले के विभिन्न प्रखंडों में जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए अपनी समस्याओं और शिकायतों को प्रस्तुत किया।

कुल मिलाकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में 155 आवेदनों में से 141 का निवारण मौके पर ही किया गया।

प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से पेंशन, मैया सम्मान योजना, आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित मुद्दे शामिल रहे। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने नागरिकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष आवेदनों का शीघ्र और पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि हर नागरिक समय पर सरकारी सेवाओं का लाभ उठा सके।

## शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार को लेकर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित सख्त

# चार प्रखंडों के बीईईओ का वेतन निकासी पर रोक

- गुमला की उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए कड़ा रुख अपनाया
- सभी सरकारी विद्यालयों में बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के लिए उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कड़ा रुख अपनाया है। उनके निर्देशों के बाद जिला शिक्षा विभाग एक्शन मोड में है और सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बीआरपी, सीआरपी, एमआईएस समन्वयक और कंप्यूटर ऑपरेटर सहित चार प्रखंडों के अधिकारी एवं कर्मचारी अब सख्त निगरानी के तहत कार्य कर रहे हैं।

उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि सभी सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षक एवं कर्मियों की दैनिक उपस्थिति बायोमैट्रिक प्रणाली से अनिवार्य की जाए और किसी भी प्रकार के अवकाश के लिए ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य हो। यह कदम पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। विशेष रूप से आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, उपायुक्त ने दिसंबर के प्रीबोर्ड टेस्ट से पूर्व सिलेबस की पूर्णता, यूडायस पोर्टल में शैक्षणिक आंकड़ों की समय पर प्रविष्टि, और ईविद्यावाहिनी पोर्टल में छात्र एवं शिक्षक उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

उपायुक्त की कड़ी निगरानी के तहत, जिला शिक्षा अधिकारी डीईओ और डीएसई ने प्रखंडवार समीक्षा में असंतोषजनक प्रदर्शन पाए जाने के कारण गुमला, सिसई, बसिया और पालकोट प्रखंड के क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, बीआरपी, सीआरपी, एमआईएस समन्वयक और कंप्यूटर ऑपरेटर के वेतन/मानदेय पर रोक लगा दी है और स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलको ने स्पष्ट किया कि वेतन और मानदेय तभी निर्गत किए जाएंगे जब यूडायस और ईविद्यावाहिनी पोर्टल में सभी आंकड़े सही समय पर अपडेट हों और सभी शिक्षकों तथा कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज हो।

उन्होंने शिक्षकों को भी निर्देश दिया कि शैक्षणिक व्यवस्था में तत्काल सुधार, ऑनलाइन आंकड़ों की समय पर प्रविष्टि और नियमित बायोमैट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ की बैठक

# न्यूनतम वेतन, पीएफ, पेंशन व छुट्टी की मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**डुमरी (गुमला)।** राजकीय कृत मध्य विद्यालय टागरडीह में झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी ने की, जबकि संचालन प्रखंड अध्यक्ष प्रभा एक्का ने किया। बैठक में सरकार से लंबित मांगों की प्राप्ति के लिए आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। मुख्य मांगों में न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करना, ईपीएफ (EPF) से जोड़ना, सरकारी कर्मचारियों की तरह अर्जित (गार्ज) छुट्टी लागू करना, और पेंशन योजना से रसोइयों को जोड़ना शामिल है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन को मजबूत बनाने हेतु प्रत्येक रसोइया-संयोजिका को सदस्य बनाया जाएगा तथा प्रखंड स्तर पर सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

इसके अलावा, यह सर्वसम्मति से तय किया गया कि 27 नवंबर 2025 से गुमला जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जो मांगों की पूर्ति तक जारी रहेगा। बैठक में 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी रसोइयों के स्थान पर उनके परिवार की बेटी, बहू या किसी अन्य सदस्य को प्राथमिकता देने की मांग दोहराई गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो वर्ष 2004 से अब तक की सेवा अवधि के अनुसार न्यूनतम वेतन का भुगतान किया जाए। बैठक में सुचिता खलखो, निर्मला खलखो, नेमहा बरला, करमी देवी, निर्माता टोप्पो सहित कई रसोइया संयोजिका अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहीं।

## भरनो प्रखंड के पबेया गांव में सहायिका चयन पर ग्रामीणों में नाराजगी

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के पबेया गांव में शनिवार को सहायिका चयन को लेकर आमसभा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा ने की। इस बैठक में सहायिका पद के लिए कुल पांच आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रीति कुमारी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। हालांकि, ग्रामीणों ने चयन प्रक्रिया में अनियमितताओं की शिकायत की। उनका कहना है कि नियमों के अनुसार उस गांव में जिस जाति की जनसंख्या अधिक हो, उसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जिस आंगनबाड़ी केंद्र के लिए चयन प्रक्रिया हुई, वहां पहले से सेविका पद पर सास कार्यरत हैं, और उसी केंद्र के लिए बहु का चयन सहायिका पद पर किया गया, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा ने कहा कि चयन प्रक्रिया नियमों के अनुसार पूरी की गई है। यदि जिला स्तर से इस संबंध में कोई आपत्ति या निर्देश आते हैं, तो आगे कार्रवाई की जाएगी।

# एनसीसी कैडेटों को डॉ. कृष्णा ने दिया व्यक्तित्व विकास व कुरीतियों से मुक्ति का संदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई(गुमला)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई मे 46 झारखंड बटालियन एनसीसी कैंप में दैनिक रुटीन में फिजिकल प्रशिक्षण दिया गया। विशेष कार्यशाला में शनिवार को महाविद्यालय के पूर्व मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ कृष्णा प्रसाद साहू का व्याख्यान हुआ।

उन्होंने कैडेट के छात्रों को जानकारी देते हुए कहा हमारे व्यक्तित्व के साकारात्मक विकास के लिए एनसीसी के महत्व को जोर देना होगा। नैतिक शिक्षा, अच्छे चरित्र, अनुशासन व एकता पर विशेष ध्यान दें। तभी हम अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण कर सकते हैं।आज के डिजिटल युग में भी हम अंधविश्वास जैसे कुरीतियों से जकड़े हुए हैं। इन कुरीतियों में डायन बिसाही, जादू टोना, झाड़ फूंक प्रमुख हैं। इसे हम अभी भी समझ नहीं पा रहें हैं और हत्या जैसे घटना को अंजाम दे रहे हैं। इन कुरीतियों की मनोविज्ञान को समझना होगा। इसके लिए एनसीसी के कैडेट अपने गांव समाज में अभियान चला कर जागरुकता ला सकते हैं। जिससे कुरीतियों से हम दुर हो सके। उन्होंने कहा आज के समय में युवा वर्ग में शिक्षा के प्रति अरुचि देखा जा रहा है। हम शिक्षा के महत्व को समझे। और ऊंचाई तक जाने के लिए मेहनत करें। तो निश्चित ही सफ़लता मिलेगी।

मौके पर सुबेदार श्यामा सुन्दर, सुबेदार भोला प्रसाद, सुबेदार जवाहर शाह, सुबेदार लवेश कुमार, सुबेदार रिगचिंग, सुबेदार मनोज बोरों, एच ए वी सौरभ कुमार, संजीव कुमार, लखविंदर आदि उपस्थित थे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 539 लोगों को मिला लाभ

**गुमला।** जिले में आयुष चिकित्सा पद्धति के प्रसार एवं आमजन के स्वास्थ्य संवर्धन हेतु आज 11 अक्टूबर 2025 को जिला आयुष समिति द्वारा आयुष ग्राम पतराटोली, खीराखाड़, भलमण्डा, टोटो, आंजन एवं करौन्दी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविरों के माध्यम से कुल 539 रोगियों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं प्रदान की गईं। शिविर में आयुष चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा रोगियों को आवश्यक परामर्श भी दिया गया। आयुष विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष चिकित्सा पद्धति को प्रोत्साहित करना एवं आम नागरिकों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

## धान की फसल पर भूरा माहू कीट का प्रकोप किसानों को हो सकता है भारी नुकसान



**सिसई (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों के खेतों में लगे धान के तैयार फसलों को इन दिनों भुरा माहु नामक कीट से भारी छत्ती पहुंच रहा है। जिससे किसानों को भारी नुकसान हो सकता है। कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि कीट से बचाव के लिए समय पर कीटनाशक दवा का छिड़काव करें। साथ ही खेत में जमे पानी को निकाल दें। बताते चलें कि इस वर्ष अच्छी बारिश के कारण धान का फसल भी अच्छा हुआ है। वहीं दूसरी तरफ पक कर तैयार हुए फसल को भुरा माहु नामक कीट रात्रि में कुतरकर नुकसान पहुंचा रहा है। जिसके कारण धान का पौधा सुख कर खेत में ही गिर जा रहा है, इसके रोकथाम के लिए यदि समय पर किसान कीटनाशक दवा का छिड़काव नहीं करेंगे तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## चैनपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष पर विजयादशमी उत्सव मनाया गया



**चैनपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चैनपुर खंड में विजयादशमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया।इस ऐतिहासिक अवसर पर भव्य पथ संचलन और शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया।यह भव्य पथ संचलन चैनपुर खंड के विभिन्न दुर्गा मंदिरों से एक साथ प्रारंभ हुआ। संचलन मेन रोड, बैंक रोड, थाना रोड, ब्लॉक मोड़, चर्च रोड और अल्बर्ट एक्का चौक जैसे प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा, जहाँ स्थानीय नागरिकों ने इसका स्वागत किया। पूर्ण गणवेश में कदम से कदम मिलाकर चल रहे स्वयंसेवकों का अनुशासित संचलन आकर्षण का केंद्र रहा। पथ संचलन का समापन वापस दुर्गा मंदिर परिसर में हुआ।समापन कार्यक्रम में प्रांत संपर्क प्रमुख श्री राजीव कमल बिट्टू जी ने स्वयंसेवकों का बौद्धिक मार्गदर्शन किया। उन्होंने संघ की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में भी संघ ने राष्ट्र सेवा का व्रत नहीं छोड़ा। उन्होंने स्वयंसेवकों को संघ के शताब्दी वर्ष में राष्ट्र निर्माण के कार्य में और अधिक सक्रियता से जुटने का आह्वान किया। श्री बिट्टू ने संघ की स्थापना के उद्देश्यों और समाज में इसके सकारात्मक योगदान पर विस्तार से चर्चा की।इस अवसर पर शस्त्र पूजन का कार्यक्रम भी विधि-विधान से संपन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत संपर्क प्रमुख राजीव कमल बिट्टू के अलावा सम्मी कुमार गुमला विभाग प्रचारक, जिला सामाजिक समरसता संयोजक अजय कुमार, विभाग कार्यवाह त्रिलोचन प्रधान, अवधेश केशरी और जिला कार्यवाह लक्ष्मी कुमार सहित प्रखंड के अन्य गणमान्य स्वयंसेवक और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आरटीआई कार्यकर्ताओं ने मनाया सूचनाधिकार दिवस, पारदर्शिता, जवाबदेही व सुशासन पर दिया जोर, वक्ताओं ने कहा-

# आम नागरिकों को सवाल पूछने का अधिकार दिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** सूचना का अधिकार अधिनियम (RTI) 2005 के 20 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में जिले के आरटीआई कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और बुद्धिजीवियों ने "सूचनाधिकार दिवस" मनाया। इस अवसर पर केक काटकर और मिठाइयाँ बाँटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा "पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन" विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के केंद्रीय महासचिव आनंद किशोर पंडा ने कहा कि 12 अक्टूबर 2005 को लागू आरटीआई अधिनियम ने आम नागरिकों को शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली में झाँकने और सवाल पूछने का अधिकार दिया — यह भारत की "दूसरी आज़ादी" के समान है। उन्होंने कहा कि सरकारी लापरवाही और राजनीतिक उदासीनता के कारण यह कानून कमजोर हो रहा है, जिसे पुनः सशक्त करने की आवश्यकता है। आरटीआई कार्यकर्ता शंभूनाथ सिंह ने कहा कि सूचना का अधिकार जनता का हथियार है, लेकिन आयोग की निष्क्रियता और संशोधनों से यह भोथरा हो रहा है। वहीं सुनील कुमार वर्मा ने इसे नागरिक सशक्तिकरण का प्रतीक बताया। सामाजिक कार्यकर्ता मेघनाथ प्रसाद, दिलीप कुमार साहू और सुनील कुमार दास ने कहा कि प्रशासनिक उदासीनता और जन सूचना अधिकारियों की लापरवाही के कारण अधिनियम का सही अनुपालन नहीं हो पा रहा है।

भूतपूर्व सैनिक तारसियूस एक्का, बनु बाबु और नारायण भगत ने राज्य सूचना आयोग की निष्क्रियता पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि छह वर्षों से सूचनायुक्तों की नियुक्ति नहीं होने से जवाबदेही समाप्त हो गई है। आरटीआई विशेषज्ञ रणधीर निधि ने कहा कि आरटीआई लोकतंत्र की आत्मा है और नागरिकों व शासन के बीच पारदर्शिता का पुल है। उन्होंने सुझाव दिया कि जिले में "आरटीआई हेल्प डेस्क" स्थापित किया जाए ताकि नागरिकों को आवेदन से लेकर अपील प्रक्रिया तक सहायता मिल सके।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जब आपके शरीर की प्रत्येक गतिविधि शांतिपूर्ण होती है, और जब आपके विचारों में, इच्छा-शक्ति में, प्रेम में, शांति होती है, तथा शांति एवं ईश्वर आपके लक्ष्य होते हैं, तो समझ लीजिए कि आपने अपने जीवन को ईश्वर से जोड़ लिया है। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### गाजा युद्ध से सीख किसने ली?

गाजा में युद्ध रुक गया है पर इससे मिलने वाली शिक्षा को लेकर एक अन्य बहस छिड़ सकती है। माया एंजेलो की चेतावनी पर वर्ष 1988 में ही यकीन करना चाहिए था, जब हमास ने अपनी स्थापना के वक्त ही यहूदियों का कत्लेआम करने की मंशा जाहिर की थी। लेकिन वैचारिक सुविधा के कारण इस्राइल हमास को बर्दाश्त करता रहा, क्योंकि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए विभाजित फलस्तीनी राजनीति अनुकूल थी और अंतरराष्ट्रीय जगत भी हमास को उखाड़कर फेंकने के प्रति अनिच्छुक था। इस दुर्दांत समूह को सात अक्तूबर, 2023 तक बर्दाश्त किया गया, जबकि उस दिन मारे गए 1,200 लोगों के लिए तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हमास और इस्राइल के बीच लगातार संघर्ष के बावजूद गाजा पर नियंत्रण करने की इस्राइल की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है, क्योंकि जैसा कि व्हाइल इस्राइल स्लीप्ट नामक किताब के सह-लेखक याकोव काट्ज ने मुझे लिखा, आयरन डोम जैसी तकनीकों के चलते इस्राइल इस भ्रम में रहा कि 'वह अभेद्य' है। लेकिन सात अक्तूबर को इस्राइल की सिग्नल इंटेलिजेंस, मिसाइल इंटरसेप्टर, दुरुस्त बाड़ और भूमिगत अवरोध जैसी उच्च तकनीकें हमास के कम तकनीकी क्षमता वाले पैराग्लाइडरों और बुल्डोजरों के आगे अनुपयोगी साबित हुईं। डोनाल्ड रम्सफेल्ड ने कहा था, 'कमजोरी उत्तेजक होती है।' लेकिन कमजोरी का आभास भी उत्तेजक होता है। हमास के दिवंगत नेता याह्या सिनवार ने तभी इस्राइल की कमजोर ग्रंथि का अंदाजा लगा लिया था, जब इस्राइल ने अपने सिर्फ एक सैनिक गिलाद शलित के बदले में उसे और अन्य सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया था। लेकिन सात अक्तूबर के हमले से कुछ महीनों पहले तक इस्राइल इतना कमजोर कभी नहीं दिखा था, क्योंकि नेतन्याहू सरकार ने न्यायिक 'सुधार' के लिए काफी जोर लगाया था। इस्राइल की सरकार से बेहतर तो वहां के आम लोग हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण साठ वर्षीय सेवानिवृत्त जनरल नोआम टिबोन हैं, जो अपनी पत्नी गैली के साथ गाड़ी चलाकर अपने बेटे आमिर और उसके परिवार को बचाने के लिए किबुत्ज पहुंचे थे, जिस पर हमास का कब्जा हो गया था। अगले दिन टिबोन ने द टाइम्स से कहा था, 'हम जानते थे कि अगर हम उन्हें बचाने नहीं गए, तो कोई नहीं जाएगा।' नोआम ने अपने परिवार को बचाने में कामयाबी हासिल की, जबकि गैली ने घायल इस्राइलियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। ऐसी कई कहानियां हैं। सामुदायिक जिम्मेदारी के ताल्मुद विचार-'सभी इस्राइली एक-दूसरे के लिए जिम्मेदार हैं'- ने ही सात अक्तूबर को यहूदियों को बचाया था। विडंबना है कि मॉन्ट्रियल से लेकर मेलबर्न तक के इस्राइल-विरोधी, जो यूरोपीय भाषाएं बोलते हैं और ऐसी जमीन पर रहते हैं, जो अक्सर मूल निवासियों से छीनी गई थी, हिब्रू भाषी इस्राइल को उपनिवेशवाद का प्रतीक मानने लगे हैं। इस्राइली समर्थकों को एक यहूदी राज्य के रूप में अपने अस्तित्व के अधिकार के बारे में दलील देने की जरूरत है। यह आयरिश लोगों के आयरिश राज्य या यूनानियों के ग्रीक राज्य के अधिकार से अलग नहीं है।

*हमास और इस्राइल के बीच लगातार संघर्ष के बावजूद गाजा पर नियंत्रण करने की इस्राइल की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है, क्योंकि जैसा कि व्हाइल इस्राइल स्लीप्ट नामक किताब के सह-लेखक याकोव काट्ज ने मुझे लिखा, आयरन डोम जैसी तकनीकों के चलते इस्राइल इस भ्रम में रहा कि 'वह अभेद्य' है।*

# मारिया कोरिना माचाडो को मिला 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार, हहरते रह गए ट्रंप

आज की बात



कृष्णमोहन सिंह

## नोबेल समिति ने कहा, "उन्होंने तानाशाही के अंधेरे में लोकतंत्र की किरण जलाए रखी"

नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा ने साबित कर दिया कि शांति कोई ट्वीट-तड़का नहीं, बल्कि जुल्म के खिलाफ जुझारू तलवार है। वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचाडो को यह तमगा मिला – एक ऐसी शेरनी, जिसने वेनेजुएला के तानाशाह निकोलस मादुरो की तानाशाही के काले साये में लोकतंत्र की लौ जलाए रखी। नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने उनकी "लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए बुलंद लड़ाई" और "शांतिपूर्ण बदलाव की जिद" को सराहा। इधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जो नोबेल के लिए ऐसे मचल रहे थे जैसे कोई बच्चा मेला-खिलौने को ललचाए, लॉबिंग और ट्वीट की बमबारी में डूबे रहे, पर हाथ लगा सिर्फ ठेंगा। उनका ट्वीट? "मैंने आठ युद्ध खत्म किए, लेकिन ये वामपंथी नोबेल गैंग मुझे 'पॉलिटिक्स ओवर पीस' का तमाचा मार रहा है।" अरे ट्रंप साहब व उनके जैसे तानाशाह, शांति कोई 'द आर्ट ऑफ द डील' का चैप्टर नहीं कि डीलरशिप में बिक जाए!



**माचाडो: वेनेजुएला के तानाशाह मादुरो के जुल्मों के विरुद्ध लगातार लड़ती रहीं**

मारिया कोरिना माचाडो – वेनेजुएला की वो बुलंद आवाज, जिसने मादुरो के जुल्मों को ललकारा। 1967 में जन्मीं, अमेरिका में इंजीनियरिंग और फाइनेंस पढ़ीं, फिर 2002 में 'सुमेटे' बनाया – एक गैर-लाभकारी संगठन, जो तानाशाही में आर्थिक आजादी का सपना बुनता था। 2010 में वे नेशनल असेंबली में रिकॉर्ड 43.2% वोटों से जीतीं – जैसे जनता ने चिल्लाकर कहा, "यही है हमारी नेता!" मगर असली इम्तिहान 2014 में शुरू हुआ, जब मादुरो ने विरोधियों को कुचलना शुरू किया। माचाडो ने 'वेंकांसा वेनेजुएला' पार्टी बनाई, जो शांतिपूर्ण विद्रोह का चेहरा बनी। 2023 में राष्ट्रपति चुनाव में उतरीं, पर मादुरो के सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अयोग्य ठहराया। फिर भी, उन्होंने एडुआर्डो गोंजालेज उरेला को समर्थन दिया, जिसने 2024 में 67% वोटों से जीत हासिल की – लेकिन मादुरो ने उस जीत को चुराकर अपनी तिजोरी में बंद कर लिया।वेनेजुएला की तबाही के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। 2013 से 2025 तक जीडीपी 75.4% गिरी – दुनिया की सबसे भयावह आर्थिक मंदी। 7.7 मिलियन लोग शरणार्थी बनकर देश छोड़ गए – सीरिया संकट (8.2 मिलियन) के बाद दूसरा सबसे बड़ा पलायन। माचाडो ने रूस और ईरान की सैन्य मदद को बेनकाब किया, संयुक्त राष्ट्र में मादुरो की पोल खोली। 2024 में, जब मादुरो ने चुनावी नतीजे तोड़े, माचाडो ने लाखों को सड़कों पर उतारा – बिना हिंसा, सिर्फ साहस के दम पर। नतीजा? अमेरिका और यूरोपीय संघ ने मादुरो शासन पर 158 प्रतिबंध लगाए। माचाडो खुद छिपकर रह रही हैं, दो हत्या के प्रयास झेल चुकी हैं, फिर भी उनकी आवाज ने 2024 में मतदाता भागीदारी को 46% से 80.3% तक उछाला। नोबेल समिति ने कहा, "उन्होंने तानाशाही के अंधेरे में लोकतंत्र की किरण जलाए रखी।" यह पुरस्कार माचाडो का नहीं, हर उस वेनेजुएलन का है, जो जुल्म के सामने डटा रहा।

**नोबेल शांति पुरस्कार के लिए हहरते ट्रंप**

जिनके लिए नोबेल शांति पुरस्कार कोई मिशन नहीं, बल्कि एक चमचमाती 'ट्रॉफी' है, जिसे वे ट्वीट, तिकड़म और धमकियों से हथियाना चाहते थे। उनकी ललक 2018 से साफ थी, जब उन्होंने ओबामा के 2009 नोबेल पर तंज कसा: "उसने कुछ किया ही नहीं, फिर भी मिल गया – मैं तो असली डील मेकर हूँ!" 2025 में तो हद हो गई। ट्रंप ने इजरायल के बेंजामिन नेतन्याहू, पाकिस्तान सरकार और कंबोडिया के हन मानेत से नामांकन करवाए – जैसे कोई रियलिटी शो का टिकट जुगाड़ रहे हों। जुलाई 2025 में नेतन्याहू ने 'अब्राहम समझौते' (2020) का ढोल पीटा, जून में पाकिस्तान ने 'अफगान शांति' का राग अलापा। लेकिन पकड़? नोबेल नामांकन की डेडलाइन 1 फरवरी 2025 थी – ट्रंप के ज्यादातर नामांकन देर से आए, यानी सीधे कूड़ेदान में। फिर भी, व्हाइट हाउस से धमकियां उड़ीं – नॉर्वे को "शत्रु" तक ठहराया गया। ट्रंप का दावा? "मैंने आठ युद्ध खत्म किए।" हकीकत? 2021 की अफगान निकासी में 13 अमेरिकी सैनिक मरे, तालिबान को सत्ता सौंप दी। रूस-यूक्रेन युद्ध उनके कार्यकाल में भड़का – 2022 में रूस ने 14% यूक्रेनी क्षेत्र कब्जाया। पेरिस जलवायु समझौते से बाहर निकले, संयुक्त राष्ट्र को "नाकारा क्लब" कहा – शांति का मजाक बनाया। नोबेल समिति ने इसे "राजनीति का तमाशा" करार दिया, शांति नहीं। ट्रंप के चमचे चिल्लाए, "समिति वामपंथी साजिश कर रही है!" लेकिन सच यह है: शांति ट्वीट की बौछार या लॉबिंग की बाजीगरी नहीं, बल्कि साहस और बलिदान मांगती है। ट्रंप की छटपटाहट ने उन्हें नोबेल का "ट्वीटिंग जोकर" बना दिया। जबकि माचाडो ने जान दांव पर लगाई, ट्रंप ने सिर्फ जुबान चलाई। दुनिया ने देखा कि साहस की तलवार जीती, तिकड़म का तमाशा हारा। शांति माचाडो की मशाल है, ट्रंप का ट्वीट-तंत्र नहीं।

## जो अन्य संभावित दावेदार थे उनकी समीक्षा

नोबेल शांति पुरस्कार 2025 के लिए कई अन्य व्यक्तियों और संस्थाओं को संभावित विजेता माना जा रहा था। नीचे कुछ प्रमुख नाम और उनसे जुड़ी विशेषताएं:-

| नाम / संस्था | क्या किया / किस प्रकार की भूमिका निभाई | तुलना: मचाडो से कहाँ मजबूत या कमजोर |
|---|---|---|
| Yulia Navalnaya (रूसी विरोधी नेता) | 'रूसी विरोध' तथा मानवाधिकार हनन के खिलाफ सक्रिय; पति ने जेल में मृत्यु; सार्वजनिक प्रतीक। | तुलना में मचाडो की गतिविधियां अधिक लगातार चुनावी दबाव, लोकतंत्र बहाल करना, एक सामाजिक आंदोलन को नेतृत्व देना आदि रही; Navalnaya की स्थिति अत्यंत प्रेरणादायक है पर राजनीतिक परिस्थितियाँ सीमित हो सकती हैं। |
| Imran Khan (पूर्व पाकिस्तानी पीएम) | मानवाधिकार, लोकतंत्र पोस्ट-करने की बातें; नामांकन हुआ; पाक राजनीतिक तनाव। | विवादों से घिरा; कानूनी एवं राजनीतिक स्थिति अस्थिर; मचाडो जैसी 'गैर-राजकीय' नागरिक और लोकतंत्र बाधित अवस्था में संघर्ष नहीं है जहाँ उन्हें पूरी तरह से दमन का सामना करना पड़ा हो। |
| Anwar Ibrahim(मलेशिया के प्रधानमंत्री) | क्षेत्रीय शांतिपूर्ण वार्ता, संवाद, लोकतंत्र-अधिकारों का समर्थन; नामांकन के सुझाव; राजनीतिक नेतृत्व की भूमिका। | लेकिन मचाडो की तरह असमर्थित उम्मीदवारों के खिलाफ दमन, चुनावी असमर्थता, राजनीतिक त्याग की स्थिति नहीं; प्रभाव क्षेत्र सीमित; और " संक्रमण से लोकतंत्र" की स्थिति जितनी तीव्र नहीं। |
| Elon Musk | अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (free speech) आदि चर्चित विषयों में शामिल; नामांकन भी प्रस्तावित। | अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन नोबेल शांति पुरस्कार अक्सर राजनीतिक अधीन संघर्षों, हिंसा-रोकथाम या मानवाधिकारों के उल्लंघन की स्थितियों के बीच सहज शांतिपूर्ण परिवर्तन की ओर काम करने वालों को प्राथमिकता देती है; Musk का कार्य कुछ मामलों में विवादित और व्यावहारिक बदलाव की दृष्टि से सीमित माना जाता है। |
| Sudan's Emergency Response Rooms (संस्था) | PRIO सूची में शीर्ष; युद्ध या संघर्ष की आपात-प्रति उत्तर देने, नागरिकों की सुरक्षा, राहत आदि कार्य। | संस्थाएँ अक्सर प्रभावशाली होती हैं, लेकिन व्यक्ति की प्रथम पंक्ति की नागरिक बहादुरी (first-hand courage) और लगातार व्यक्तिगत जोखिम उठाना नोबेल समिति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है; मचाडो ऐसी स्थिति में रही हैं कि उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा को जोखिम है। |

## मचाडो बनाम कुछ दावेदार बनाम ट्रंप

यहां एक और विस्तारित तुलना है, जहां हम मचाडो, ट्रंप, और अन्य दावेदारों को कुछ महत्वपूर्ण मापदंडों पर जांचे :-

| मापदंड | मचाडो | ट्रंप | अन्य दावेदार (उदा: Naval Naya, Imran Khan, Anwar Ibrahim) |
|---|---|---|---|
| व्यक्तिगत जोखिम / दमन | उच्च – गिरफ्तारी, छिपना, राजनीतिक निष्कासन, विरोधियों को दबाव | अपेक्षाकृत कम – सार्वजनिक विवाद, आलोचना, कानूनी चुनौतियाँ, पर "राज्य द्वारा दमन" कम | Navalnaya भी उच्च जोखिम में; Imran Khan के समयों में समान दबाव; Anwar Ibrahim कुछ हद तक सुरक्षित स्थिति में; Elon Musk/अन्य अधिक सुविधा में |
| निरंतर संघर्ष / समय सीमा | कई वर्षों से लोकतंत्र-हित संघर्ष; चुनावों, न्यायपालिका के हस्तक्षेप का सामना करना; नागरिक आंदोलन का नेतृत्व | संघर्ष अधिक सामयिक या घटना आधारित; कुछ सफल समझौते दावा किये गए, लेकिन समय और परिणामों की निरंतरता पर प्रश्न | Navalnaya की सक्रियता समय से चले; Imran Khan की भूमिका अवधी-अवधी की; कुछ अन्य संस्थाएं लगातार काम कर रही हैं लेकिन संघर्ष का स्तर और दमन का स्तर मचाडो जितना तीव्र नहीं हो सकता |
| प्रभाव की दृश्यता (Visibility) | राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तर पर; मीडिया, मानवाधिकार संस्थाएँ, नागरिक समाज | बहुत उच्च विश्व स्तरीय मीडिया फोकस; लेकिन आलोचनाएँ भी; अक्सर विवादों और राजनीतिक विपरीतताओं से घिरा | Navalnaya को वैश्विक समर्थन; Imran Khan को दक्षिण एशिया क्षेत्र में; Anwar Ibrahim क्षेत्रीय नेता और संवाद की भूमिका पर; लेकिन विश्व स्तर पर मचाडो जितना केंद्रीय नहीं |
| "शांति / लोकतंत्र परिवर्तन" की निरंतरता | लोकतंत्र बहाल करना, चुनावी प्रक्रिया में बदलाव, नागरिक अधिकारों का सम्मान – ये लक्ष्य लगातार बनाए रखना | कुछ शांति समझौते/रोक-टोक की घोषणाएँ (ceasefires etc.), लेकिन युद्धों का पूरा अंत या व्यापक लोकतांत्रिक परिवर्तन नहीं हुआ; प्रभाव अस्थायी हो सकता है | Navalnaya: मानवाधिकारों के उल्लंघन और विरोध का मुद्दा; लेकिन निर्वाचित शक्ति कम; Imran Khan: क्षेत्रीय: राजनीतिक विवादों से घिरा; Anwar Ibrahim: शासन में है, लेकिन शांतिपूर्ण राजनीतिक परिवर्तन की दिशा पर प्रश्न हो सकते हैं |
| राजनीतिक नैतिकता / विवाद | आलोचनाएँ उनके राजनीतिक दृष्टिकोणों से होती हैं, लेकिन वे प्रमुखत: गैर-हिंसात्मक दबाव एवं लोकतांत्रिक अधिकारों की वकालत करती हैं | विवादों से घिरे – विवादित विदेश नीति निर्णय, आभासी दावें, मीडिया प्रचार; कुछ आलोचनाएँ "दावों" की विश्वसनीयता पर | Navalnaya एवं अन्य जैसे कि Imran या Anwar की आलोचनाएँ भी होती हैं, लेकिन आमतौर पर ट्रंप जितनी तीव्र सार्वजनिक विवादयुक्त नहीं |

# मारिया कोरिना मचाडो ने दिखा दी तीसरी दुनिया के दिल की ताकत

देश की बात



केदारनाथ दास

इस साल के लिए नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। इसके लिए वेनजुएला की विपक्षी नेतामारिया कोरीना माचाडो का चयन तब किया गया है जब विश्व के सबसे ताकतवर देश यूएसए के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को इसका बड़ा दावेदार माना जा रहा था। मिस्टर ट्रम्प की दावेदारी कितनी गंभीर थी यह किसी को मालूम नहीं है परन्तु 2025 का नोबेल शांति पुरस्कारजीतकर इतिहास रचने वाली मारिया कोरिना मचाडो ने यह सम्मानडोनाल्ड ट्रंपको समर्पित करते हुए पूरी दुनिया को चौंकाकर रख दिया है। सरसरी तौर पर दुनिया इसलिए हैरत में है क्योंकि यह उस ट्रंप का सम्मान है जिसकी छवि एक कठोर, दंभी, आत्ममुग्ध, अति महत्वाकांक्षी और असंवेदनशील राजनेता की रही है। उनपर यह आरोप प्रायः लगता रहा है कि वर्ष 2015 में चुनाव जीतकर पहली बार प्रेसिडेंट बनने से लेकर अभी तक उनके भाषण नफरत फैलाने वाली और नकारात्मक रही है। अपने चुनावी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस पर अपमानजनक टिप्पणी करने, एशियाई,अफ्रीकी व मैक्सिको के लोगों को रेपिस्ट व अपराधी बताने और महिलाओं के बारे में अपमानजनक वक्तव्य देने जैसे संगीन आरोप उनपर लगते रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मारिया इन तथ्यों से सर्वथा अनभिज्ञ हैं परन्तु इसके बावजूद उन्होंने जो कुछ कहा उसकी मानें तो यह पुरस्कार उन सभी के लिए है जिन्होंने लोकतंत्र की बहाली के लिए लड़ाई लड़ी और विशेषकर उस व्यक्ति के लिए जिसने हमारे संघर्ष में निर्णायक समर्थन दिया। बताते चलें कि मिस्टर ट्रम्प को इंगित करते मारिया का यह बयान केवल किसी भावनात्मक घटनाक्रम का हिस्सा नहीं है। 07 अक्टूबर 1967 को जन्म लेने वाली यह महिला औद्योगिक इंजीनियर होने के साथ साथ एक परिपक्व राजनीतिज्ञ रही हैं। वर्ष 2011 से 2014 तक वेनेजुएला की नेशनल असेंबली की निर्वाचित सदस्य के रूप में कार्य कर चुकी हैं और की एक ऐसी विपक्षी नेता रही हैं जिनपर वहाँ के तानाशाह निकोलस मादुरो ने कभी 50 मिलियन डॉलरका इनाम घोषित कर रखा था। इतना ही नहीं, इस महिला की पहचान एक संघर्षशील महिला की रही है जिन्हें बीबीसी ने वर्ष 2018 में विश्व की सौ प्रभावशाली महिलाओं की सूची शामिल कर चुका है। ऐसे में नोबेल पुरस्कार की घोषणा होते ही मारिया कोरीना के उस वक्तव्य को एकदम से हल्के में नहीं लिया जा सकता जिसमें उन्होंने ट्रंप के उस साहसिक कदम को याद करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल हमें आवाज दी बल्कि पूरी दुनिया को यह दिखा दिया कि तानाशाही के खिलाफ खड़ा होना क्या होता है। जाहिर सी बात है कि मिस्टर ट्रम्प के लिए यह किसी बेशकीमती उपहार से कम नहीं था। उन्होंने भी इसे इसी ढंग से लिया और अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर मारिया की पोस्ट का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए उनके लिए एक महान महिला व स्वतंत्रता की एक शानदार योद्धा जैसे विशेषणों के साथ अपना आभार व्यक्त किया। संदर्भवश नोबेल शांति पुरस्कार, मारिया कोरिना मचाडो और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच के इस समीकरण को अब एक दुर्लभ संयोग के तौर पर देखा जा रहा है। कमाल देखिए कि इस मामले में एक ओर लोकतंत्र के लिए अपने जान की बाजी लगाने वाली ऐसी महिला है जिसने अपने देश के लिए सब कुछ दांव पर लगा दिया तो दूसरी ओर वह बयानवीर है जिसने हमेशा खुद को केवल अपने तक सीमित रखा है। विडंबना देखिए कि नोबेल शांति पुरस्कार से वंचित होने के बावजूद आज वही शक्तिशाली राष्ट्राध्यक्ष तीसरी दुनिया के किसी विकासशील देश से निकली एक महिला के संघर्ष से प्रेरित होकर सम्मान पा रहा है। लीजिए, अब कौन कहेगा कि ट्रम्प हृदय विहीन राजनेता हैं। अगर वे वाकई निर्दयी होते तो क्या हर शब्द सोच-समझकर कहने वाली मारिया कोरिना मचाडो जैसी महिला के द्वारा अपना नोबेल उनके नाम समर्पित किया जाता? अब आप मानें न मानें, तीसरी दुनिया की यही ताकत है कि उनके लिए राजनीति से बड़ा भी 'दिल' होता है।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

मौन हुए तब तब बढ़ा, मन भीतर संवाद।
पता चला कितनी वहाँ, तल्ख़ी है आबाद।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# जूता तुम हो बड़ा बड़भागी

मनगढ़ंत चिंतन

व्यंग्य की बात



बिनोद सिंह गहरवार

आज जब चिंतानंद जी मेरे घर आए तो उनका चेहरा देखकर मैं डर गया। चेहरा इतना लाल, कि आग का गोला भी उसके सामने फीका पड़ जाय। मैने डरते - डरते उनसे गुस्से का कारण पूछा। इसपर तो वो और जल के जीरा के फोरन हो गए और मुझपर भड़ास निकालते हुए बेले, " सारा रामायण सुनकर पूछ रहे हो कि सीता का ब्याह किससे हुआ? " मेने कहा ,"महात्मन! मैं कुछ समझा नहीं। " इसपर वो लाल - लाल आंख करके बोले, " तुम दलित विरोधी कैसे समझोगे कि हम दलितों के साथ इस सरकार में क्या हो रहा है?" मैने कहा, " दलित तो मजे से हैं। फ्री का राशन, फ्री की बिजली, फ्री का दानापानी, उपर से आरक्षण का लाभ! प्रति माह नगद नारायण से दर्शन। उनकी तो चांदी ही चांदी है। अब आप ही बताइए सरकार अन्याय करती तो सरकार के विरुद्ध आज आप इस तरह से सीना तानकर बोलते? " इस पर उन्होने कहा," बोलने पर ही तो हमारे साथ जुल्म हो रहा है। हमपर जूता फेंका जा रहा है। हम दलितों की उन्नति आपलोगों को देखी नहीं जा रही है। बताइए कितना शर्मनाक और नीच हरकत है! भला कोई इतने बड़े आदमी पर जूता फेंकता है? "मैने कहा, "जूते को आप साधारण और तुच्छ समझ रहे हैं? "
"तो और क्या इससे भी निकृष्ट कोई वस्तु हो सकती है?"
मैने कहा महात्मन आप नहीं समझेंगे कि जूता अपने आप में कितनी बड़ी चीज है?"
वो कैसे?"आप तो पढ़े लिखे हैं आप ही बताइए जिसे हाथ में पकड़ कर मारा जाय उसे क्या कहते हैं? "चिंतानंद जी तुरंत बोले, " शश्त्र।"
" फिर मैने पूछा ,"और जिसे फेंक कर मारा जाए? " चिंतानंद जी बोले, " अस्त्र"।
मैनें फिर पूछा, "तो जूता को क्या कहा जाएगा? चिंतानंद जी का माथा चकराया।शायद वो जूते का महत्व समझ गए। मैने कहा, "इसपर कितने लोग पीएचडी कर गए। "लोहा सिंह", नाटक के लेखक रामेश्वर सिंह कश्यप ने जूतो वियोगः उपाख्यानः व्यंग्य ही लिख दिया। भरतजी तो पादुकोण की सेवा कर के संसार में अमर हो गए। हमें तो लगता है कि आपके महानुभाव जूता खाए तो नहीं उन्हें तो बस जूता दिखाया गया और उतने में ही दलितों के सिरमौर बन गए।"
इसपर चिंतानंद जी अत्यंत उत्तेजित होकर बोले, " हम सब इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।लगता है भारत को नेपाल बनाने का समय आ गया। "
मैने कहा, "पता चला है कि जूतास्त्र संधान करने वाला प्राणी भी दलित ही है।"
इसपर चिंतानंद जी मायूस हो गए और दाढ़ी खुजलाते हुए बोले, "काश! वो दलित न होता तो आज देश को हमलोग दिखा देते कि किसी दलित को छेड़ने का नतीजा क्या होता है।"
मैने कहा,"महात्मन! जूता आदमी, दलित होने या नहीं होने से नहीं खाता। बल्कि जूता तो जिह्वा के बहकने से खाता है। रहिम तो बहुत पहले कहकर इस दुनिया से चले गए," रहिमन जिह्वा वावरी कह गई स्वर्ग पाताल, आप तो भीतर रह गई जूतो खात कपाल।"
शायद मेरी बात चिंतानंद को समझ में आ गई। वो मेरे यहाँ से तुरंत अंतर्ध्यान हो गए। मैनें भी मनही मन कहा जूता तुम हो बड़ा बड़ भागी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# विदेश में राहुल गांधी के 'फ्री थिंकिंग' बयान से भाजपा भड़की

**एजेंसी। नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा चिली विश्वविद्यालय में भारत की शिक्षा व्यवस्था और 'स्वतंत्र सोच' पर की गई टिप्पणी ने एक बार फिर भाजपा को नाराज कर दिया है। भाजपा ने उन पर विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला है।**

## राहुल गांधी की टिप्पणी



चिली विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान, जब उनसे भारतीय शिक्षा व्यवस्था में सुधार के बारे में पूछा गया, तो राहुल गांधी ने देश में 'स्वतंत्र सोच' पर हो रहे कथित हमले को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा, 'अमृता में जो जिज्ञासा है, मैं उसे भारतीय शिक्षा व्यवस्था में संरक्षित रखना चाहूंगा। और यह सुनिश्चित करूंगा कि वह सवाल पूछ सके, मुद्दे उठा सके, बिना किसी बंधन के खुलकर सोच सके। तो यही मुख्य विचार होगा। और वैसे, भारत में इस पर हमला हो रहा है। स्वतंत्र सोच का विचार, खुलेपन का विचार, वैज्ञानिक होने का विचार, तार्किक होने का विचार, इस समय भारत में इस पर जबरदस्त हमला हो रहा है।'

## भाजपा का पलटवार

राहुल गांधी की इस टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने उन्हें 'दुष्प्रचार और पाखंड का नेता' बताया और आरोप लगाया कि विदेशी धरती पर भारत की संवैधानिक संस्थाओं की आलोचना करना उनकी आदत बन गई है।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, 'राहुल गांधी विपक्ष के नेता नहीं हैं। वे दुष्प्रचार और पाखंड के नेता हैं। वे विदेश जाकर भारत की संवैधानिक संस्थाओं, भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, भारत की न्यायपालिका और भारत की संप्रभुता के खिलाफ बोलते हैं, यह उनकी आदत बन गई है।'पूनावाला ने गांधी पर हमला करते हुए उनकी पार्टी के भीतर की स्थिति का भी हवाला दिया और कहा, 'राहुल गांधी कहते हैं कि वे भारत सरकार के खिलाफ लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करने से लेकर अब वे भारत के खिलाफ झूठ फैलाने में लगे हैं। वे कहते हैं कि स्वतंत्र सोच के लिए कोई जगह नहीं है। आपकी पार्टी में ऐसा होता है। अगर कोई राहुल गांधी के खिलाफ बोलता है, तो क्या होता है? शशि थरूर को देखिए। उन्हें इसलिए बदनाम किया गया क्योंकि उन्होंने देश और उसके सशस्त्र बलों के हित में काम किया था।'

### ओवैसी ने विपक्ष को दिखाया आईना, कहा-

# मुझे कोसने से पहले अपनी कमज़ोरी देखो

**एजेंसी। नई दिल्ली**



एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा है, जो एआईएमआईएम पर 'भाजपा की बी टीम' होने का आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी कमज़ोरियों पर आत्मचिंतन करने के बजाय, वे उनकी पार्टी पर झूठा निशाना साधते हैं। एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में, एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि लोगों में ऐसी कोई धारणा नहीं है कि उनकी पार्टी भाजपा की 'बी' टीम है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष के कुछ दल इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने इन दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है कि "ओवैसी को हर चीज़ में लाने से बीमारी ठीक हो जाएगी" तो उन्हें कोई समस्या नहीं है। ओवैसी ने कहा कि ऐसी कोई धारणा नहीं है... अगर आप (विपक्ष) सोचते हैं कि ओवैसी को हर चीज़ में लाने से बीमारी ठीक हो जाएगी, तो मुझे इससे कोई समस्या नहीं है... ऐसी कोई धारणा नहीं है। लोग ऐसी धारणा बनाना चाहते हैं। लेकिन हमने कई बार कहा है, और हम आज फिर कह रहे हैं, कि अगर नरेंद्र मोदी तीन बार इस देश के प्रधानमंत्री बने हैं, तो इसमें भारतीय मुसलमानों की कोई गलती नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनावों में लगभग पचास प्रतिशत गैर-मुस्लिम वोट मिल रहे हैं।

# सरकारी अस्पतालों में आठ दवाओं के इस्तेमाल और खरीद पर तत्काल रोक

**एजेंसी। चंडीगढ़**

पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशालय ने प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में आठ विशेष दवाओं और आईवी फ्लूइड्स के इस्तेमाल, वितरण और खरीद पर तुरंत रोक लगा दी है। यह कदम उन दवाओं के कारण मरीजों में 'एडवर्स ड्रग रिएक्शन' (एडीआर) मिलने के बाद उठाया गया है।

स्वास्थ्य निदेशालय की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि इन दवाओं का इस्तेमाल बंद करना आवश्यक है जब तक कि आगे कोई नया निर्देश न दिया जाए। इस निर्णय के पीछे तीन फार्मा कंपनियों द्वारा निर्मित दवाओं में समस्याएं मिलने की जानकारी है।

रोक लगाई गई दवाओं की सूची में नॉर्मल सैलाइन, सोडियम क्लोराइड इंजेक्शन आईपी 0.9 प्रतिशत, डेक्सट्रोज इंजेक्शन आईपी 5 प्रतिशत, सिप्रोफ्लोक्सासिन इंजेक्शन 200 एमजी, सिप्रोफ्लोक्सासिन इंजेक्शन 200 एमजी आईपी, डीएनएस 0.9 प्रतिशत, एन/2 डेक्सट्रोज 5 प्रतिशत, बुपिवाकेन हाइड्रोक्लोराइड और डेक्सट्रोज इंजेक्शन शामिल हैं। जारी आदेश में सभी सिविल सर्जनों और मेडिकल सुपरिटेंडेंट्स को कहा गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन दवाओं के इस्तेमाल, वितरण और खरीद को तुरंत बंद कर दें। इसके साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित अस्पतालों में इन दवाओं की सूची की जांच कर दी जाए और इनका उपयोग पूर्णतया रोका जाए। स्वास्थ्य विभाग ने आदेश में स्पष्ट किया है कि जिन मरीजों को इन दवाओं के कारण कोई भी दुष्प्रभाव हुआ है, उनकी रिपोर्ट तत्काल एक समिति के सामने प्रस्तुत की जाए।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग सबको न बताएं तो सफलता जरूर हासिल होगी। आज अपने बनाये हुये प्लान पर कार्य करेंगे तो आपके सोचे हुए सारे काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें।

**वृष :** आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले शुरू किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा, जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात क़ाबू में रखें फायदा होगा। दिक्कतों का तेज़ी से मुक़ाबला करने की क्षमता आपको ख़ास पहचान दिलाएगी।

**मिथुन :** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायंगे, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज ख़र्च में इज़ाफ़ा बचत को ज़्यादा मुश्किल बना देगा।

**कर्क :** आज किस्मत आपका पूरा साथ देगा। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। किसी नये काम की शुरुआत करना आपके लिये लाभदायक रहेगा। धनलाभ के नये आसार बनेंगे।

**सिंह :** आज आपका दिन शानदार रहने वाला हैं। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नति का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आयेंगे।

**कन्या :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। स्वास्थ्य आज थोड़ा डाउन हो सकता है, लेकिन समय से देखभाल करने से जल्द ही ठीक हो जायेगा। अगर आप यात्रा कर रहें है तो सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ रखना न भूलें। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा।

**तुला :** आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज आप में प्रेरणा अधिक रहेगी। इस राशि के विवाहित आज समारोह में जायेंगें। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। किसी नये व्यापार में माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है।

**वृश्चिक :** आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिये आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। पुरानी टेंशन आज खत्म होगी। इस राशि जो लोग पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े हैं उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है।

**धनु :** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर होगी। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीज़ें सुधर रही हैं। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मज़ाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी हो सकती है। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें।

**मकर :** आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ है। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आजआपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है।

**कुंभ :** आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा। अचानक धनलाभ होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। सुबह-सुबह व्यायाम करने से सेहत अच्छी बनी रहेगी। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न हो जायेगा।

**मीन :** आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। कोई रुका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परिक्षा से संबंधी कोई शुभ समाचार मिलने वाला है।

## चिदंबरम का कबूलनामा, ऑपरेशन ब्लू स्टार एक गलती थी

# इंदिरा गांधी ने जान देकर चुकाई इसकी कीमत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निर्देश पर चलाए गए ऑपरेशन ब्लू स्टार को गलत तरीका बताया है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस नेता को अपनी जान देकर इसकी कीमत चुकानी पड़ी। चिदंबरम शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कसौली में आयोजित खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में पत्रकार हरिंदर बावेजा की पुस्तक 'दे विल शूट यू, मैडम' पर एक चर्चा का संचालन कर रहे थे।

### चिदंबरम ने कहा, 'सामूहिक निर्णय था, केवल इंदिरा गांधी दोषी नहीं'



पूर्व केंद्रीय गृह एवं वित्त मंत्री ने स्वीकार किया कि ऑपरेशन ब्लू स्टार एक गलती थी, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सेना, पुलिस, खुफिया विभाग और सिविल सेवा का सम्मिलित निर्णय था, और इसके लिए केवल इंदिरा गांधी को ही दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

उन्होंने कहा, 'स्वर्ण मंदिर को पुन: प्राप्त करने का यह गलत तरीका था... सभी उग्रवादियों को वापस लाने और पकड़ने का एक तरीका था। ब्लू स्टार गलत तरीका था।' चिदंबरम ने आगे कहा, 'मैं मानता हूं कि श्रीमती गांधी ने उस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई, लेकिन वह गलती सेना, पुलिस, खुफिया विभाग और सिविल सेवा का मिला-जुला फैसला था। हम इसके लिए सिर्फ़ श्रीमती गांधी को ज़िम्मेदार नहीं ठहरा सकते।'

### ऑपरेशन ब्लू स्टार के परिणाम

ऑपरेशन ब्लू स्टार 1 जून से 8 जून, 1984 के बीच चलाया गया था। इंदिरा गांधी सरकार ने यह कार्रवाई पंजाब में कट्टरपंथी प्रचारक जरनैल सिंह भिंडरावाले के नेतृत्व वाले अलगाववादी आंदोलन को कुचलने के प्रयास में की थी।भारतीय सेना ने सिख धर्म के सबसे पवित्र स्थलों में से एक, स्वर्ण मंदिर परिसर में धावा बोल दिया, जहां भिंडरावाले छिपे हुए थे। इस कार्रवाई में भिंडरावाले मारा गया, और अकाल तख्त को भारी नुकसान पहुंचा। सैन्य कार्रवाई, जिसके दौरान अकाल तख्त मलबे में बदल गया था, ने सिख समुदाय में भारी आक्रोश पैदा कर दिया था। कुछ महीनों बाद, इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के बाद समुदाय के खिलाफ व्यापक हिंसा हुई। सरकारी अनुमानों के अनुसार, दिल्ली और अन्य जगहों पर 3,000 से ज्यादा सिख मारे गए। कई कांग्रेस नेताओं पर इस हिंसा को भड़काने का संदेह था। कांग्रेस पार्टी को 1984 के दंगों को संभालने के तरीके को लेकर बार-बार आलोचना का सामना करना पड़ा है, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है, तो ज़मीन हिलती है वाली टिप्पणी भी शामिल है। भाजपा अक्सर 1984 के दंगों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधती रही है।

### ब्लू स्टार पर चिदंबरम के बयान पर राशिद अल्वी का पलटवार, पूछा-

# भाजपा के दबाव में हैं क्या?

**एजेंसी। नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी. चिदंबरम द्वारा 1984 के ऑपरेशन ब्लू स्टार को 'गलत तरीका' बताने और यह कहने कि इंदिरा गांधी ने इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकाई, पर पार्टी के भीतर तीखी प्रतिक्रिया हुई है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, पार्टी नेतृत्व उनकी इस टिप्पणी से नाराज है।

### राशिद अल्वी ने उठाए सवाल



चिदंबरम की टिप्पणी पर उनके ही पार्टी सहयोगी राशिद अल्वी ने सार्वजनिक रूप से सवाल उठाते हुए गंभीर आशंकाएं व्यक्त की हैं। अल्वी ने कहा कि चिदंबरम का बयान वही है जो भाजपा करती रही है, और उन्होंने चिदंबरम के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के कारण उन पर किसी दबाव की आशंका जताई।

कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा, 'ऑपरेशन ब्लू स्टार सही था या गलत, यह अलग बात है। लेकिन पी चिदंबरम को 50 साल बाद कांग्रेस पार्टी, यानी इंदिरा गांधी पर हमला करने और यह दावा करने की क्या जरूरत है कि उन्होंने गलत कदम उठाया? वह वही कर रहे हैं जो भाजपा और प्रधानमंत्री कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।'

अल्वी ने चिदंबरम पर निशाना साधते हुए कहा, 'चिदंबरम जी द्वारा कांग्रेस पार्टी पर बार-बार किए जा रहे हमले कई संदेह और आशंकाएं पैदा कर रहे हैं। उनके खिलाफ आपराधिक मामले अभी भी लंबित हैं। मुझे आश्चर्य है कि क्या उन पर कांग्रेस पार्टी पर हमला जारी रखने का कोई दबाव है? मुझे समझ नहीं आ रहा कि पिछले 11 सालों में भाजपा की कमियों को उजागर करने के बजाय चिदंबरम ऐसा क्यों कर रहे हैं।'

### कांग्रेस आलाकमान की नाराजगी

पार्टी के शीर्ष सूत्र ने चिदंबरम के बयान को 'अनुचित' बताया और कहा कि इससे पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। ग्रैंड ओल्ड पार्टी के एक शीर्ष सूत्र ने कहा, 'कांग्रेस आलाकमान से लेकर आम कार्यकर्ता तक, सभी परेशान हैं। कांग्रेस से सब कुछ पाने वाले एक वरिष्ठ नेता को सोच-समझकर बोलना चाहिए। बार-बार ऐसे बयान देना ठीक नहीं है जिससे पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़े।'

### चिदंबरम ने क्या कहा था?

चिदंबरम ने हिमाचल प्रदेश के कसौली में खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में पत्रकार हरिंदर बावेजा की पुस्तक 'दे विल शूट यू मैडम: माई लाइफ थ्रू कॉन्फ्लिक्ट' पर एक चर्चा के दौरान यह टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था, 'वह (ब्लू स्टार) स्वर्ण मंदिर को पुन: प्राप्त कराने का गलत तरीका था। गांधी ने उस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। यह सेना, पुलिस, खुफिया विभाग और सिविल सेवाओं का फैसला था। आप इसके लिए केवल श्रीमती गांधी को दोष नहीं दे सकते।'

### दुर्गापुर गैंगरेप मामले में नहीं बख्शे जाएंगे आरोपी

# दोषियों को मिलेगी सख्त सजा : ममता

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक निजी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। इस मामले पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।उन्होंने इस घटना पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हुए निजी मेडिकल कॉलेजों को अपनी छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी लेने की बात कही।सीएम ममता बनर्जी ने कहा, "लड़की एक निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी। इसकी जिम्मेदारी किसकी है? निजी मेडिकल कॉलेजों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने छात्रों, खासकर छात्राओं की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। रात में उन्हें बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।"उन्होंने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है और अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जोर देकर कहा कि पश्चिम बंगाल में ऐसी घटनाओं के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती है और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। ममता बनर्जी ने इस घटना को वन क्षेत्र में हुई बताते हुए कहा कि लड़की एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी। वह रात के 12.30 बजे कैसे बाहर आई? जहां तक मुझे पता है, घटना वन क्षेत्र में हुई थी। मुझे नहीं पता कि क्या हुआ।

### एमबीबीएस छात्रा से दरिंदगी में चार आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने दुर्गापुर में एक निजी मेडिकल कॉलेज की द्वितीय वर्ष की एमबीबीएस छात्रा के साथ हुए सामूहिक बलात्कार के मामले में जांच को गति देते हुए एक और व्यक्ति को हिरासत में लिया है। इसके साथ ही, इस मामले में कुल गिरफ्तार/हिरासत में लिए गए लोगों की संख्या चार हो गई है।

**आरोपियों की पहचान और कानूनी कार्रवाई :** पुलिस ने इस मामले में पहले ही तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया था, और अब चौथे व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों और हिरासत में लिए गए व्यक्ति - सभी स्थानीय निवासी बताए जा रहे हैं। आरोपियों के नाम, अपू बाउरी (21), फिरदौस सेख (23), सेख रियाजुद्दीन (31) और शेख सोफिकुल। अधिकारियों ने बताया कि इन सभी आरोपियों और हिरासत में लिए गए व्यक्ति को आज (रविवार को) अदालत में पेश किया जाएगा।

**घटना के बारे में और परिवार का संदेह :** ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली 23 वर्षीय यह छात्रा दुर्गापुर के शिवपुर इलाके में स्थित आईक्यू सिटी मेडिकल कॉलेज में पढ़ती है। अधिकारियों के अनुसार, घटना शुक्रवार रात की है, जब छात्रा अपने एक पुरुष मित्र के साथ कॉलेज परिसर के बाहर गई थी। आरोप है कि कॉलेज के गेट के पास कुछ लोग उनके पास आए और छात्रा को कॉलेज परिसर से लगभग 1 किलोमीटर दूर एक सुनसान इलाके में घसीट कर ले गए, जहाँ उन्होंने उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया और फिर फरार हो गए।

### बॉर्डर पर बीएसएफ ने 2.82 करोड़ रुपए के सोने के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर सोने की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 2.82 करोड़ रुपए कीमत के 20 सोने के बिस्किट मिले, जिन्हें जब्त कर लिया गया। यह जानकारी बीएसएफ अधिकारियों ने रविवार को दी। बीएसएफ ने एक बयान में कहा, "पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर होरंदीपुर सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ की दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 32वीं बटालियन के जवानों ने एक भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया।" सटीक और विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर जवानों ने कुल 2332.66 ग्राम वजन के बिस्किट बरामद किए। शनिवार रात होरंदीपुर सीमा चौकी पर तैनात 32वीं बटालियन के जवानों को गोपनीय सूत्रों से विश्वसनीय सूचना मिली कि भारत-बांग्लादेश सीमा के पास मुस्लिमपारा गांव का एक व्यक्ति बांग्लादेश से लाए गए सोने की तस्करी करने की योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के लिए कहा गया।

# बिहार चुनाव से पहले एनडीए में जोश भरेंगे पीएम मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अक्टूबर को शाम 6 बजे बिहार में एनडीए के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। इसके साथ ही वह 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान के तहत कार्यकर्ताओं से जुड़ेंगे और बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए जीत का मंत्र भी देंगे। इसकी जानकारी पीएम मोदी ने खुद सोशल मीडिया के माध्यम से दी।

इसके साथ कार्यकर्ता अपने सुझाव पीएम मोदी के साथ नमो ऐप के जरिए साझा कर सकते हैं। सुझाव देने वाले कुछ कार्यकर्ताओं को पीएम मोदी से नमो ऐप के माध्यम से संवाद करने का सीधा मौका भी मिल सकता है।

पीएम मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''बिहार में भाजपा-एनडीए की विजय के लिए हमारे समर्पित कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ जुट चुके हैं। ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं से संवाद हमेशा नई प्रेरणा देता है। 15 अक्टूबर को मुझे ऐसे ही कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करने का अवसर मिलेगा।''

उन्होंने आगे लिखा, ''मेरा आग्रह है, आप सभी 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान से जुड़ें और अपने सुझाव आज ही साझा करें। चुने गए कुछ कार्यकर्ताओं से उनके सुझावों पर मैं सीधे उनके साथ चर्चा भी करूंगा।''बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए और महागठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। एनडीए और इंडी गठबंधन चुनाव में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इसके साथ ही दोनों ही गठबंधन प्रदेश में अपनी-अपनी सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं। इसके अलावा वे जनता को लुभाने के लिए कई बड़े-बड़े वादे भी कर रहे हैं। हालांकि दोनों ही गठबंधन में सीट बंटवारों को लेकर घमासान मचा हुआ है। उल्लेखनीय है कि बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर दो चरण में वोट डाले जाएंगे। पहले चरण के लिए 6 नवंबर को 121 सीटों पर मतदान होगा। वहीं दूसरे फेज में 122 सीटों पर 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इसके साथ ही चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

**आलोचना** भारत की संस्कृति और जीवन मूल्यों से राहुल गांधी का नहीं है वास्ता : केंद्रीय मंत्री

# पीएम मोदी का हर क्षण राष्ट्रसेवा को समर्पित: शिवराज

- **भारत की संस्कृति और जीवन मूल्यों से राहुल का कोई वास्ता नहीं दिखता**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राहुल गांधी की विदेश यात्रा को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राहुल गांधी बिहार में चुनाव छोड़कर विदेश चले जाते हैं। वे देश में कम और विदेशों में ज्यादा रहते हैं। भारत की संस्कृति और जीवन मूल्यों से उनका कोई वास्ता नहीं दिखता। शिवराज सिंह ने कहा कि अगर राहुल का वास्ता भारत की संस्कृति और जीवन मूल्यों से होता तो वे विदेश जाकर भारत की आलोचना नहीं करते। दुनिया का कोई भी नेता ऐसा नहीं करता जो अपने देश से बाहर जाकर उसका अपमान करे, लेकिन राहुल गांधी देश को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। बिहार चुनाव पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में विकास का स्वागत हो रहा है। मखाना बोर्ड जैसी संस्थाओं का गठन हो या आम आदमी की जिंदगी को बेहतर बनाने की दिशा में उठाए गए कदम, डबल इंजन की सरकार ने हर मोर्चे पर काम किया है। लोगों को इसका लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी। रात में अधिकारियों की अचानक बैठकों पर सवाल उठाए जाने पर शिवराज सिंह चौहान ने साफ कहा कि किसानों की सेवा ही हमारे विभाग का उद्देश्य है। 'अन्नदाता देवो भवः' हमारी भावना है। जब भी किसानों को जरूरत होती है, हम तुरंत उनकी समस्या सुलझाने की कोशिश करते हैं। हम एकीकृत कॉल सेंटर की कल्पना कर रहे हैं, जहां किसान अपनी शिकायतें दर्ज कर सकें और हम उनमें से तत्काल समाधान योग्य समस्याओं का हल करें। राज्य सरकार से जुड़ी समस्याओं को वहां तक पहुंचाएं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 साल की राजनीतिक यात्रा पर अधिकारी ने कहा कि पीएम मोदी का हर क्षण भारत माता की सेवा के लिए समर्पित है। लगातार 24 वर्षों तक राज्य और केंद्र की जिम्मेदारी संभालना साधारण बात नहीं है।


### एफपीओ से जुड़े 52 लाख से ज्यादा किसान

**नई दिल्ली।** देश में आज 52 लाख से ज्यादा किसान एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन) से जुड़ चुके हैं और इससे किसानों को फसल का बेहतर दाम पाने और उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिल रही है। यह जानकारी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की ओर से दी गई। "देश में एफपीओ की संख्या 1,100 से अधिक हो गई है और इनसे 52 लाख से ज्यादा किसान जुड़े हैं। इनका टर्नओवर 15,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। एफपीओ किसानों को बेहतर दाम दिलाने और उनकी उत्पादकता बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। हम इसे और ज्यादा किसानों तक पहुंचाना चाहते हैं।" एफपीओ किसान उत्पादकों द्वारा बनाया गया एक सामूहिक संगठन है जो विभिन्न प्रकार से छोटे और सीमांत की मदद करता है। एफपीओ किसानों को थोक इनपुट खरीद की सुविधा, बेहतर सौदा करने की क्षमता और उपज का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करने में मदद करता है। सरकार की ओर से फरवरी 2020 के बजट में देश में 10,000 एफपीओ बनाने का ऐलान किया गया था। इसके लिए 6,865 करोड़ रुपए का बजट अगले पांच वर्षों के लिए निर्धारित किया गया था। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 25 में 340 एफपीओ की बिक्री 10 करोड़ रुपए को पार कर गई है। वहीं, 1,100 से अधिक किसानों की बिक्री एक करोड़ रुपए से अधिक रही थी।

# एआई से जुड़े खतरों से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट में सलाहकार समिति बनाने का प्रस्ताव

## बालिकाओं की सुरक्षा के लिए तकनीकी बदलावों के प्रभाव का अध्ययन जरूरी

- 24 घंटे बाल यौन शोषण सामग्री की रिपोर्टिंग और राष्ट्रीय निगरानी प्रणाली को अनिवार्य करने की आवश्यकता जताई
- जस्टिस नागरत्ना ने सुप्रीम कोर्ट से एआई साइबर अपराध सलाहकार समिति बनाने पर विचार करने को कहा


एआई जेनरेटेड

**यह समिति एआई और अन्य तकनीकी बदलावों के बालिकाओं पर प्रभाव का अध्ययन करेगी**

**उन्होंने उचित प्राधिकरणों को कानून बनाने की दिशा में तेजी से कदम उठाने का सुझाव दिया**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने रविवार को कहा कि डीपफेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित बाल शोषण जैसी नई चुनौतियों से निपटने के लिए उचित प्राधिकरणों को जल्द कानून बनाने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। वह सुप्रीम कोर्ट की जुवेनाइल जस्टिस कमेटी और यूनिसेफ इंडिया की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय वार्षिक परामर्श बैठक के समापन सत्र को संबोधित कर रही थीं। इस कार्यक्रम का विषय 'बालिका की सुरक्षाः भारत में उसके लिए एक सुरक्षित और सक्षम वातावरण की ओर' था। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि डिजिटल और साइबर स्पेस, खासकर एआई, बालिकाओं के लिए अवसरों के साथ-साथ खतरों का भी कारण बन रहा है। उन्होंने कहा, डीपफेक और एआई-सक्षम बाल शोषण से जुड़े मामलों के लिए कानून बनाना अब समय की मांग है। साथ ही, 24 घंटे बाल यौन शोषण सामग्री की रिपोर्टिंग, आयु-पुष्टि और राष्ट्रीय स्तर पर निगरानी प्रणाली को भी अनिवार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने ने यह भी सुझाव दिया कि सुप्रीम कोर्ट एआई साइबर अपराध सलाहकार समिति बनाने पर विचार कर सकता है, जो यह अध्ययन करेगी कि एआई और अन्य तकनीकी बदलाव बालिकाओं को किस प्रकार प्रभावित करते हैं और उन्हें कैसे रोका जा सकता है।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि न्यायपालिका में एआई से जुड़े खतरों पर प्रशिक्षण और क्षमता-विकास कार्यक्रमों को देशभर में लागू किया जाना चाहिए ताकि न्यायिक अधिकारियों को इन नई चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार किया जा सके। अंत में उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या और शिशु हत्या की रोकथाम के लिए मौजूदा कानूनों का कड़ाई से पालन और निगरानी बेहद जरूरी है।

# भारत ने काबुल में दूतावास फिर से खोलने का किया निर्णय...

## मुत्ताकी ने जयशंकर के फैसले की सराहना की, अफगान राजनयिक जल्द दिल्ली पहुंचेंगे

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने कहा कि उन्होंने भारत को अफगानिस्तान के खनिज, स्वास्थ्य और खेल क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया है, ताकि द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। इसके साथी अफगानिस्तान ने भारत से वाघा बॉर्डर खोलने की भीअपील की है। ताकि व्यापार में तेजी आ सके। नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुत्ताकी ने कहा कि चर्चा में चाबहार बंदरगाह के सर्वोत्तम उपयोग और क्षेत्रीय व्यापार को प्रभावित करने वाले प्रतिबंधों से निपटने के उपायों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने आगे कहा कि अफगानिस्तान ने वाघा सीमा को खोलने का भी अनुरोध किया है और उन्होंने इसे भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे नजदीकी और सबसे तेज व्यापार मार्ग बताया है।

मुत्ताकी ने इस दौरान भारत की ओर से काबुल स्थित तकनीकी मिशन को दूतावास के रूप में शुरू करने के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसके अगले चरण में अब जल्द ही अफगान राजनयिक दिल्ली पहुंचेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनके इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। गौरतलब है, दूतावास बंद होने के बाद तालिबान ने मुंबई में वाणिज्य दूतावास के संचालन के साथ ही हैदराबाद वाणिज्य दूतावास को संचालित करने के लिए एक व्यक्ति की नियुक्ति की थी।

## पाकिस्तान को मुत्ताकी की दो टूक



एआई जेनरेटेड

- भारत ने काबुल में तकनीकी मिशन को अब दूतावास में अपग्रेड करने का फैसला लिया
- उन्होंने कहा कि अब जल्द ही अफगानिस्तान के राजनयिक भारत पहुंचेंगे

तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बहाने अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई को मुत्ताकी ने पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया। जवाबी कार्रवाई को पाकिस्तानी शरारत का जवाब बताते हुए उन्होंने कहा कि हम शून्य तनाव का समर्थन करते हैं। हालांकि अगर बातचीत से काम नहीं चलता तो हमें दूसरा रास्ता अपनाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई के बाद कई लोग पाकिस्तान से भाग गए थे। इन्हें हमारे शासन में आने से पहले अमेरिकी सेना ने शरण दी थी। हालांकि पाकिस्तान अब इस मामले में दुष्प्रचार कर रहा है, जबकि हकीकत यह है कि अफगानिस्तान में टीटीपी की कोई मौजूदगी नहीं है। मुत्ताकी ने कहा कि पाकिस्तान को समझना होगा कि हम अपनी संप्रभुता से समझौता नहीं करेंगे। उसे पता है कि बीते चार दशक में हमारे यहां सोवियत आए, अमेरिकी आए, नाटो आए, मगर हम फिर आजाद हैं, अपने पैरों पर खड़े हैं। पाकिस्तान को अपने अंदर झांकने की जरूरत है। उसे यह समझने की जरूरत है कि दोनों देशों की पहाड़ी कबायली इलाकों से गुजरने वाली 2500 किमी सीमा पर चंगेज खां, ब्रिटिश, अमेरिका, सोवियत संघ कोई नियंत्रण नहीं कर पाया।

## चीन में दुनिया की सबसे बड़ी अक्षय ऊर्जा प्रणाली स्थापित

**बीजिंग** । चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा कि औद्योगिक और ऊर्जा संरचनाओं का समायोजन बढ़ाने से अक्षय ऊर्जा का विकास करना होगा। 14वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान चीन में अक्षय ऊर्जा की स्थापित क्षमता का पैमाना तेजी से बढ़ रहा है। चीन में दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अक्षय ऊर्जा प्रणाली का निर्माण किया गया है। इससे चीन में ऊर्जा की सुरक्षित आपूर्ति और हरित व निम्न-कार्बन परिवर्तन का समर्थन किया गया। 14वीं पंचवर्षीय योजना की रूपरेखा में अक्षय ऊर्जा के विकास की दिशा स्पष्ट की गई। चीन में पवन ऊर्जा और फोटोवोल्टिक विद्युत उत्पादन के पैमाने में जोरदार वृद्धि की जाएगी। जलविद्युत ठिकानों के निर्माण में तेजी लाई जाएगी। अधिक बहु-ऊर्जा संपूरकता वाले स्वच्छ ऊर्जा आधारों का निर्माण किया जाएगा।

## नेपाली जेल से भागी पाकिस्तानी महिला त्रिपुरा में गिरफ्तार, जांच जारी

**अगरतला** । एक संदिग्ध पाकिस्तानी महिला को त्रिपुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार महिला ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह पाकिस्तान के शेखपुरा जिले की रहने वाली है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 50 वर्षीय महिला को शनिवार रात दक्षिणी त्रिपुरा के सबरूम रेलवे स्टेशन से राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने गिरफ्तार किया, जब वह कंचनजंगा एक्सप्रेस से वहां पहुंची थी। कंचनजंगा एक्सप्रेस सियालदह (कोलकाता) से बांग्लादेश सीमा पर स्थित सबरूम तक चलती है।




# अमेरिकी विवि में विदेशी छात्रों के प्रवेश पर प्रस्तावित 15% की सीमा से भारतीय छात्रों को लगेगा बड़ा झटका

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सरकार ने अमेरिका के 9 शीर्ष विश्वविद्यालयों (मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी , पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय, एरिज़ोना विश्वविद्यालय , ब्राउन विश्वविद्यालय, डार्टमाउथ कॉलेज, दक्षिणी कैलिफ़ोर्निया विश्वविद्यालय , टेक्सास विश्वविद्यालय , वर्जीनिया विश्वविद्यालय और वेंडरबिल्ट विश्वविद्यालय )को एक मसौदा प्रस्ताव भेजा है , जिसमें कहा गया है कि अगर वे संघीय अनुदानों के लाभ उठाना चाहते हैं, तो उन्हें निम्न शर्तें स्वीकार करनी होंगी:विदेशी छात्रों की कुल संख्या इन विश्वविद्यालय के कुल एडमिशन का 15% से अधिक नहीं हो सकती और किसी एक देश से आने वाले छात्रों की संख्या कुल प्रवेश की 5% से अधिक नहीं हो सकती। विश्वविद्यालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रवेश देने और वित्तीय सहायता देने में जाति, लिंग आदि के आधार पर भेद न हो।यह प्रस्ताव "कानून" नहीं है, बल्कि एक सशर्त वित्त पोषण समझौता जैसा है। यानी विश्वविद्यालयों को यह निर्णय करना होगा कि वे इस शर्त पर हस्ताक्षर करें या नहीं। यदि किसी विश्वविद्यालय ने यह स्वीकार किया, तो उस पर अनुदान या अन्य संघीय सहायता मिलने में प्राथमिकता दी जा सकती है।फिलहाल उक्त 9 विवि को यह प्रस्ताव भेजा गया है। ये सभी विश्वविद्यालय अनुसंधान प्रधान हैं और ये सभी संघीय अनुदान पर ज्यादा निर्भर हैं। प्रस्ताव पास हुआ तो किसी देश से 5% से अधिक छात्र न हों। यदि किसी देश, जैसे भारत, की आवेदकों की संख्या 5% की सीमा तक पहुँच जाए, तो अन्य योग्य छात्र भी निरस्त किए जा सकते हैं।

2024 में कुल अंतर्राष्ट्रीय छात्रों (F-1 और M-1 वीज़ा धारक) की संख्या 1,582,808 थी। इनमें से भारतीय छात्रों की संख्या 422,335 थी, यानी लगभग 27% ।यह 2023 की तुलना में 11.8% की वृद्धि थी।एशिया का योगदान लगभग 71.7% था (लगभग 1,134,953 छात्र)। 2025 की ताज़ा प्रवृत्ति में, मार्च 2024 से मार्च 2025 के बीच कुल अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की संख्या 11.53 लाख से घटकर 10.22 लाख हो गई (11.3% की गिरावट)। इसी अवधि में भारतीय छात्रों की संख्या लगभग 28% घटी, यानी 354,295 से घटकर 255,442। इसके अलावा, जनवरी 2025 से अब तक 4,736 SEVIS रिकॉर्ड और 300+ छात्र वीज़ा रद्द किए गए, जिनमें से लगभग 50% भारतीय छात्रों से संबंधित थे।MIT, Harvard, Stanford जैसे शीर्ष संस्थान पहले ही अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की हिस्सेदारी अधिक रखते हैं। यदि उन्हें 15% तक सीमित किया जाए, तो इन कॉलेजों तक भारतीय छात्रों का प्रवेश और भी कठिन हो जाएगा।महत्वपूर्ण यह है कि यह प्रस्ताव संघीय अनुदान के लाभ से जुड़ा है। यदि कॉलेज इसे स्वीकार नहीं करते, तो उन्हें कुछ अनुदान खोने की संभावना हो सकती है, जिससे प्रवेश प्रक्रिया में दबाव पड़ेगा।कॉलेज यह सोच सकते हैं कि बेहतर "रिटर्न" देने वाले छात्रों को प्राथमिकता दें — जैसे जो वे पूर्ण शुल्क दें, या जिनके पास अच्छे वित्तीय संसाधन हों। इसके कारण मोनिटरी (पैसे संबंधी) योग्यता अधिक महत्व पा सकती है।भारत से बहुत से छात्र स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित) या कंप्यूटर विज्ञान में जाते हैं — इन विषयों में प्रतिस्पर्धा तीव्र होगी। यदि 5% की सीमा भारत पर लागू हो, तो बहुत से योग्य छात्रों को अवसर नहीं मिलेगा। अध्यापकों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय छात्रों से मिलने वाली फीस (जो आमतौर पर बहुत अधिक होती है) कई विश्वविद्यालयों की आय का महत्वपूर्ण हिस्सा होती है। यदि छात्रों की संख्या कम होगी, तो कॉलेजों को शुल्क बढ़ाना पड़ सकता है।भारतीय छात्रों को संभव है कि अब अमेरिका की बजाय अन्य देशों जैसे कनाडा, यूके, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी आदि की ओर रुख करना पड़े — जहाँ अधिक लचीलापन हो।जैसा कि पिछले कुछ महीनों में देखा गया है, बहुत सी SEVIS रिकॉर्ड रद्द की गई हैं और वीज़ा रद्दीकरण हुआ है। यह डर भारतीय छात्रों में पहले से ही व्याप्त है।यदि विदेशी छात्रों की संख्या कम होगी, विशेष रूप से पीएचडी और शोध छात्र, तो अमेरिकी विश्वविद्यालयों की अनुसंधान परियोजनाओं पर असर हो सकता है। भारत और अमेरिकी विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग कम हो सकता है।यदि विश्वविद्यालयों ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया, तो भारतीय छात्रों को प्रवेश मिलने में और अधिक कठिनाई होगी।कॉलेजों की वित्तीय स्थिति और अनुसंधान गतिविधियों पर भी प्रभाव हो सकता है।भारत को संभव है कि छात्रों को अन्य देशों की ओर मार्गदर्शन करना पड़े — ऐसे देश जो अधिक लचीले नियम रखते हों।छात्रों को अब और भी बेहतरीन तैयारी करनी होगी — न सिर्फ परीक्षा-योग्यता, बल्कि अपनी विशिष्टता, अनुसंधान अनुभव और साक्षात्कार कौशल पर भी जोर देना होगा।



एआई जेनरेटेड

## 'अपने आप को हिंदू मत कहो...' मुहम्मद यूनुस ने बांग्लादेशी हिंदुओं पर हिंसा की खबरों को बताया झूठ

**एजेंसी । नई दिल्ली**



बांग्लादेश के बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मुहम्मद यूनुस ने बांग्लादेशी हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को झूठा बताया। इसके साथ ही उन्होंने भारत पर फेक न्यूज फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने बांग्लादेशी हिंदुओं से कहा कि मत कहो कि मैं हिंदू हूं, मेरी रक्षा करो। दरअसल, अमेरिकी पत्रकार मेहंदी हसन ने मुहम्मद यूनुस से एक इंटरव्यू के दौरान पूछा कि पिछले साल नवंबर में करीब 30 हजार हिंदू आपके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे। आपकी सरकार में उनके खिलाफ हिंसा हुई। यहां तक कि डोनाल्ड ट्रंप ने इसके लिए "बर्बरता" शब्द का इस्तेमाल किया। क्या यह आपके नियंत्रण में है? इस पर मुहम्मद यूनुस ने बांग्लादेशी हिंदुओं के खिलाफ हुई हिंसा को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा, "सबसे पहली बात ये है कि ये सभी खबरें झूठी हैं।" जब अमेरिकी पत्रकार ने उनसे पूछा कि "मैंने डोनाल्ड ट्रंप के शब्द आपको बताए और आप इसे फेक न्यूज बता रहे हैं," तो उन्होंने कहा कि "क्या डोनाल्ड ट्रंप को मालूम है कि बांग्लादेश में इस वक्त क्या चल रहा है? अमेरिकी पत्रकार ने अपने सवाल को दोहराते हुए पूछा कि क्या आप ये कह रहे हैं कि बांग्लादेश में कोई हिंसा नहीं हुई? इस पर मुहम्मद यूनुस ने भारत पर फेक न्यूज फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारत की खासियत है फेक न्यूज फैलाना। झूठी खबरों की बारिश हो रही है। भारत इस चीज को लेकर लगातार माहौल बनाने की कोशिश करता है।

### ट्रंप की इजरायल यात्रा से पहले बढ़ी कूटनीतिक हलचल

## नेतन्याहू बोले- 'शांति की राह बहुत कठिन, लेकिन मुमकिन'

**एजेंसी । तेल अवीव**

इजरायल के रक्षा मंत्री, इजराइल काट्ज ने उस चुनौती का जिक्र किया है जो उनके मुताबिक किसी भी मायने में कम नहीं है। काट्ज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में कहा है कि इस हफ्ते इजरायली बंधकों की रिहाई के बाद उनके देश के लिए "बड़ी चुनौती" "गाजा में हमास की सभी आतंकी सुरंगों को नष्ट करना" होगी। काट्ज ने लिखा, "बंधकों की वापसी के बाद इजरायल के लिए सबसे बड़ी चुनौती गाजा में हमास की सभी आतंकी सुरंगों को नष्ट करना होगा; यह काम सीधे आईडीएफ और संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व और पर्यवेक्षण में स्थापित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय तंत्र के माध्यम से किया जाएगा। गाजा के विसैन्यीकरण और हमास के हथियारों को निष्क्रिय करने के सहमत सिद्धांत को लागू करने का यही प्राथमिक महत्व है।

मैंने आईडीएफ को इस मिशन को अंजाम देने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है। गाजा शांति योजना के लिए 13 अक्टूबर का दिन खास होगा। गाजा शांति योजना के तहत इसी दिन हमास बंधकों को रिहा करेगा। इस ऐतिहासिक मौके पर ट्रंप भी इजरायल में ही होंगे।

## जापानी शोधकर्ताओं का दावा,'42 वर्षों में ग्रीष्मकाल तीन सप्ताह लंबा हुआ'

**टोक्यो।** जलवायु परिवर्तन का असर जापान के मौसम पर भी पड़ा है। ये दावा एक विश्वविद्यालय अनुसंधान समूह की रिपोर्ट करती है। इसमें बताया गया है कि 1982 से 2023 तक 42 वर्षों में जापान में ग्रीष्मकाल लगभग तीन सप्ताह लंबा हो गया है। क्योदो न्यूज एजेंसी ने 'मी विश्वविद्यालय' समूह के हवाले से बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण, ग्रीष्मकाल के रूप में वर्गीकृत दिनों की संख्या हर साल बढ़ी है, जबकि शीतकाल में कोई बदलाव नहीं हुआ, और वसंत और पतझड़ की औसत अवधि कम हो गई है। समूह ने "ग्लोबल वार्मिंग के कारण समुद्र की सतह के तापमान में वृद्धि" को मुख्य कारक बताया और चेतावनी दी कि "यदि ऐसा जारी रहा तो ये प्रवृत्ति और तेज हो जाएगी। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ग्रीष्मकाल को जून से अगस्त तक की अवधि के रूप में परिभाषित करती है, लेकिन तापमान की सीमा नहीं बताती।

कहानी फिल्म जगत की


### भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने तोड़ी चुप्पी

## नहीं लड़ेंगे बिहार विस चुनाव अटकलों पर लगा विराम...

*2024 के लोस चुनाव में उन्होंने काराकाट सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे*



भोजपुरी फिल्मों के मशहूर अभिनेता पवन सिंह ने शनिवार को घोषणा की कि वह बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, बल्कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक ''सिपाही'' के रूप में पार्टी के साथ जुड़े रहेंगे। सिंह का यह बयान ऐसे समय आया है जब ऐसी अटकलें थीं कि पवन सिंह भोजपुर जिले की सात विधानसभा सीटों में से किसी एक विशेषकर आरा या बड़हरा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। हाल ही में उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के प्रमुख तथा राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा से मुलाकात की थी जिसके बाद ही अटकलों को बल मिला था। पवन सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं, पवन सिंह, अपने भोजपुरी समाज को यह जानकारी देना चाहता हूं कि मैं विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी (भाजपा) में शामिल नहीं हुआ था और न ही मैं चुनाव लड़ना चाहता हूं। मैं पार्टी का एक सच्चा सिपाही हूं और आगे भी रहूंगा।'' उन्होंने अपने पोस्ट में अमित शाह के साथ अपनी एक तस्वीर भी साझा की। पवन सिंह ने 2024 के लोकसभा चुनाव में काराकाट सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में किस्मत आजमाई थी, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली थी। इस सीट से सीपीआई (एमएल) लिबरेशन के राजा राम कुशवाहा विजयी हुए थे।...



## रांची में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की झारखंड इकाई की हुई बैठक

# आरक्षण आर्थिक आधार पर हो : कमलेश सिंह

- बिनय सिंह बोले, क्षत्रिय समाज को पीछे धकेलने का अर्थ है देश को पीछे धकेलना
- सूरजदेव सिंह ने कहा, संगठन को गांव-गांव तक ले जाने की जरूरत है



### विस्तारित कमेटी के नए पदाधिकारी

**संरक्षक :** डीके सिंह, प्रतुल शाहदेव, भोला सिंह, चंद्रकांत रायपत, अविनाश सिंह, बिनोद सिंह, रामबाबू सिंह, संजय सिंह, डॉ अभिषेक सिंह।
**प्रदेश उपाध्यक्ष :** प्रदीप सिंह, दीपक सिंह एवं दिवाकर सिंह।
**प्रदेश सचिव :** मुकेश सिंह, नितेश सिंह, चंदन सिंह, संतोष सिंह, राजकमल सिंह, करण प्रताप सिंह, प्रेम शंकर सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह एवं बजरंग सिंह।
**प्रदेश कार्यसमिति सदस्य :** सुनील सिंह, संजय सिंह, महाराणा प्रताप सिंह, राजू सिंह, रितेश सिंह, आदर्श सिंह, नरेंद्र सिंह, बलराम सिंह, उदय सिंह, राजन सिंह, समरेश सिंह।
**महिला मोर्चा की सचिव :** सीमा सिंह एवं सुधा सिंह।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आज से 128 साल पहले राजा बलवंत सिंह द्वारा गठित संगठन 'अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा' की झारखंड इकाई की बैठक रविवार को हरमू स्थित बाबू कुंवर सिंह पार्क में समाज के अग्रज डीके सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विषय प्रवेश कराते हुए संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ललन सिंह ने पांच प्रस्ताव रखे। पहला प्रस्ताव झारखंड क्षत्रिय आयोग का गठन किया जाए। दूसरा क्षत्रिय समाज के महापुरुषों के नाम पर शिक्षण संस्थान और स्मारकों का नामकरण हो, तीसरा क्षत्रिय समाज का हर राजनीतिक दलों में राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित हो, चौथा राज्य की राजधानी सहित सभी जिलों में क्षत्रिय छात्रावास का निर्माण सरकार की तरफ से किया जाए और पांचवां ईडब्ल्यूएस के तहत सवर्ण समाज को दी जाने वाली आरक्षण की नीति को और अधिक सरल बनाया जाए, ताकि इसका लाभ समाज के गरीब परिवार के लोग उठा सकें। उन्होंने कहा कि एसटी/एसी एक्ट 1989 में एक विशेष प्रावधान सेक्शन 18 दिया गया है, जिसके कारण समाज में आपसी वैमनस्यता बढ़ गई है। उसमें सुधार किया जाना चाहिए। बैठक में संगठन को विस्तार दिया गया। साथ ही, सभी नए सदस्यों को माला पहना कर एवं नियुक्ति पत्र देकर स्वागत किया गया। संगठन के संरक्षक पूर्व मंत्री कमलेश सिंह ने बैठक में रखे गए पांच मांगों का समर्थन करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने आरक्षण पर बोलते हुए कहा कि आज समय आ गया है कि आरक्षण का लाभ देश के अंतिम पायदान पर बैठे हर कमजोर और जरूरतमंद व्यक्ति को मिल सके। इसे लेकर आज हमारा संगठन बहुत गंभीर है। इसके लिए हम मांग करते है कि आरक्षण आर्थिक आधार पर हो न कि जाति या धर्म के नाम पर। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह ने सभी नियुक्त नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय टीम के निर्देशन में आप सभी लोगों को दायित्व दिया गया है। और, आप सभी के मेहनत और सहयोग से पूरे राज्य में हम सभी संगठन को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश की इतिहास को देखें, तो सबसे ज्यादा त्याग और बलिदान क्षत्रिय समाज ने ही दिया है। क्षत्रिय समाज को आज पीछे धकेल दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे ज्यादा सेवा, त्याग और बलिदान देने वाले समाज को पीछे धकेलने का मतलब है देश को पीछे धकेलना। प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह ने कहा कि आज हमारी जनसंख्या कम होने का मुख्य कारण है, देश की एकता और अखंडता के कारण लाखों क्षत्रिय समाज के हुतात्माओं का बलिदान। उन्होंने कहा कि आज हमारी लड़ाई और संघर्ष आर्थिक आधार पर आरक्षण देने की मांग को लेकर है। आर्थिक आधार पर पिछड़े देश का हर नागरिक को इसका लाभ मिल सके। एक बार आरक्षण का लाभ लेने वाले परिवार के अन्य सदस्य को आरक्षण से बाहर रखा जाए, ताकि सभी जरूरतमंद और कमजोर वर्ग को लाभ मिल सके। अगर ऐसा होता है, तभी सामाजिक न्याय हो सकेगा। बैठक को संबोधित करते हुए सूरजदेव सिंह ने संगठन को गांव-गांव तक ले जाने पर बल दिया। इसके लिए उन्होंने कहा कि हर जिले में एक-एक प्रभारी बनाया जाए और समाज के लोगों को एक सूत्र में बांधने की कोशिश की जाए। पांकी से मुकेश सिंह ने समाज में अपनी पुरानी परिवेश को वापस लाकर धर्म-कर्म से जोड़ने पर बल दिया, ताकि परिवार के सदस्यों को अच्छा संस्कार दिया जा सके। महिला मंच की अध्यक्षा मनीषा सिंह ने कहा कि हम सभी को संगठन को साथ लेकर चलना होगा। अगर हमारा लक्ष्य और कार्य करने का तरीका एक हो, तो हम जरूर सफल होंगे। हमें आपसी मतभेद को भूलाकर कार्य करना होगा, तभी समाज का भलाई कर सकते है। जब देश के क्षत्रिय संगठित होंगे, तभी देश मजबूत होगा। कार्यक्रम का संचालन ललन सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने किया। आज की बैठक में कमलेश सिंह, बिनय सिंह, ललन सिंह, डीके सिंह, राणा ऋषिकेश सिंह, सूरज शाहदेव, आदर्श सिंह, मनीषा सिंह, प्रतुल शाहदेव, भोला सिंह, चंद्रकांत रायपत, अविनाश सिंह, बिनोद सिंह, रामबाबू सिंह, संजय सिंह, डॉ अभिषेक सिंह, प्रदीप सिंह, यश प्रताप परमार, दीपक सिंह, चंदन सिंह, संतोष सिंह, बलराम सिंह, उदय सिंह, राजन सिंह, समरेश सिंह, महिला मोर्चा की सचिव के रूप में सीमा सिंह, सुधा सिंह उपस्थित थीं।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड में सूचना आयोग को पंगु बना दिया गया : प्रतुल शाहदेव



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के द्वारा सूचना अधिकार कानून के 20 वर्ष पूरे होने पर आयोजित प्रेस वार्ता पर पलटवार किया। प्रतुल ने कहा कि सूचना अधिकार कानून पर लंबा चौड़ा उपदेश देने से पहले उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि आखिर झारखंड में उनकी सरकार ने सूचना आयोग को पिछले साढे पांच वर्षों से क्यों पंगु बना दिया है? प्रतुल ने कहा की पिछले साढे 5 वर्षों से मुख्य सूचना आयुक्त सहित अन्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति नहीं की है। सूचना आयोग निष्क्रिय हो गया है। प्रतुल ने कहा कि इस से हास्यास्पद स्थिति क्या हो सकती है की सूचना अधिकार की बीसवीं जयंती पर आयोजित प्रेस वार्ता करने वाले ने यह नहीं बताया की झारखंड में उन्होंने इस कानून को क्यों दफन कर दिया है? प्रतुल शाह देव ने कहा कि कांग्रेस को याद रखना चाहिए कि सूचना का अधिकार लागू जरूर हुआ था, लेकिन यूपीए शासन में इसका सबसे ज्यादा दुरुपयोग और दमन हुआ।जब जब जनता ने आरटीआई के जरिए विभिन्न घोटालों, सोनिया गांधी के विदेशी ट्रस्ट, कांग्रेस और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के बीच में हुए डील, नेशनल हेराल्ड घोटाले की जानकारी मांगी तब कांग्रेस के नेताओं ने अदालत में जाकर सूचना रोकने के लिए आवेदन दिए थे। यही कांग्रेस का दोहरा चरित्र है। प्रतुल ने कहा कि व्हिस्ल ब्लोअर एक्ट कांग्रेस ने पारित किया जरूर, पर उसे 2014 तक लागू नहीं किया क्योंकि कांग्रेस पारदर्शिता से डरती थी। प्रतुल शाह देव ने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही पर बोलने का नैतिक अधिकार कांग्रेस ने बहुत पहले खो दिया है। जिस पार्टी के शासनकाल में 2G, जीजाजी, कोयला, कॉमनवेल्थ, नेशनल हेराल्ड जैसे घोटालों से देश शर्मसार हुआ, वह आज पारदर्शिता पर उपदेश दे रही है — यह अपने आप में सबसे बड़ा मज़ाक है।

### पांच हजार से अधिक घरों की बिजली काटे जाने पर अन्नावादी पार्टी ने जताया विरोध



**रांची।** राजधानी रांची में पांच हजार से अधिक घरों की बिजली काटे जाने पर अन्नावादी इंसाफ पार्टी ने कड़ा विरोध जताया हैं। केंद्रीय संयोजक अधिवक्ता कफीलूर रहमान ने कहा कि विभाग अंग्रेज बन गया है। संविधान और कानून से ऊपर उठ कर लोकतान्त्रिक मर्यादा का भी पालन नहीं किया जा रहा है। जिसे जनता कभी बर्दास्त नहीं करेगी। उन्होंने आगे कहा कि बिजली विभाग के इस अमानवीय विधि विरुद्ध कार्रवाई पर हेमंत सरकार अविलम्ब हस्तक्षेप करे और रांची एरिया बोर्ड के जनरल मैंनेजर को तत्काल पद से हटाया जाए। जिनके निर्देश से जनता की घरों की बिजली काटी जा रही है।श्री रहमान ने कहा कि जान बुझ कर स्मार्ट मीटर से अत्यधिक बिल भेजी जा रही है, ताकि जनता को प्रताड़ित व दवाव बना कर बिल के नाम पर अवैध वसूली की जा सके। जिसकी जांच सीबीआई से होनी चाहिए। विज्ञप्ति के माध्यम से यह भी मांग किया गया कि सरकार को घरेलु बिजली बिल राजस्व की प्राप्ति के लिए वैकल्पिक टैक्स की व्यवस्था करनी चाहिए। जिससे आम जनता पर घरेलु बिजली बिल का अत्याधिक बोझ समाप्त हो जाए। विभाग नहीं चेती तो पार्टी जल्द ही आगे की रणनीति बनाने हेतु एक बैठक बुलाएगी।

### हमर अधिकार मंच ने मनाया आरटीआई दिवस



**रांची।** हमर अधिकार मंच के बैनर तले आरटीआई दिवस मनाते हुए 12 अक्टूबर को आरटीआई कानून को लागू हुए 20 वर्ष पूर्ण हो गए। इस मौके पर आरटीआई रिसोर्स पर्सन सह वकील दीपेश निराला ने विभिन्न व्यक्तियों को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 कानून का प्रशिक्षण दिया। झारखंड में वर्ष 2022 के बाद से लेकर अब तक सूचना आयुक्त की नियुक्ति नहीं होने पर चिंता व्यक्त की गई, जबकि मार्च, 2025 में राज्य में नेता प्रतिपक्ष भी नियुक्त हो चुके हैं, इसके मद्देनजर उपस्थित लोगों ने सरकार से मांग किया कि जल्द से जल्द झारखंड में सूचना आयुक्त की नियुक्ति की जाए। इस वर्कशॉप में मुख्य रूप से दीपेश निराला, उमाशंकर सिंह, ओम प्रकाश उपाध्याय, राजकुमार, अपराजिता मिश्रा, ममता वर्मा, सुनीता मेहता, शिवानंद कांशी, राजेश कुमार, अजीत कुमार, राजीव राज, नवल किशोर लाल, चंद्रदेव कुमार गिरिडीह, पप्पू कुमार, हरेंद्र बहादुर सिंह, वेद प्रकाश साव, चंदन कुमार सिंह, बृजेश मिश्रा, आशीष कुमार जायसवाल, हरीश नागपाल, राजू रंजन मिश्रा, रिंकू तमांग, परमजीत कौर, साक्षी गोस्वामी, पिया बर्मन, दिलीप कुमार, दलबीर सिंह, विनोद जैन बेगवानी, रविंद्र मेहता, नेहा सिंह, सज्जन कुमार सिन्हा, डॉक्टर प्रशांत कुमार सिंह, मारिया साहेब, खुशबू सिंह, गायत्री कुमारी, सना सानया, नम्रता सोनी, मुकेश त्रिपाठी, अरविंद कुमार तिवारी, कविता होरो, और संतोष मृदुला उपस्थित हुए। मंच संचालन संतोष मृदुला ने किया और धन्यवाद ज्ञापन दलबीर सिंह ने दिया।

### बाइक व कार में टक्कर, दो घायल



**रांची।** स्मार्ट सिटी धुर्वा में रविवार को बाइक और कार में जोरदार टक्कर हुई। इस दौरान बाइक सवार बाप-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भेजा गया।

## नए चैप्टर 'बीसीआई अचीवर्स' का शुभारंभ

# नई कार्यकारिणी गठित हिमानी गुप्ता बनी अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बीसीआई टाइटेनियम की व्यापारिक बैठक रविवार को कांके रोड स्थित कोर्टयार्ड मैरियट होटल में हुई। बैठक में संगठन की नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। पुरानी टीम के उत्कृष्ट कार्यकाल को देखते हुए पुनः अध्यक्ष हिमानी गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. शिप्रा शाह, सचिव अनुज अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष संतोष सोनी को दोबारा चुना गया। बैठक में छह माह का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसमें 1 करोड़ 48 लाख के व्यापार का विवरण रखा गया। इस अवधि में सर्वाधिक योगदान द सेलर्स नोट रेस्टोरेंट एंड बार की संचालिका प्रियंका शास्त्री को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड चैंबर के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि तीन वर्ष पूर्व झारखंड चैंबर में एक छोटे पौधे के रूप में जन्मा बीसीआई आज 110 सदस्यों और दो चैप्टर के साथ एक वृहद वृक्ष का रूप ले चुका है। यह देखकर अत्यंत हर्ष होता है। झारखंड चैंबर का पूरा समर्थन बीसीआई के साथ रहेगा। विशिष्ट अतिथि झारखंड चैंबर के संयुक्त सचिव रोहित पोद्दार ने कहा कि झारखंड चैंबर और बीसीआई के दोनों संगठनों के बीच सदैव मधुर संबंध रहे हैं। हम मिलकर व्यापारियों के हित में नई रणनीतियां तय करेंगे।कार्यक्रम में मेंटर किशोर मंत्री ने नए चैप्टर "बीसीआई अचीवर्स" का उद्घाटन किया और इसकी बागडोर डॉ. संजीत कुमार को सौंपी गई। मौके पर बीसीआई के एमडी धीरज ग्रोवर ने कहा कि हम बीसीआई को एक परिवार की तरह मानते हैं, और सभी सदस्य एक-दूसरे पर विश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। दोनों चैप्टर मिलाकर बीसीआई ने छह माह में नौ करोड़ का व्यापार किया है। इस अवसर पर निदेशक शिवकुमार ने नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई तथा नए सदस्य सुमित मुंजाल को सदस्यता प्रदान की। बैठक में रमेश कुमार, शिवकुमार, धीरज ग्रोवर, किशोर मंत्री, आदित्य मल्होत्रा, रोहित पोद्दार, हिमानी गुप्ता, सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने घाटशिला विधानसभा उप चुनाव को लेकर की बैठक

# मतदाताओं के साथ सहृदयपूर्ण व्यवहार करें : के. रवि कुमार

- सभी मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैंप की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/घाटशिला।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि घाटशिला में प्रत्येक बूथ मॉडल बूथ के रूप में कार्य करेंगे। मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए गाइडलाइंस को फॉलो करते हुए मतदान हेतु सभी एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। श्री के. रवि कुमार घाटशिला अनुमंडल सभागार में 45–घाटशिला (अ.ज.जा.) विधानसभा उप चुनाव हेतु वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य में जीरो एरर के साथ कार्य करना है। मतदान हेतु प्रत्येक बिंदुओं पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत नियमावली बनाए गए है एवं हर कार्य हेतु मॉड्यूल एवं एसओपी बने हुए है, सभी पदाधिकारी अपने कार्यों के संपादन हेतु इन दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें।

के रवि कुमार ने कहा कि निर्वाचन कार्य को त्रुटि रहित बनाने हेतु एवं मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए तैयार दिशा–निर्देशों के अनुरूप ही पदाधिकारियों को ट्रेनिंग देना सुनिश्चित करें। सोशल मीडिया पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर विशेष ध्यान रखें। इस हेतु प्रतिनिधियों के सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर लें एवं उन्हें आदर्श आचार संहिता के क्या करें क्या न करें का बिंदुवार जानकारी उपलब्ध करा दें।

के. रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा हेतु ईवीएम पर लगने वाले मत पत्र में बदलाव किए है इसके तहत अब ईवीएम पर उम्मीदवारों के रंगीन फोटो के साथ–साथ उनके नाम और क्रम संख्या बड़े अक्षरों में अंकित होंगे। इस हेतु भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप ही कार्य करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को शिक्षित एवं प्रेरित करते हुए मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। घाटशिला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पूर्व के चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों को चिन्हित करते हुए विशेष स्वीप कार्यक्रम चलाए एवं मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य करें।

मौके पर आईजी ऑपरेशन माइकल राज, पूर्वी सिंहभूम जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, डीआईजी धनंजय कुमार, डीआईजी पुलिस मुख्यालय अश्विन कुमार, डीआईजी कोल्हान अनुरंजन किस्पोट्टा, एसएसपी पूर्वी सिंहभूम पीयूष पांडेय, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, देव दास दत्ता सहित घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ, एईआरओ, उप निर्वाचन आपदाधिकारी पूर्वी सिंहभूम सहित निर्वाचन कार्यालय एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अबुआ सरकार आदिवासी मूलवासी के लिए काम नहीं कर रही : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के गुड़ाबांदा के मैदान में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह उपचुनाव झारखंड को बचाने का चुनाव है। राज्य सरकार कहने को अबुआ सरकार है लेकिन आज आदिवासी ,मूलवासी सबसे ज्यादा पीड़ित है। कहा कि राज्य में बिचौलिए,दलाल, माफिया हावी हैं। भ्रष्टाचार चरम पर है। ऐसे में यह चुनाव राज्य को दलालों, बिचौलियों और माफियाओं से बचाने का चुनाव है। कहा कि विकास के काम पूरी तरह ठप्प हैं। जनता को अपना घर बनाने केलिए बालू तक नहीं मिल रहा। कहा कि झारखंड गठन के बाद जब उनके नेतृत्व में सरकार बनी तो जनता केलिए बालू फ्री कर दिया गया था लेकिन जब 2013 में हेमंत सोरेन जब मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने बालू घाटों को दिल्ली,मुंबई,बिहार से दलालों बिचौलियों को बुलाकर बालू घाट लूटने केलिए सौंप दिए। कहा कि आज जब कोई गरीब जनता नदी के बालू घाट से बालू उठाता है तो पुलिस उन्हें पकड़ती है। उन्होंने कहा कि घाटशिला की जनता उपचुनाव में यह संदेश देगी कि राज्य को अब दलालों बिचौलियों से बचाना है। कहा कि एक तरफ संसाधनों की लूट हो रही वही राज्य की डेमोग्राफी भी बदल रही। आज जो जनगणना के आंकड़े है वो कांग्रेस के शासन के हैं।जिसमें साफ साफ दिख रहा कि कैसे आदिवासियों की आबादी जो 1951 में 36% थी घटकर 26% हो गई।सनातनी हिंदू 88% से घटकर 81% हो गए और मुस्लिम आबादी 8.9% से बढ़कर 14.3% हो गई। कहा कि यह सामान्य वृद्धि नहीं है बल्कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण है जिसे यह सरकार संरक्षण दे रही। कहा कि भाजपा राज्य की माटी, रोटी और बेटी को बचाने केलिए संकल्पित है। उन्होंने पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं से जीत का संकल्प पूरा करने का आह्वान किया। कहा कि चाकुलिया के गांव में जहां मुस्लिम आबादी शून्य थी अब वहां भी मुस्लिम अपना आधार कार्ड बनवा रहे। यह सब एक सुनियोजित षड्यंत्र का परिणाम है। इस सम्मेलन में जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व विधायक खिजरी राम कुमार पाहन सहित सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जेडआरयूसीसी की बैठक कोलकाता में 15 अक्टूबर को

**नवीन मेल संवाददाता**



- नई रेल सेवाओं और परियोजनाओं पर होगी चर्चा

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता में बुधवार (15 अक्टूबर) को क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (जेडआरयूसीसी) की बैठक आयोजित की जा रही है। इस महत्वपूर्ण बैठक में रांची रेल मंडल, चक्रधरपुर रेल मंडल तथा आद्रा रेल मंडल के अंतर्गत नई रेल सेवाओं की शुरुआत, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और यात्री सुविधाओं के विस्तार जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस बैठक में जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी सक्रिय रूप से भाग लेकर रांची व चक्रधरपुर रेल मंडल के हित में नई ट्रेनों की शुरुआत व महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति दिलाने के लिए प्रयास करेंगे। जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने कहा कि बैठक में केंद्रीय मंत्री, लोकसभा एवं राज्यसभा सदस्य सहित समिति के सभी मेंबर शामिल होंगे। उम्मीद की जा रही है कि इस बैठक से रांची और चक्रधरपुर रेल मंडलों में विकास की गति और तेज होगी तथा नई परियोजनाओं को स्वीकृति मिलने के साथ नई रेल सेवाओं के प्रारंभ की संभावनाएं और मजबूत होंगी।

## विधानसभा नियुक्ति घोटाले की जांच जारी रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

# सीबीआई की याचिका पर फिलहाल सुनवाई को कोई तिथि निर्धारित नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सीबीआई (रांची) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर विधानसभा नियुक्ति घोटाले की जांच जारी रखने की अनुमति मांगी है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की याचिका पर फिलहाल सुनवाई को कोई तिथि निर्धारित नहीं की है। इस मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने सीबीआई को विधानसभा नियुक्ति घोटाले की जांच का आदेश दिया था। विधानसभा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर हाईकोर्ट द्वारा 23 अक्तूबर 2023 को दिए गए सीबीआई जांच के खिलाफ अपील दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने 14 नवंबर 2024 को विधानसभा की याचिका को स्वीकार करते हुए अगले आदेश तक सीबीआई जांच के आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद से विधानसभा नियुक्ति घोटाले की सीबीआई जांच बंद है। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दायर की है। इसमें हाईकोर्ट द्वारा विधानसभा नियुक्ति घोटाले की सीबीआई जांच के आदेश पर लगायी गयी रोक को हटाने का अनुरोध किया गया है। सीबीआई की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि झारखंड विधानसभा में नियुक्ति और प्रोन्नति में हुई गड़बड़ी की जांच के लिए राज्यपाल ने सात जुलाई 2014 को एक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन आदेश दिया था। इस एस सदस्यी न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट के आधार पर राज्यपाल ने सीबीआई जांच की अनुशंसा की थीएक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग ने 30 बिंदुओं की जाँच के बाद अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें विधानसभा के तत्कालीन अध्यक्ष के कार्यकाल में हुई नियुक्ति के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितता बरतने और इसमें घूस के लेनदेन का उल्लेख किया गया था। नियुक्तियों के दौरान हुई भ्रष्टाचार के मामले में एक सीडी भी न्यायिक आयोग के समक्ष पेश किया गया था। लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने एक सदस्यीय जांच आयोग की अनुशंसाओं के आलोक में कार्रवाई करने के बदले सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक दूसरे आयोग का गठन कर दिया। विधानसभा में हुई नियुक्तियों के दौरान गड़बड़ी और दो-दो न्यायिक जांच आयोग के गठन के मामले को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट ने इस जनहित याचिका के निपटाने के दौरान यह पाया था कि दूसरे आयोग का गठन सिर्फ पहले आयोग की जांच में मिली गलतियों पर पर्दा डालने के लिए किया गया था। हाईकोर्ट ने इस जनहित याचिका की सुनवाई के बाद 23 सितंबर 2023 को अपना फैसला सुनाते हुए सीबीआई को मामले की जांच का आदेश दिया था।हाईकोर्ट द्वारा दिये गये इस आदेश के आलोक में सीबीआई ने विधानसभा में नियुक्ति के दौरान हुई गड़बड़ी की जांच के लिए PE दर्ज कर प्रारंभिक जांच शुरू की थी। विधानसभा ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की। इसकी सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश पर रोक लगा दी थी। सीबीआई की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि विधानसभा में नियुक्तियों के दौरान भ्रष्टाचार और पद के दुरूपयोग के आरोप लगाये गये थे। हाईकोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति घोटाले से जुड़ी दोनो न्यायिक आयोगों की रिपोर्ट और राज्यपाल द्वारा दिये गये निर्देश को ध्यान में रखते हुए सीबीआई जांच का आदेश दिया था। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में यह कहा है कि पीई एक प्रारंभिक जांच है। इसमें पहले सिर्फ इत बात की जांच की जाती है कि नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के लगाए गए आरोप सही हैं या नहीं। पीई जांच पर लगाई गई रोक को हटाने से आगे की जांच के लिए तथ्यों के मिलने तक किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

## पृष्ठ एक के शेष

**लातेहार के अनित उरांव ने 80 मीटर...**
यह उपलब्धि हासिल की है। उनका यह प्रदर्शन झारखंड के लिए गर्व की बात है और आने वाले युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत साबित होगा। ज्ञात हो कि अनित उरांव बचपन से ही एथलेटिक्स में रुचि रखते हैं और लातेहार जिला एथलेटिक्स संघ के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर रहे हैं। अब उनकी नजर आगामी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक पर है।

**जदयू और भाजपा 101-101 सीटों...**
जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने भी सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर इस जानकारी को शेयर किया है। ज्ञात हो कि बिहार विधानसभा चुनाव में पहले चरण का मतदान 6 नवंबर 2025 को होगा। वहीं, दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर 2025 को होगा। मतगणना 14 नवंबर 2025 को होगी। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेतृत्व वाले एनडीए और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले महागठबंधन के बीच माना जा रहा है। महागठबंधन एनडीए का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस बार सत्ता से बेदखल करने की कोशिश कर रहा है। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, लोजपा (रामविलास) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा एनडीए में शामिल हैं। हालांकि, बिहार की चुनावी जंग में प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने भी राज्य की सभी 243 सीटों पर दावा ठोक दिया है।

# 10वीं आल इंडिया बुशिकान कप कराटे चैंपियनशिप संपन्न

**रांची।** इंटरनेशनल शोतोकान कराटे क्योकाई द्वारा आयोजित 10वीं आल इंडिया बुशिकान कप कराटे चैंपियनशिप कल देर रात कोयला नगर धनबाद स्थित नेहरू काम्प्लेक्स में संपन्न हो गया. चैंपियनशिप के दौरान सभी वर्गों में झारखण्ड टीम सर्वाधिक पदक के साथ ओवरआल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर अपना कब्ज़ा जमाया जबकि प. बंगाल तथा उत्तर प्रदेश की टीम क्रमशः दूसरे व् तीसरे स्थान पर रही. दिनांक 10 एवं 11 ओक्टुबर को आयोजित इस दो दिवसीय आमंत्रण कराटे चैंपियनशिप में दूसरे दिन 5 से 13 वर्ष तक के बालक एवं बालिकाओं की कुमिते एवं काता की स्पर्धाएं आयोजित हुई जिसमे सभी स्वर्ण पदक विजेताओं के नाम इस प्रकार हैः शिवांश बनर्जी, कुमार वात्सल्य तिवारी, इशिता पाल, अतिक्षा सिंह, अनीश नायक, यशस्व, पियूष कुमार, राजवीर गुप्ता, चिन्मय सिंह, निर्मल कुमार, विहान राज, ध्रुविंन बंसल, आर्यवीर सिंह, निशा रानी, श्रेया कंदपाल, शुभांगी माजी, अद्रिजा महथा, अर्विका, पारी चटर्जी, आव्या, हम्शिका अललुवाड़ा, अरणाश्री दासगुप्ता, अंश कुमार, ईशान विश्वजीत, शिवराज दास, कुमारी तन्वी, रौनक कुमार सत्यम, रिशु राज, शिवम् पासवान, अल्माज किस्कू, अजय मुर्मू, दिव्यांश जैसवाल, मुश्कान कुमारी, सानवी चौरसिआ, कौशिकी कृति, मनस्वी सिंह, सूर्यांश वर्मा, प्रियांशु दास, लक्ष्मी कुमारी, सान्वी, विनाया सिंह, प्रगति प्रिया, रेयान शमूएल लुगुन, पियूष कुमार, आर्शिव चक्रवर्ती, अंशुल कुमार, अभिषेक कुमार, कृतिका सिंह, सौर्य साहनी, अर्णव प्रकाश, आरव यादव, ईशान सरकार, अनु भारती, कुहू त्रिपाठी, आद्या बरनवाल, हविषा गोयनका, आरोही सिंह, आरोही यादव, ईवन एड्रिल लुगुन, आदित्य गुरुंग, देब्सेना, अदनान कुरैशी, अनिरुद्ध बिस्वास, आव्या यादव, आकांशा राज , कुमार वत्सल, उदित विश्वकर्मा, सनव नेओगी, रौनक कुमार सत्यम, मीमांसा सिंह, महिमा यादव, अनुष्का, आर्या चौधरी, अराध्या शर्मा, रौशनी कुमारी तथा अंचल शर्मा. प्रतियोगिता के अंत में सभी वर्ग के विजेताओं को दून पब्लिक स्कूल के उप निदेशक सुनील कुमार, इ.सी.एच.एस. की चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नेहा दास, धनबाद जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष एस.एम.हाशमी, कोषाध्यक्ष पवन बरनवाल, संयुक्त सचिव प्रियरंजन कुमार, कोयलांचल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन राहुल कश्यप, दिव्यांश सिंह, अनिल तुलस्यान, विकाश केशरी तथा इंटरनेशनल शोतोकान कराटे क्योकाई के अध्यक्ष रंजीत केशरी द्वारा पदक व् प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**झारखंड को ओवरआल चैंपियनशिप ट्रॉफी**

# वेस्टइंडीज ने 2 विकेट के नुकसान पर बनाए 173 रन

### स्कोर बोर्ड

| बल्लेबाज़ी | R | b | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| जॉन कैंपबेल | 87 | 145 | 9 | 2 |
| तेजनारायण चंद्रपॉल | 10 | 30 | 1 | 0 |
| ऐलेक ऐथनेज़ | 7 | 17 | 1 | 0 |
| शे होप | 66 | 103 | 8 | 2 |




भारत बनाम वेस्टइंडीज, दूसरा टेस्ट, तीसरा दिन

**नई दिल्ली।** कुलदीप यादव (पांच विकेट) रवींद्र जडेजा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने रविवार को दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को 248 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया है। इसी के साथ भारत ने पहली पारी के आधार पर 270 रनों की बढ़त हासिल कर ली और वेस्टइंडीज को फॉलोऑन दे दिया हैं ।भारत द्वारा फॉलोऑन दिए जाने के बाद वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 2 विकेट गंवा 173 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने कल के चार विकेट पर 140 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप (36) का विकेट मात्र 16 रन जोड़कर गंवा दिया। उन्हें कुलदीप यादव ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद टेविन इमलाक (21) और जस्टिन ग्रीव्स (17) को भी कुलदीप ने अपना शिकार बनाया। जोमेल वारिकन (एक) को मोहम्मद सिराज ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद खारी पिएर और एंडरसन फिलीप ने पारी को संभाला। वेस्टइंडीज ने लंच तक आठ विकेट पर 217 रन बना लिये थे और दोनों बल्लेबाजों के बीच लंच तक नौवें विकेट के लिए 42 रनों की साझेदारी हुई थी। लंच के बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को जसप्रीत बुमराह ने खारी पियर (23) को आउटकर भारत को नौवीं सफलता दिलाई। 82वें ओवर की पांचवी गेंद पर कुलदीप यादव ने जेडेन सील्स (13) को पगबाधा आउटकर वेस्टइंडीज की पहली पारी को 248 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत के लिए कुलदीप यादव ने 5 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा को तीन विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। उल्लेखनीय है कि भारत ने पहली पारी में यशस्वी जयसवाल (175) और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 129) की शतकीय पारियों के दम पर पांच विकेट पर 518 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी थी।

| भारत पहली पारी | वेस्टइंडीज़ पहली पारी | वेस्टइंडीज़ दूसरी पारी |
|---|---|---|
| 518/5d | 248/10 | 173/2 |



# वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स पर लगा भारी जुर्माना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स को भारत के खिलाफ यहां खेल जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन आईसीसी के लेवल एक आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उन्हें एक डिमेरिट अंक भी दिया गया है। यह घटना शुक्रवार को भारत की पहली पारी के 29वें ओवर में घटी जब सील्स ने गेंदबाजी करने के बाद गेंद को बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की ओर फेंक दिया जिससे गेंद उनके पैड पर लगी। आईसीसी ने कहा, 'सील्स को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी की ओर या उसके पास अनुचित या खतरनाक तरीके से गेंद (या किसी अन्य क्रिकेट उपकरण) फेंकने से संबंधित है।' इसके साथ ही सील्स के खाते में 24 महीनों की अवधि में कुल डिमेरिट अंक की संख्या अब दो हो गई है। किसी खिलाड़ी को अगर 24 महीनों में 24 या अधिक डिमेरिट अंक मिलते हैं तो उसे निलंबन का सामना करना पड़ सकता है। सील्स ने इस बार मैच रेफरी एंडी पाइकॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा को चुनौती दी जिसके चलते एक औपचारिक सुनवाई आयोजित की गई।

**आईसीसी ने अपने बयान में कहा,** 'सील्स ने तर्क दिया कि वह रन आउट करने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन मैच रेफरी ने कई अलग-अलग रीप्ले देखने के बाद निष्कर्ष निकाला कि वह थ्रो अनावश्यक और अनुचित था क्योंकि बल्लेबाज क्रीज के अंदर था और गेंद सीधे उसके पैड पर जा लगी।'

इस घटना की रिपोर्ट मैदान पर मौजूद अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ और पॉल रीफेल, तीसरे अंपायर एलेक्स व्हार्फ और चौथे अंपायर के.एन. अनंत पद्मनाभन ने की थी। आईसीसी ने स्पष्ट किया, 'लेवल 1 के उल्लंघनों में न्यूनतम सजा एक आधिकारिक चेतावनी होती है जबकि अधिकतम सजा में मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट अंक दिए जा सकते हैं।'

# एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**रांची।** इंस्टीट्यूट ऑफ शोटोकान कराटे यूनाइटेड झारखंड द्वारा एक दिवसीय स्पेशल कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रांची के मैंन रोड स्थित अंजुमन कम्युनिटी हॉल में संपन्न हुआ जिसमें 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया और एडवांस काता व कुमिते के तकनीक को बड़ी एंजॉय के साथ बारीकियों को सिखा और समझा ये प्रशिक्षण शिविर इसकु झारखंड के सचिव मोहम्मद इबरार कुरैशी के द्वारा संपन्न हुआ और इस प्रशिक्षण शिविर में सीनियर प्रशिक्षक नूर रजा, सोनू साहू, आरती कुमारी व कंचन कुमारी का प्रशिक्षण देने में सहयोग रहा। इस शिविर की चीफ गेस्ट श्रीमती निगार सुल्ताना समाज सेवी थी उन्होंने बच्चों को मोटीवेट किए और कहा कि कराटे प्रशिक्षण करने से बच्चें कराटे तो सीखते ही है साथ साथ बच्चें डिसिप्लिन और सेल्फ कॉन्फिडेंस आ जाता है। और उन्होंने कहा कि इस तरह का प्रोग्राम हमेशा होते रहना चाहिए बच्चे हमेशा सीखते रहेंगे, प्रशिक्षण के बाद बच्चों को सर्टिफिकेट वितरण हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप एम. डी. जमील अंसारी, शकील अंसारी, जैदी सर, राजीव रंजन सर, दीपक सर मौजूद थे।

# झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ की ए.जी.एम संपन्न, नई कार्यकारिणी का गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ की वार्षिक आम सभा (A.G.M) रविवार को रांची प्रेस क्लब में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें डॉ. राजेश गुप्ता को चेयरमैन, वेदांत कौस्तव को अध्यक्ष, राजेश कुमार को सचिव और कीर्ति कुमार को कोषाध्यक्ष के रूप में किया गया। बैठक में राज्य में थ्रोबॉल खेल के दीर्घकालिक विकास के लिए "लॉन्ग टर्म डेवलपमेंट प्रोग्राम" पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही हाल ही में रांची में आयोजित राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता की समीक्षा की गई और इसके सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित सदस्यों को धन्यवाद दिया गया। थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव संजीव कुमार बैठक में प्रवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे, जबकि दिल्ली से आए तकनीकी विशेषज्ञ कैलाश कुमार ने नई खेल नीति और संघ की संरचना में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। चेयरमैन डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है और थ्रोबॉल खेल को हर जिले के विद्यालयों और ग्रामीण इलाकों तक पहुँचाना संघ का प्रमुख लक्ष्य है। अध्यक्ष वेदांत कौस्तव ने कहा कि नई कार्यकारिणी राज्य के खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास और पारदर्शी खेल प्रबंधन पर काम करेगी।

# इंद्रजीत सिंह एशियन बेंचप्रेस में जीते दो स्वर्ण

**रांची।** झारखंड के प्रख्यात पावरलिफ्टर सरदार इंद्रजीत सिंह ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। हांगकांग में संपन्न एशियाई बेंच प्रेस प्रतियोगिता में मास्टर्स पुरुष वर्ग में इंद्रजीत सिंह बेस्ट लिफ्टर घोषित किए गए। इससे एक दिन पहले उन्होंने इसी प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 70 वर्ष आयु वर्ग में इक्विप्ड श्रेणी में 125 किलोग्राम वजन उठाया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत में 10.6 करोड़ घरों को मिल रही एलपीजी की सुविधा: हरदीप सिंह



**6.7 करोड़ लोग रोज ईंधन भरवाते हैं, जिससे भारत तीसरा सबसे बड़ा तेल और एलपीजी उपभोक्ता बना**

**चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक और रिफाइनिंग केंद्र है**

**1.3 अरब डॉलर से अधिक निवेश अपस्ट्रीम तेल-गैस सेगमेंट में हुआ**

**एक्सप्लोरेशन मंजूरी 18 की गई व्यापार में आसानी के लिए बड़ा कदम**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में 10.60 करोड़ घरों को किफायती एलपीजी की सुविधा मिल रही है और 6.7 करोड़ लोग देश में प्रतिदिन फ्यूल स्टेशन पर ईंधन भरवाते हैं, जो देश को दुनिया में तेल और एलपीजी का तीसरा सबसे बड़े कंज्यूमर बनाती है। यह बयान रविवार को केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की ओर से दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, " गहरे पानी में खोज से लेकर हरित हाइड्रोजन और बायोएनर्जी तक, भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहा है जो सुरक्षित, टिकाऊ और आत्मनिर्भर है।"केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश दुनिया में चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक और रिफाइनिंग केंद्र है, जहां प्रतिदिन 5.5 मिलियन बैरल तेल का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा, "ऊर्जा ईंधन से कहीं अधिक नए भारत की धड़कन है। यह उद्योगों को शक्ति देती है, लोगों को जोड़ती है और 1.42 अरब भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करती है।"इससे पहले, केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि तेल और गैस क्षेत्र में शुरू किए गए सुधारों से वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत का ऊर्जा क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "दुनिया ईंधन की अस्थिरता का सामना कर रही है, भारत सुधारों के साथ आगे बढ़ रहा है। देश की रिफाइनिंग क्षमता 215 से बढ़कर 258 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) हो गई है और जामनगर अब एशिया की सबसे बड़ी रिफाइनरी है, जो 100 से अधिक देशों को पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करती है।" अपस्ट्रीम ऑयल और गैस एक्सप्लोरेशन एवं प्रोडक्शन सेक्टर्स में हुए सुधारों पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) राउंड 10 ने आगे की खोज और उत्पादन के लिए 2.5 लाख वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को खोल दिया है। व्यापार करने में आसानी के लिए एक्सप्लोरेशन के लिए आवश्यक मंजूरी को भी 37 से घटाकर 18 कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि तेल की खोज और उत्पादन बढ़ाने के लिए अपस्ट्रीम सेगमेंट में 1.3 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत 2022 में लगभग दस लाख वर्ग किलोमीटर 'नो-गो' अपतटीय क्षेत्रों के उद्घाटन के साथ तेल और गैस की खोज में नए सिरे से वृद्धि देख रहा है।

# डॉ रेड्डी और जायडस ने खराब गुणवत्ता के बाद अमेरिका से वापस मंगाई दवाइयां

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दो बड़ी भारतीय दवा कंपनियां, डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज और जाइडस लाइफसाइंसेज, अमेरिका के बाजार से कुछ दवाइयां वापस मंगा रही हैं। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने बताया है कि इन दवाओं में निर्माण प्रक्रिया के दौरान कुछ समस्याएं पाई गई हैं। ऐसे में मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ये दवाएं वापस मंगाई जा रही हैं। डॉ. रेड्डी की अमेरिका में स्थित शाखा ने सक्सिनिलकोलाइन क्लोराइड इंजेक्शन की 571 शीशियों को वापस मंगाने का फैसला किया है। यह दवा मांसपेशियों को आराम देने के लिए इस्तेमाल होती है। यूएसएफडीए ने बताया कि छह महीने की जांच के दौरान दवा की गुणवत्ता मानकों से बाहर पाई गई, जिससे इस वापसी की प्रक्रिया शुरू की गई। अमेरिका भर में इस दवा के इस बैच को वापस मंगाया जा रहा है। यह मामला क्लास-2 रिकॉल के तहत है, जिसका मतलब है कि इस दवा के इस्तेमाल से अस्थायी या ठीक हो सकने वाली स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, लेकिन गंभीर स्वास्थ्य जोखिम बहुत कम हैं। इसी तरह, जाइडस लाइफसाइंसेज की अमेरिकी शाखा जाइडस फार्मास्युटिकल्स (यूएसए) ने भी 1,500 से ज्यादा डब्बों की एंटेकाविर टैबलेट्स वापस मंगाई हैं। एंटेकाविर एक एंटीवायरल दवा है, जो मुख्य रूप से क्रॉनिक हेपेटाइटिस बी नामक बीमारी के इलाज में काम आती है।



यूएसएफडीए ने बताया कि इस दवा में अशुद्धता और खराब होने से जुड़ी समस्याएं पाई गईं। इस कारण 912 बोतलें 0.5 मिलीग्राम और 600 बोतलें 1 मिलीग्राम की एंटेकाविर टैबलेट्स को बाजार से वापस मंगाया गया है। भारत में सबसे ज्यादा यूएसएफडीए मानकों के अनुरूप दवा बनाने वाली फैक्ट्रियां हैं, जो अमेरिका के बाहर स्थित हैं।

# स्वदेशी नेविगेशन ऐप 'मैपल्स' की सराहना के लिए मैपमाईइंडिया ने अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद दिया

**नई दिल्ली।** डिजिटल मैपिंग कंपनी मैपमाईइंडिया ने रविवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने हाल ही में एक ड्राइव के दौरान स्वदेशी नेविगेशन ऐप 'मैपल्स' का इस्तेमाल किया और इसके एडवांस फीचर्स की प्रशंसा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कंपनी ने कहा, "हमें वास्तव में गर्व है कि आपने 'मैपल्स' ऐप का इस्तेमाल किया और जंक्शन व्यू जैसी सुविधाओं की सराहना की, जो मैपमाईइंडिया मैप्स द्वारा संचालित वाहनों में पहले से इंस्टॉल आता है, जिसे भारत में ड्राइविंग को सुरक्षित, सुगम और स्मार्ट बनाने के लिए बनाया गया है।"मैपमाईइंडिया ने आगे कहा कि रेलवे मंत्रालय के साथ मिलकर अपनी मैपिंग और नेविगेशन तकनीक को रेलवे एप्लीकेशन में एकीकृत करना एक सौभाग्य की बात होगी, जो भारत के निर्बाध और इंटेलिजेंट डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विजन को सपोर्ट करता है।कंपनी ने कहा कि 35 मिलियन से अधिक डाउनलोड के साथ मैपल्स ऐप, स्वदेशी इनोवेशन में भारतीयों के विश्वास और गर्व को दर्शाता है। इससे पहले, वैष्णव ने अपनी कार में 'मैपल्स' ऐप का टेस्ट किया था और लोगों को विदेशी नेविगेशन टूल्स के स्वदेशी विकल्प को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया था।

# अरत्ताई की सफलता के बाद ज़ोहो मेल ट्रेंड में

**नई दिल्ली।** अभी हाल ही में ज़ोहो के अरत्ताई ऐप काफी सुर्खियों में रहा है। यह ऐप वॉटस्प को टक्कर देने के लिए स्वदेशी ऐप है। अरत्ताई के बाद से ज़ोहो ने अपना नया ईमेल प्लेटफॉर्म ज़ोहो मेल ट्रेंड में है। अब ये ऐप उन यूजर्ज के लिए पॉपुलर हो गया जो जीमेल के लिए प्राइवेट और एड-फ्री ऑप्शन की तलाश में हैं तो यह ऐप आपके लिए बेहतर हो सकता है। इस ज़ोहो मेल की सबसे बड़ी खासियत ये है कि यह पूरी तरह से एड-फ्री है- कोई पॉप-अप नहीं, न कोई टारगेटेड ऐड है, कोई डिस्ट्रैक्शन नहीं। यह एक बेहतर प्राइवेसी और क्लीन इनबॉक्स ऑफर करता है। इसके साथ ही ये मजबूत एन्क्रिप्शन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करती है ताकि आपका डेटा किसी थर्ड पार्टी अनऑथराइज्ड एक्सेस से सेफ रहे। अभी यह प्लेटफॉर्म प्रोफेशनल्स और छोटे बिजनेस के बीच लोकप्रिय है क्योंकि ये आपको अपने खुद के कस्टम डोमेन नेम का इस्तेमाल करने की सुविधा देता है।

**जीमेल से ज़ोहो मेल पर कैसे स्विच करें**

- यदि आप ज़ोहो मेल पर जाना चाहते हैं, तो इन स्टेप के जरिए जा सकते हैं।
- सबसे पहले ज़ोहो मेल की वेबसाइट पर जाएं और साइन अप करें।
- अब एक अकाउंट बनाएं। आप फ्री या पेड प्लान में कोई भी सेलेक्ट कर सकते हैं।
- इसके बाद मेल में जाकर सेटिंग्स अग्रेषण और पीओपी/आईएमपीए
- पर जाएं और आईएमपीए ऑन करें। इससे जोहो आपके ईमेल को सिक्योरली एक्सेस कर सकेगा।
- अब आप डेटा जोहो मेल में इंपोर्ट करें। इसके बाद सेटिंग्स आयात में जाकर माइग्रेशन विज़ार्ड का इस्तेमाल करें, जिससे आप अपने कॉन्टैक्ट्स, फोल्डर्स और ईमेल जोहो पर आसानी से पहुंच जाएं।
- जीमेल में ईमेल फॉरवर्डिंग सेट करें जिससे नए ईमेल आपके जोहो अकाउट पर आ जाएं और ट्रांसफर करते समय कोई भी मेल या मैसेज मिस न हो।